डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार । 05 जुलाई 2026 । वर्ष-32, अंक-259, पृष्ठ-12

आषाढ़ कृष्ण पक्ष 05, संवत 2083 । डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित । रजिस्ट्रेशन नं: 61316/94

मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

पेज 12

www.rastriyanaveenmail.com

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर






| मेदिनीनगर | गढ़वा |
|---|---|
| अधिक. 35.0° | अधिक. 36.0° |
| न्यून. 26.0° | न्यून. 29.0° |

## दृष्टिपात

### राज्य में तीन दिन भारी बारिश के आसार, येलो अलर्ट जारी

> वज्रपात की भी आशंका, मौसम विभाग ने दी लोगों को आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह

**रांची।** झारखंड में मानसून एक बार फिर सक्रिय है। मौसम विभाग ने राज्य के विभिन्न जिलों में 05 से 07 जुलाई 2026 तक भारी बारिश की संभावना जताते हुए 'येलो अलर्ट' जारी किया है। विभाग ने 08 जुलाई 2026 तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश के साथ वज्रपात (आकाशीय बिजली) की आशंका व्यक्त की है और लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

मौसम विभाग के अनुसार, रविवार (05 जुलाई) को राज्य के दक्षिण-पश्चिमी हिस्सों के गुमला, सिमडेगा, खूंटी और पश्चिमी सिंहभूम जिलों में कहीं-कहीं भारी वर्षा हो सकती है। वहीं, आगामी सोमवार (06 जुलाई) को सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, लातेहार, गढ़वा और पलामू जिलों में भारी बारिश की संभावना है इसी प्रकार, आगामी मंगलवार (07 जुलाई) को दक्षिण-पश्चिमी एवं इससे सटे मध्यवर्ती जिलों पश्चिमी सिंहभूम, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, लोहरदगा तथा रांची जिले के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग ने इन क्षेत्रों में जलभराव, तेज बहाव और वज्रपात की आशंका को देखते हुए लोगों को आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी है।

मौसम विभाग की ओर से कहा गया कि राज्यभर में 08 जुलाई तक रुक-रुक कर वर्षा होने और कई स्थानों पर वज्रपात की आशंका बनी रहेगी। इसे देखते हुए 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है।

शेष पेज 11 पर...

## आज कल




नेशनल स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन 8-9 जुलाई को, एआई पर फोकस

# दिल्ली में सीएम रखेंगे राज्य के डिजिटल विकास का खाका

- ड्राफ्ट एआई पॉलिसी 2026-31 पर भी की जाएगी चर्चा
- आईटी निवेश और एआई आधारित सुशासन का रोडमैप रखा जाएगा



नवीन मेल डेस्क

**रांची।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डिजिटल गवर्नेंस और आईटी निवेश के क्षेत्र में झारखंड राष्ट्रीय स्तर पर अपनी नई पहचान बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रहा है। नई दिल्ली में 8 और 9 जुलाई, 2026 को आयोजित नेशनल स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन 2026 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य का डिजिटल रोडमैप प्रस्तुत करेंगे। इस दौरान झारखंड की आईटी, आईटीईएस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल गवर्नेंस से जुड़ी भावी विकास रणनीति देश-विदेश के उद्योग जगत और नीति-निर्माताओं के समक्ष रखी जाएगी। राष्ट्रीय स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन का उद्देश्य झारखंड को भारत के एआई परिदृश्य में एक ऐसे राज्य के रूप में स्थापित करना है, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को केवल तकनीकी नवाचार के रूप में नहीं, बल्कि सुशासन, पारदर्शिता एवं नागरिक केंद्रित सेवा वितरण के प्रभावी माध्यम के रूप में अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

कार्यक्रम के पहले दिन देश-विदेश की लगभग 100 अग्रणी टेक एवं आईटी कंपनियों के प्रतिनिधि तथा राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी दो अलग-अलग सत्रों में भाग लेंगे। नेशनल स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन 2026 के जरिए झारखंड सरकार का उद्देश्य राज्य को डिजिटल नवाचार, आईटी निवेश, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित सुशासन तथा भविष्य की प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में एक अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करना है।

कंसल्टेशन के दौरान आईटी विभाग द्वारा ड्राफ्ट एआई पॉलिसी 2026 भी प्रमुख हितधारकों के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। यह वर्ष 2026-2031 की अवधि के लिए होगी। प्रस्तावित नीति के तहत मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में स्टेट एआई मिशन के गठन, जेएपी-आईटी को नोडल एजेंसी बनाने तथा इंडियाएआई के साथ इंटर ऑपरेबल झारखंड एआई क्लाउड विकसित करने का प्रस्ताव है। साथ ही, विभिन्न विभागों में एआई आधारित उपयोगों के माध्यम से प्रशासनिक दक्षता एवं सेवा वितरण को सुदृढ़ करने की रूपरेखा भी इसमें सम्मिलित है।

### 100 एकड़ में रांची में बनेगा आईटी पार्क

राष्ट्रीय स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन के दौरान पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर रांची आईटी पार्क को निवेश प्रस्ताव के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। लगभग 100.97 एकड़ भूमि पर विकसित होने वाला यह आईटी पार्क राजधानी रांची के कोर कैपिटल एरिया में स्थित है। यह परिसर आईआईएम रांची के समीप तथा बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से भी निकट पर स्थित है, जिससे उत्कृष्ट कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी। राज्य में प्रतिवर्ष 20,000 से अधिक आईटी स्नातकों की उपलब्धता तथा झारखंड आईटी नीति-2023 के अंतर्गत पूर्वी भारत में सर्वाधिक आकर्षक प्रोत्साहनों - 50 प्रतिशत पूंजीगत निवेश प्रतिपूर्ति, 100 प्रतिशत स्टांप शुल्क छूट एवं 100 प्रतिशत विद्युत शुल्क छूट - जैसे प्रावधानों को उद्योग जगत के समक्ष रखा जाएगा।

शेफाली वर्मा और सचिन तेंदुलकर का टूटा रिकार्ड

# वैभव बने अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेलने वाले देश के सबसे युवा क्रिकेटर

- 15 साल 99 दिन की उम्र में हुआ अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में पदार्पण
- शेफाली ने 15 साल 239 और सचिन ने 16 साल 205 दिन की उम्र में किया था डेब्यू

मैनचेस्टर (आईएएनएस)

महज 15 साल 99 दिन की उम्र में वैभव सूर्यवंशी ने इतिहास रच दिया है। वैभव इंटरनेशनल डेब्यू करने वाले सबसे युवा भारतीय क्रिकेटर बन गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर टॉस से पहले तिलक वर्मा ने वैभव को कैप सौंपी। वैभव सूर्यवंशी को संजू सैमसन के स्थान पर प्लेइंग इलेवन में मौका दिया गया है। इसी के साथ बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ने शेफाली वर्मा के रिकॉर्ड को तोड़ दिया, जिन्होंने 15 साल और 239 दिन की उम्र में भारत की तरफ से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डेब्यू किया था। वहीं, पुरुषों में सचिन तेंदुलकर ने 16 साल और 205 दिन की उम्र में भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डेब्यू किया था। वैभव आईपीएल 2026 में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलते हुए 16 मुकाबलों में 48.50 की औसत के साथ 776 रन बनाए थे।



### संजू की जगह वैभव किए गए टीम में शामिल

शनिवार को मुकाबले में टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनते हुए भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा, हम फिर से पहले बल्लेबाजी करेंगे। टीम में एक बदलाव है। संजू की जगह वैभव आए हैं। आपने पिछले कुछ महीनों में देखा होगा कि वह कैसी बल्लेबाजी कर रहे हैं। मुझे लगता है कि वह पूरी तरह से टीम में जगह पाने के हकदार हैं। वह ऐसे खिलाड़ी हैं जो बिल्कुल भी दबाव नहीं लेते। उनका स्वभाव बहुत शांत और स्थिर है। उन्हें अच्छी तरह पता है कि आगामी मुकाबलों में क्या होने वाला है। नेट्स में जिस तरह से वह बैटिंग करते हैं और गेंदबाजों का सामना करते हैं, उससे पता चलता है कि वह किस तरह के खिलाड़ी हैं। आप कॉम्पिटिशन देखिए, हर मैच के साथ... भारत में जिस तरह का टैलेंट सामने आ रहा है, उसे देखकर अच्छा लगता है। इससे हम हमेशा सतर्क रहते हैं। मुझे लगता है कि दबाव महसूस करना एक सौभाग्य की बात है।

# रक्षा राज्य मंत्री अमरनाथ पहुंचे, देश के सुख समृद्धि की कामना की

- श्रद्धालुओं को मिलने वाली सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का किया अवलोकन

नवीन मेल डेस्क

**रांची/श्रीनगर।** देश के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शनिवार को श्री अमरनाथ यात्रा में सहभागिता करते हुए बालटाल बेस कैंप से लगभग 14.5 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर बाबा बर्फानी की पवित्र गुफा में पहुंचकर विधिवत दर्शन एवं पूजा-अर्चना की। उन्होंने बाबा अमरनाथ से देशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने अमरनाथ यात्रा को अविस्मरणीय आध्यात्मिक यात्रा बताया।

यात्रा के दौरान संजय सेठ ने श्रद्धालुओं के लिए की गई सुरक्षा, स्वास्थ्य, आवास, भोजन, यातायात तथा अन्य व्यवस्थाओं का भी विस्तृत अवलोकन किया। उन्होंने कठिन भौगोलिक परिस्थितियों एवं चुनौतीपूर्ण मौसम के बीच भारतीय सेना, सशस्त्र बलों, जम्मू-कश्मीर पुलिस, प्रशासन तथा विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा श्रद्धालुओं की सेवा, सुरक्षा और सुविधा के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। संजय सेठ ने पवित्र अमरनाथ यात्रा के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा गृह मंत्री अमित शाह के प्रति आभार व्यक्त किया।



अलकतरा घोटाला में सीबीआई की विशेष अदालत का फैसला

# क्लासिक कोल कंस्ट्रक्शन के निदेशक को 3 साल की सजा

- एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया
- तत्कालीन जूनियर इंजीनियर सुरेश शर्मा साक्ष्य के अभाव में किए गए बरी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड के बहुचर्चित 16 साल पुराने अलकतरा घोटाला मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने शनिवार को फैसला सुनाते हुए क्लासिक कोल कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक दिलीप कुमार सिंह को दोषी ठहराया है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश कुलदीप की अदालत ने उन्हें तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उन पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। अदालत ने मामले में ट्रायल का सामना कर रहे तत्कालीन जूनियर इंजीनियर सुरेश शर्मा को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया। इस मामले में क्लासिक कोल कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक पवन कुमार सिंह, जमशेदपुर के तत्कालीन सहायक अभियंता (असिस्टेंट इंजीनियर) अनिल कुमार वर्मा, जूनियर इंजीनियर सुरेश शर्मा और कंपनी के निदेशक दिलीप कुमार सिंह आरोपी थे।

शेष पेज 11 पर...

### 16 साल पुराना है यह घोटाला




यह मामला वर्ष 2010 में सामने आए अलकतरा घोटाले से जुड़ा है। 16 साल पुराने घोटाले में आरोप है कि चक्रधरपुर-खरसावां क्षेत्र में 1.506 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य के दौरान 47 फर्जी बिल तैयार कर करोड़ों रुपए की सरकारी राशि की अवैध निकासी की गई थी। यह परियोजना रोड कंस्ट्रक्शन डिवीजन, जमशेदपुर के अधीन थी।

# नवजात की हत्या के आरोपी बाप-बेटे गिरफ्तार

- हैदरनगर पुलिस की त्वरित कार्रवाई, घटना में प्रयुक्त बलुआ व फरसा बरामद

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र के बिंदु बिगहा गांव में चार माह के मासूम की हत्या तथा दंपती पर जानलेवा हमले के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी चितरंजन पासवान उर्फ शिवम और उसके पिता तुलसी पासवान को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बलुआ और फरसा भी बरामद कर लिया है।

थाना प्रभारी तंजीलुल मन्नान ने बताया कि 2 जुलाई की रात करीब 8:30 बजे गांव की पुलिया पर बैठने को लेकर अतुल पासवान, आनंद पासवान और चितरंजन पासवान उर्फ शिवम के बीच विवाद हुआ था। विवाद के बाद चितरंजन अपने घर गया और कथित रूप से पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी देते हुए धारदार हथियार लेकर फगुनी पासवान के भाई दीपक पासवान के घर पहुंच गया।

आरोप है कि वहां उसने दीपक पासवान, उनकी पत्नी रूपा देवी और उनके चार माह के पुत्र प्रिंस कुमार पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी को तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल, हुसैनाबाद पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद चार माह के मासूम प्रिंस कुमार को मृत घोषित कर दिया।



वहीं गंभीर रूप से घायल दीपक पासवान और उनकी पत्नी रूपा देवी को प्राथमिक उपचार के बाद पहले एमएमसीएच, मेदिनीनगर और बाद में बेहतर इलाज के लिए रिम्स, रांची रेफर किया गया, जहां दोनों का इलाज जारी है।

इस संबंध में हैदरनगर थाना कांड संख्या 54/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। अनुसंधान के दौरान पुलिस ने मुख्य आरोपी चितरंजन पासवान उर्फ शिवम (29 वर्ष) तथा उसके पिता तुलसी पासवान (62 वर्ष), दोनों निवासी बिंदु बिगहा, थाना हैदरनगर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बलुआ और फरसा भी बरामद कर लिया है।

ऑपरेशन 'प्रहार' के तहत पलामू पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# 21 किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार

- पाटन में गांजा की खेती का खुलासा, शहर में किराना दुकान की आड़ में हो रही थी बिक्री

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान के तहत पाटन एवं मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र में छापेमारी कर 21 किलो 91 ग्राम गांजा बरामद किया गया तथा दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से 10,560 रुपये नकद भी बरामद किए गए। शनिवार को त प्रेसवार्ता में पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी ने बताया कि पाटन के आरेदाना पंचायत स्थित बरवाडीह गांव में अशोक राम के घर छापेमारी के दौरान पांच प्लास्टिक के बोरों में रखा 21 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। इसकी अनुमानित कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये है। जांच में सामने आया कि आरोपित ने गांजा की खेती की थी और फसल तैयार होने के बाद उसे सुखाकर बिक्री के लिए रखा था। मौके से 10,560 रुपये नकद भी बरामद किए गए। एक अन्य कार्रवाई में मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के कुंड मोहल्ला स्थित महाकालेश्वर मंदिर के समीप एक किराना दुकान में छापेमारी कर 91 ग्राम गांजा बरामद किया गया। गांजा चार छोटे पैकेटों में बिक्री के लिए रखा गया था। पुलिस ने किराना दुकान की आड़ में गांजा बेचने के आरोप में दुकानदार नेसार अंसारी को गिरफ्तार कर लिया।

# तीन करोड़ के टेंडर में गड़बड़ी पर नगर निगम की बैठक में हंगामा

- जोन-5 प्रभारी की नियुक्ति और आवारा कुत्ता पकड़ने के टेंडर पर घमासान

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नगर निगम बोर्ड की पांचवीं बैठक शनिवार को शांतिपूर्ण माहौल में शुरू हुई, लेकिन एजेंडे में शामिल दो महत्वपूर्ण मुद्दों पर तीखी बहस के बाद सदन में हंगामे की स्थिति बन गई। नाराज पार्षदों ने जोन-5 के प्रभारी जमादार की नियुक्ति और आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए हुए लगभग तीन करोड़ रुपये के टेंडर में अनियमितता का आरोप लगाते हुए विरोध दर्ज कराया। विरोध बढ़ने पर कई पार्षद बैठक से बाहर निकल गए। पार्षदों का आरोप था कि जोन-5 के प्रभारी के रूप में अंकित कुमार की नियुक्ति संबंधित वार्ड पार्षदों की सहमति के बिना कर दी गई। उन्होंने इसे जनप्रतिनिधियों की अनदेखी बताते हुए निर्णय वापस लेने की मांग की। पार्षदों का कहना था कि इस संबंध में पहले भी महापौर और नगर आयुक्त को आपत्ति से अवगत कराया गया था, लेकिन उनकी राय पर कोई ध्यान नहीं दिया गया।

बैठक में दूसरा बड़ा मुद्दा आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए हुए करीब तीन करोड़ रुपये के टेंडर का रहा।

शेष पेज 11 पर...

कार्रवाई | धनबाद पुलिस ने संगठित अपराध के खिलाफ दिखाई सख्ती

# कुख्यात अपराधी प्रिंस खान के घर पर चला बुलडोजर

- मकान ध्वस्त करने के दौरान सुरक्षा के किए गए थे व्यापक इंतजाम

नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद पुलिस ने अपराधियों और संगठित अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। फरार कुख्यात गैंगस्टर प्रिंस खान के घर पर शनिवार को बुलडोजर चला कर उसे ध्वस्त कर दिया गया है। भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पुलिस ने उसका मकान ध्वस्त कर दिया। पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश और कानूनी प्रक्रिया के तहत की गई है। यह कार्रवाई धनबाद के एसएसपी प्रभात कुमार के निर्देश पर की गई।



प्रिंस खान के घर को बुलडोजर से ध्वस्त करने की कार्रवाई के दौरान डीएसपी प्रकाश सोय, सीसीआर डीएसपी ऋत्विक श्रीवास्तव समेत तीन डीएसपी और छह थानों की पुलिस बड़ी संख्या में मौके पर तैनात रही। सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। पूरे इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया था।

सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए पुलिस ने मीडिया को कार्रवाई स्थल से कुछ दूरी पर रखा था। बुलडोजर की मदद से मकान को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। पूरे अभियान की वीडियोग्राफी भी कराई गई, ताकि कार्रवाई का पूरा रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जा सके। बताया जा रहा है कि हाल ही में निरसा विधायक अरूप चटर्जी को कथित तौर पर धमकी मिलने के बाद प्रिंस खान के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई और तेज हो गई है। वैसे, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश और कानून के तहत निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप की गई है।

### प्रिंस खान ने पिछले एक माह में इन लोगों को दी है धमकी

1. **अरूप चटर्जी** : वासेपुर के कुख्यात गैंगस्टर प्रिंस खान ने निरसा के भाकपा (माले) विधायक अरूप चटर्जी को ऑडियो और व्हाट्सएप मैसेज के जरिए रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी थी।
2. **ढुलू महतो** : प्रिंस खान ने धनबाद के भाजपा सांसद ढुलू महतो को भी जान से मारने की धमकी दी थी, जिसके बाद सांसद ने गृह मंत्रालय और पुलिस से शिकायत की थी।
3. **रांची के व्यापारी** : पिछले कुछ समय में प्रिंस खान और उसके गुर्गों के नाम पर रांची के कई बड़े कारोबारियों (आभूषण व्यापारियों और बिल्डरों) से 50 लाख से लेकर 5-5 करोड़ रुपए तक की रंगदारी मांगी गई और पैसे न देने पर गंभीर अंजाम भुगतने की धमकियां दी गईं।

## दृष्टिपात

### आषाढ़ मास तप, जप और साधना का श्रेष्ठ काल : पं. कुंडल तिवारी

**हैदरनगर।** हिंदू पंचांग के अनुसार आषाढ़ मास का विशेष धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व है। यह वर्षा ऋतु का आरंभिक तथा चातुर्मास का पहला महीना माना जाता है। इस मास में भगवान विष्णु, सूर्य देव, जल देवता और मंगल ग्रह की विशेष पूजा-अर्चना का विधान है। इस विषय पर आयोजित वार्ता में विद्वान पं. कुंडल तिवारी ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार आषाढ़ मास में भगवान विष्णु की आराधना करने से निःसंतान दंपतियों को संतान सुख की प्राप्ति होती है। वहीं जल देवता की पूजा करने से आर्थिक संकट दूर होता है और धन-धान्य में वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि इस माह सूर्य और मंगल ग्रह प्रभावशाली स्थिति में रहते हैं, जिनकी उपासना से कुंडली के दोषों का शमन होता है। उन्होंने बताया कि आषाढ़ मास का नाम पूर्वाषाढ़ा और उत्तराषाढ़ा नक्षत्रों के आधार पर पड़ा है। इस माह की पूर्णिमा इन्हीं दोनों नक्षत्रों के मध्य पड़ती है। उत्तराषाढ़ा का स्वामी सूर्य तथा पूर्वाषाढ़ा का स्वामी शुक्र ग्रह है। पं. तिवारी ने बताया कि आषाढ़ मास में दो प्रमुख एकादशियां आती हैं। कृष्ण पक्ष की एकादशी को योगिनी एकादशी तथा शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवशयनी एकादशी कहा जाता है। देवशयनी एकादशी से भगवान विष्णु चार माह के लिए योगनिद्रा में चले जाते हैं और इसी के साथ चातुर्मास का आरंभ हो जाता है। इस अवधि में विवाह, मुंडन सहित अन्य मांगलिक कार्य वर्जित माने जाते हैं। उन्होंने कहा कि आषाढ़ अमावस्या पर स्नान, दान और पितृ तर्पण का विशेष महत्व है। वहीं आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा से गुप्त नवरात्र प्रारंभ होते हैं, जिनमें दस महाविद्याओं—महाकाली, तारा, षोडशी, भुवनेश्वरी, छिन्नमस्ता, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी, त्रिपुरभैरवी और कमला—की साधना की जाती है। तांत्रिक साधना के लिए यह समय अत्यंत शुभ माना जाता है। उन्होंने बताया कि 15 जुलाई को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा प्रारंभ होगी, जबकि 29 जुलाई को आषाढ़ पूर्णिमा के अवसर पर गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन शिष्य अपने गुरु का पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि आषाढ़ मास तप, जप, साधना और आध्यात्मिक उन्नति का श्रेष्ठ काल माना जाता है।

### रेल सुविधाओं की मांग को लेकर हैदरनगर स्टेशन पर आज महाधरना व चक्का जाम

**हैदरनगर।** रेल उपभोक्ता समिति ने रविवार को हैदरनगर रेलवे स्टेशन पर प्रस्तावित महाधरना एवं चक्का जाम कार्यक्रम को लेकर अंतिम चरण में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने दो दर्जन से अधिक गांवों का दौरा कर लोगों से आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। समिति के अनुसार रविवार सुबह 10 बजे से हैदरनगर स्टेशन परिसर में धरना एवं चक्का जाम किया जाएगा। इसके लिए भाई बीघा, बहेरा, कुकही, दीवान बीघा, सिमरसोत, बिलासपुर सहित कई गांवों में लोगों से सीधा संवाद किया गया। समिति के अध्यक्ष गुप्तेश्वर पांडेय, संरक्षक प्रेमतोष सिंह, प्रवक्ता मनोज शर्मा, मुखिया संतोष कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह, कमल कुमार पासवान, राजकुमार राम, मुखिया प्रतिनिधि नवाजिश खान, सज्जू खान, राजू खान, अशरफ हसन, शंकर राम सहित अन्य सदस्यों ने कहा कि वर्षों से क्षेत्र की रेल संबंधी समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है। कई बार रेलवे प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समक्ष मांगें रखी गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। उन्होंने कहा कि इस रेलखंड से प्रतिदिन बड़ी संख्या में कोयला लदी मालगाड़ियां गुजरती हैं, लेकिन स्थानीय यात्रियों की सुविधाओं की लगातार उपेक्षा की जा रही है। महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव नहीं होने, ट्रेनों के समय पर संचालन नहीं होने तथा स्टेशन पर बुनियादी सुविधाओं के अभाव से यात्रियों, विद्यार्थियों, मजदूरों, व्यापारियों और श्रद्धालुओं को परेशानी उठानी पड़ती है। समिति की प्रमुख मांगों में पलामू में रेल मंडल की स्थापना, रेलवे फाटक संख्या एलसी-50/बी/टी एवं एलसी-51/सी/ई पर रेलवे ओवरब्रिज, एलएचएस एवं बाईपास सड़क का निर्माण, रांची–नई दिल्ली गरीब रथ एक्सप्रेस (12877/12878) तथा पुरुलिया–आनंद विहार एक्सप्रेस (14021/14022) का हैदरनगर स्टेशन पर नियमित ठहराव, अयोध्या धाम से देवीधाम आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रमुख ट्रेनों का ठहराव, सभी पैसेंजर ट्रेनों का समय पर संचालन तथा हैदरनगर स्टेशन का आधुनिक सुविधाओं के साथ विकास शामिल है। समिति ने बताया कि एनएसजी-5 श्रेणी का स्टेशन होने के बावजूद यहां पेयजल, स्वच्छ शौचालय, पर्याप्त प्लेटफॉर्म शेड, आधुनिक प्रतीक्षालय, कोच इंडिकेटर, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं एवं अन्य बुनियादी यात्री सुविधाओं का अभाव है। समिति ने लोगों से आंदोलन को सफल बनाने की अपील करते हुए नारा दिया— "जागो उपभोक्ता जागो, रेल हमारा-अधिकार हमारा।"

### 77 वर्ष बाद भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है पुरनाडीह गांव

**सतबरवा।** प्रखंड की घुटुवा पंचायत अंतर्गत पुरनाडीह गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है। आजादी के 77 वर्ष बाद भी गांव के लगभग 200 हरिजन, आदिवासी एवं पिछड़े वर्ग के परिवार मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। शनिवार को सामाजिक कार्यकर्ताओं ने गांव का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने बताया कि मुख्य सड़क से टोला तक जाने के लिए आज भी पक्की सड़क नहीं है। बरसात के दिनों में आवागमन अत्यंत कठिन हो जाता है। गांव में पेयजल संकट, जर्जर बिजली व्यवस्था तथा स्वास्थ्य सुविधाओं का भी अभाव है। कई स्थानों पर एलटी लाइन के तार खराब हैं, जबकि कुछ जगह केवल बिजली के पोल लगाए गए हैं, लेकिन तार नहीं बिछाए गए हैं।सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बताया कि गांव की समस्याओं से पांकी विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता, सांसद कालीचरण सिंह तथा उपायुक्त को अवगत कराया गया है। साथ ही मुख्यमंत्री को भी पत्र भेजकर शीघ्र समाधान की मांग की गई है। ग्रामीणों ने मोहित सिंह के घर से दीना भुईयां के घर तक तथा नारायण माझी के घर से बुधन सिंह के घर होते हुए मुख्य सड़क तक सड़क निर्माण कराने, स्वास्थ्य सुविधाएं सुदृढ़ करने, डीडीटी का छिड़काव कराने और मेडिकेटेड मच्छरदानी उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने यह भी बताया कि कई महीनों से वृद्धावस्था सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन का भुगतान लंबित है तथा कई पात्र महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना का लाभ भी नहीं मिल सका है।

# पति पर पत्नी की हत्या का आरोप, घर में शव छोड़कर फरार, पुलिस जांच में जुटी

## आदिम जनजाति महिला की संदिग्ध हत्या से सनसनी

- नक्सल प्रभावित इलाके में हुई वारदात

नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** थाना क्षेत्र के केकरगढ़ पंचायत अंतर्गत मतनाग गांव में एक आदिम जनजाति महिला की हत्या का मामला सामने आया है। हत्या का आरोप महिला के पति पर लगा है, जो घटना के बाद घर में ताला लगाकर फरार हो गया। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। जानकारी के अनुसार आरोपी पति ने हत्या के बाद महिला के शव को घर के भीतर ही छिपा दिया था। घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों के सहयोग से घर का ताला खुलवाकर शव को बाहर निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। बताया जाता है कि मृतका की शादी करीब दो वर्ष पूर्व विकास नामक युवक से हुई थी। प्रारंभिक जांच में पति की संलिप्तता सामने आने के बाद पुलिस ने उसकी तलाश तेज कर दी है। गौरतलब है कि घटना स्थल पलामू, चतरा और लातेहार जिलों की सीमा से सटा अति नक्सल प्रभावित इलाका है। दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण यहां पुलिस और प्रशासन की पहुंच हमेशा चुनौतीपूर्ण रही है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।




### मृतका की पहचान का सत्यापन जारी: थाना प्रभारी

थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पति पर हत्या करने का संदेह है। हालांकि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच की जा रही है। मृतका की पहचान का सत्यापन भी कराया जा रहा है। पुलिस के अनुसार घर में केवल पति-पत्नी ही रहते थे। उनका मकान घने जंगल के बीच स्थित है और आसपास कोई अन्य घर नहीं है। इस क्षेत्र में आदिम जनजाति के केवल दो परिवार निवास करते हैं।

### उत्तर कोयल मुख्य नहर में अविलंब पानी छोड़ा जाए : सूर्या सोनल सिंह

**हुसैनाबाद (पलामू)।** भाजपा युवा नेता सूर्या सोनल सिंह ने उत्तर कोयल मुख्य नहर में अब तक पानी नहीं छोड़े जाने पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि धान की खेती का समय चल रहा है, लेकिन पर्याप्त वर्षा नहीं होने से किसान सिंचाई के लिए पूरी तरह उत्तर कोयल मुख्य नहर पर निर्भर हैं। इसके बावजूद अब तक नहर में पानी नहीं छोड़ा जाना किसानों के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि मोहम्मदगंज बैराज में उपलब्ध अतिरिक्त पानी को वापस कोयल नदी में छोड़ा जा रहा है, जबकि उसी पानी का उपयोग हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के किसानों की सिंचाई के लिए किया जा सकता है। यदि समय रहते नहर में पानी नहीं छोड़ा गया तो हजारों किसानों की धान की फसल प्रभावित होगी और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा।

### पांच माह से मानदेय नहीं मिलने से आर्थिक संकट में ऊर्जा मित्र

**नीलाम्बर-पीताम्बरपुर।** जिले के ऊर्जा मित्रों ने पांच माह से मानदेय का भुगतान नहीं होने पर संबंधित विभाग को आवेदन देकर बकाया राशि के शीघ्र भुगतान की मांग की है। उनका कहना है कि लगातार वेतन नहीं मिलने से परिवार का भरण-पोषण, बच्चों की पढ़ाई और दैनिक जरूरतों को पूरा करना मुश्किल हो गया है। आवेदन में ऊर्जा मित्रों ने बताया कि पांच माह से मानदेय लंबित है, जिससे सभी कर्मचारी गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भविष्य निधि (पीएफ) की कटौती एवं जमा राशि की स्थिति स्पष्ट नहीं है। इसलिए पीएफ की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति सार्वजनिक करने की मांग की गई है। ऊर्जा मित्रों ने विभाग से मांग की है कि लंबित पांच माह के मानदेय में से कम-से-कम तीन माह का भुगतान तत्काल किया जाए। साथ ही भविष्य में प्रत्येक माह नियमित एवं समय पर मानदेय भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि वे बिना आर्थिक परेशानी के अपनी सेवाएं सुचारु रूप से दे सकें।

### रेलवे स्टेशन पर रील बनाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : आरपीएफ

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू)।** जपला आरपीएफ पोस्ट के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार झा ने बताया कि रेलवे की ओर से चलाया जा रहा ऑपरेशन सतर्क अभियान लगातार जारी है। सभी यात्री ट्रेनों के प्रत्येक कोच पर आरपीएफ जवानों की पैनी नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन अथवा रेल परिसर में रील बनाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में दो हजार रुपये तक जुर्माना भी लगाया जाएगा। महिला यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्टेशनों और ट्रेनों में विशेष निगरानी रखी जा रही है।आरपीएफ प्रभारी ने बताया कि बिना टिकट या गलत टिकट पर यात्रा करने वालों के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी तथा नियमानुसार दोगुना जुर्माना वसूला जाएगा। रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि ट्रेनों के माध्यम से अवैध वस्तुओं की तस्करी रोकने के लिए भी विशेष अभियान चलाया जा रहा है। हाल ही में गरीब रथ एक्सप्रेस से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गई थी। इसके अलावा जपला रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों में नियमित गश्त बढ़ा दी गई है। आरपीएफ यात्रियों को यात्रा के दौरान सतर्क रहने तथा रेलवे फाटक बंद रहने पर उसे पार नहीं करने के प्रति भी लगातार जागरूक कर रही है।



# हुसैनाबाद पुलिस ने मोटर चोरी गिरोह का किया भंडाफोड़

## चार सिंचाई मोटर व चोरी में प्रयुक्त बोलेरो बरामद

- दो आरोपी गिरफ्तार कर भेजे गए जेल

नवीन मेल संवाददाता




**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद थाना पुलिस ने सिंचाई मोटर चोरी के एक मामले का सफल उद्भेदन करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर चोरी की चार सिंचाई मोटर एवं घटना में प्रयुक्त एक बोलेरो बरामद की है। दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। हुसैनाबाद के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिव्यांश शुक्ला ने प्रेस वार्ता में बताया कि हुसैनाबाद थाना कांड संख्या-139/2026, दिनांक 24 जून 2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। अनुसंधान के दौरान प्राप्त गुप्त सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर उनके नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने सतीश कुमार (22), पिता विजय यादव, निवासी तिलैया, थाना छतरपुर तथा आनंद कुमार (24), पिता महेंद्र पासवान, निवासी कंचनपुर, थाना छतरपुर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी में प्रयुक्त बोलेरो (पंजीकरण संख्या जेएच-02आर-3449) बरामद की। इसके अलावा चोरी की चार सिंचाई मोटर भी बरामद की गईं। इनमें एक मोटर इस कांड से संबंधित है, जबकि तीन अन्य मोटर अलग-अलग चोरी की घटनाओं से जुड़ी पाई गईं। पुलिस ने सभी बरामद सामान को जब्त कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। इस कार्रवाई में पुलिस अवर निरीक्षक कमल किशोर पांडेय, छतरपुर थाना प्रभारी सौरभ चौबे, पुलिस अवर निरीक्षक संतोष दास, पुलिस अवर निरीक्षक सोनू कुमार सहित हुसैनाबाद एवं छतरपुर थाना के पुलिस बल शामिल रहे। एसडीपीओ ने बताया कि मामले की आगे भी जांच जारी है। यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपियों का संबंध किसी बड़े मोटर चोरी गिरोह से तो नहीं है। साथ ही बरामद मोटरों के संबंध में अन्य मामलों की भी जांच की जा रही है।

## निःशुल्क बाल रोग स्वास्थ्य शिविर में 118 बच्चों की हुई स्वास्थ्य जांच

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अनुमंडलीय अस्पताल, हुसैनाबाद में शनिवार को निःशुल्क बाल रोग स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रानी हॉस्पिटल, रांची के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. नीतीश कुमार एवं उनकी टीम ने क्षेत्र के 118 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श और दवाएं उपलब्ध कराईं। शिविर के दौरान बच्चों की समग्र स्वास्थ्य जांच, विकास मूल्यांकन, पोषण संबंधी सलाह तथा टीकाकरण के प्रति अभिभावकों को जागरूक किया गया। डॉ. नीतीश कुमार ने कहा कि इस प्रकार के शिविर ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। इससे कुपोषण, जन्मजात बीमारियों एवं सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं की समय पर पहचान और उपचार संभव हो सकेगा। उन्होंने बताया कि शिविर में सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया। रानी हॉस्पिटल के तत्वावधान में यह स्वास्थ्य शिविर प्रत्येक माह के प्रथम शनिवार को अनुमंडलीय अस्पताल, हुसैनाबाद में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए नियमित रूप से इस शिविर का लाभ उठाएं। इस अवसर पर डॉ. प्रणव कुमार, डॉ. हर्षित कुमार सहित अन्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।



### बरसात में जलजनित बीमारियों से बचाव के लिए लोगों को करें जागरूक : प्रेमतोष पांडेय

मोहम्मदगंज। प्रखंड सभागार में शनिवार को जलसहियाओं की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में ब्लॉक वाश कॉर्डिनेटर प्रेमतोष पांडेय ने सभी जलसहियाओं को अपने-अपने गांवों में स्वच्छता सभा आयोजित कर बरसात के मौसम में फैलने वाली जलजनित बीमारियों, विशेषकर डायरिया और मलेरिया से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जलसहियाएं गांवों में जलजमाव को समाप्त कराने के लिए लोगों को प्रेरित करें तथा मच्छरों के प्रकोप से बचाव के उपायों की जानकारी दें। साथ ही ग्रामीणों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने, साफ पेयजल का उपयोग करने और डायरिया व मलेरिया के लक्षणों के प्रति सतर्क रहने के लिए जागरूक करें।

## मतदाताओं से समय पर प्रपत्र भरकर बीएलओ को सौंपने की अपील

नवीन मेल संवाददाता

**नीलाम्बर-पीताम्बरपुर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अपने आवास स्थित मौर्या फार्म हाउस में स्वयं इन्यूमरेशन फॉर्म भरकर अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने पांकी विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे राज्य के मतदाताओं से अपील की कि जब बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) उनके घर इन्यूमरेशन फॉर्म लेकर आएं, तो निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रपत्र भरकर हस्ताक्षर सहित उन्हें उपलब्ध कराएं, ताकि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य समय पर पूरा हो सके। विधायक डॉ. मेहता ने कहा कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित, अद्यतन और पारदर्शी बनाए रखने के लिए प्रत्येक पात्र मतदाता की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने सभी नागरिकों से इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग करने का आग्रह किया। इस दौरान पांकी विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद कुमार दास अपने सहयोगियों के साथ विधायक आवास पहुंचे और इन्यूमरेशन फॉर्म भरने की पूरी प्रक्रिया संपन्न कराई। उन्होंने भी मतदाताओं से समय पर फॉर्म भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराने की अपील की, ताकि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान निर्धारित समयसीमा के भीतर सफलतापूर्वक पूरा किया जा सके।



### बच्चों के सर्वांगीण विकास में अभिभावकों की भूमिका महत्वपूर्ण : प्रधानाध्यापिका

**हरिहरगंज (पलामू)।** प्रखंड क्षेत्र के कटैया स्थित स्तरोन्नत उच्च विद्यालय में शनिवार को विभागीय निर्देश के आलोक में अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी (पीटीएम) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्षा स्नेहलता देवी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रधानाध्यापिका अभिलाषा कुमारी ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षक और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। । इस अवसर पर मैट्रिक परीक्षा में विद्यालय स्तर पर टॉप-10 स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों—प्रियांशु राज, प्रियांशु, सुप्रिया कुमारी, सुधांशु राज, नंदनी कुमारी, मधु कुमारी, अनुज कुमार, प्रिया कुमारी, निधि कुमारी एवं सुमित कुमार—को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

### जन समाधान दिवस में सुनी गईं ग्रामीणों की समस्याएं

**नौडीहा बाजार।** पलामू उपायुक्त के निर्देश पर शनिवार को प्रखंड सभागार में जनता दरबार सह जन समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार सिंह, थाना प्रभारी नीरज कुमार, प्रमुख रेशम कुमारी सहित प्रखंड एवं अंचल के अधिकारी-कर्मी उपस्थित रहे। इस दौरान विभिन्न पंचायतों से पहुंचे ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं तथा उनसे आवेदन प्राप्त किए गए। प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार का उद्देश्य है कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और लोगों की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही हो। उन्होंने कहा कि कई लोग जिला मुख्यालय तक नहीं पहुंच पाते, जिसका लाभ बिचौलिये उठाने लगते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक शनिवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में जन समाधान दिवस आयोजित किया जाएगा, ताकि लोगों की शिकायतों का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।



## डिजिटल कृषि रथ गांव-गांव पहुंचाकर किसानों को किया जाएगा जागरूक

# विभागीय योजनाओं की जानकारी वीडियो फिल्म के माध्यम से दी जा रही

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** राज्य कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की ओर से संचालित डिजिटल कृषि रथ को शनिवार को प्रखंड कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर गांवों के लिए रवाना किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी रणवीर कुमार, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह, विधायक प्रतिनिधि पंचू राम, प्रखंड कृषि पदाधिकारी नौशाद आलम, प्रखंड कृषक सलाहकार समिति के अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से रथ को रवाना किया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी नौशाद आलम ने बताया कि डिजिटल कृषि रथ के माध्यम से किसानों को सरकार प्रायोजित कृषि योजनाओं की जानकारी वीडियो फिल्म के जरिए दी जा रही है। किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक अपनाकर अधिक उत्पादन करने, कम वर्षा की स्थिति में भी कम सिंचाई वाली फसलों जैसे मड़ुआ, अरहर, ज्वार और बाजरा की खेती के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही जैविक खेती को बढ़ावा देने, उन्नत बीज एवं उर्वरकों के वैज्ञानिक उपयोग की जानकारी भी दी जा रही है। एटीएम उन्होंने बताया कि रथ के माध्यम से कृषि ऋण माफी योजना, बिरसा कृषि बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सुखाड़ राहत योजना, दुग्ध उत्पादन, बागवानी मिशन तथा सहकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं की भी विस्तृत जानकारी किसानों तक पहुंचाई जा रही है, ताकि अधिक से अधिक किसान इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि गांवों में पहुंचते ही डिजिटल कृषि रथ किसानों और ग्रामीणों के आकर्षण का केंद्र बन रहा है। वीडियो प्रदर्शन के माध्यम से किसान योजनाओं की जानकारी लेकर उत्साहपूर्वक अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी कर रहे हैं। इससे ग्रामीणों में आधुनिक कृषि तकनीक अपनाने और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। इस अवसर पर एटीएम प्रशांत कुमार तिवारी, मनरेगा लेखा सहायक जगत प्रसाद मेहता, कृषक मित्र दीपक कुशवाहा सहित कई लोग उपस्थित थे।





### डिजिटल कृषि रथ का दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित किया गया : एटीएम

एटीएम प्रशांत कुमार तिवारी ने बताया कि डिजिटल कृषि रथ का दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। पहले दिन कादलकुर्मी, मोहम्मदगंज, भजनियां तथा कोल्हुआ-सोनबरसा पंचायतों में जागरूकता अभियान चलाया गया, जबकि दूसरे दिन रविवार को गोड़ाडीह, लटपौरी, पंसा और रामबांध पंचायतों में रथ पहुंचेगा।

### फंदे से लटके मिले युवक के शव की हुई पहचान

मोहम्मदगंज (पलामू)। पिपरा आहर स्थित नीम के पेड़ से फंदे पर लटके मिले अज्ञात युवक के शव की पहचान हो गई है। थाना प्रभारी नारायण सोरेन ने बताया कि मृतक की पहचान ओमप्रकाश कुमार (23 वर्ष), पिता कुलदीप राम, निवासी श्रीनगर, ओपी हरिहरपुर, थाना भवनाथपुर, जिला गढ़वा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि ओमप्रकाश 1 जुलाई 2026 से घर से लापता था। इस संबंध में कांडी थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया गया था। परिजनों के अनुसार युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

## अधूरी नाली निर्माण से बभंडी के ग्रामीण परेशान



नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** हैदरनगर–सरगड़ा सड़क निर्माण कार्य करा रही निर्माण एजेंसी द्वारा बभंडी के रजवार टोला के समीप नाली निर्माण अधूरा छोड़ दिए जाने से ग्रामीणों में नाराजगी है। बरसात के मौसम में जलनिकासी बाधित होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उपप्रमुख पप्पू कुमार पासवान ने बताया कि नाली निर्माण कार्य अब तक पूरा नहीं किया गया है। कई स्थानों पर नाली आधी-अधूरी बनाकर छोड़ दी गई है, जबकि कई हिस्सों में निर्माण कार्य शुरू ही नहीं किया गया। कहीं सड़क के एक ओर नाली बनाई गई है तो कहीं दूसरी ओर, जिससे पूरी जलनिकासी व्यवस्था अधूरी रह गई है। उन्होंने कहा कि अधूरे निर्माण के कारण बरसात में जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो रही है, जिससे स्थानीय लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने निर्माण एजेंसी से गुणवत्तापूर्ण तरीके से नाली निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने तथा संबंधित विभाग से हस्तक्षेप कर समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने की मांग की है।

# सभी प्रखंडों में शुरू हुआ जन समाधान दिवस, चैनपुर से उपायुक्त ने किया शुभारंभ

- हर शनिवार प्रखंड और अंचल कार्यालयों में सुनी जाएंगी लोगों की समस्याएं

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** आम लोगों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पलामू जिले के सभी प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों में प्रत्येक शनिवार को जन समाधान दिवस आयोजित किया जाएगा। इसकी शुरुआत शनिवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने चैनपुर प्रखंड कार्यालय से की।
शुभारंभ के अवसर पर उपायुक्त ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान सबसे अधिक शिकायतें भूमि विवाद एवं राजस्व संबंधी मामलों से जुड़ी प्राप्त हुईं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी आवेदनों पर नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।
उपायुक्त ने कहा कि अब तक प्रत्येक बुधवार को समाहरणालय में जन समाधान दिवस आयोजित किया जाता था, जहां जिले के दूरदराज के क्षेत्रों से लोगों को 50 से 90 किलोमीटर तक की दूरी तय कर अपनी समस्याएं लेकर आना पड़ता था। लोगों की इस परेशानी को देखते हुए अब प्रत्येक शनिवार को सभी प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों में जन समाधान दिवस आयोजित किया जाएगा, ताकि स्थानीय स्तर पर ही शिकायतों का समाधान हो सके। उन्होंने बताया कि प्रत्येक गुरुवार को संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी जन समाधान दिवस में प्राप्त आवेदनों और उन पर हुई कार्रवाई की समीक्षा करेंगे, जिससे शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके।
जन समाधान दिवस में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के जिला एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने शनिवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) एवं उनके पर्यवेक्षकों से गणना प्रपत्रों के वितरण, प्राप्त प्रपत्रों के डिजिटलीकरण तथा अब तक की प्रगति की जानकारी ली। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने कई बीएलओ से सीधे संवाद कर उनके कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अपने समक्ष गणना प्रपत्र भरवाकर पूरी प्रक्रिया का अवलोकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में डालटनगंज विधानसभा के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी भी उपस्थित थे। उपायुक्त ने कहा कि सभी बीएलओ प्रशिक्षण में दिए गए निर्देशों के अनुरूप पूरी सावधानी और शुद्धता के साथ गणना प्रपत्र भरने एवं डिजिटलीकरण का कार्य करें। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण लोकतांत्रिक प्रक्रिया की शुचिता और विश्वसनीयता से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी बीएलओ एवं उनके पर्यवेक्षकों को लक्ष्य आधारित और कैंप मोड में कार्य करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर गणना प्रपत्रों का वितरण, संग्रहण एवं डिजिटलीकरण पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही बीएलओ पर्यवेक्षकों को नियमित निगरानी करने और किसी भी समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए कहा, ताकि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का सफल एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हो सके।

## झारखंड ग्रासरूट इनोवेशन इंटर्नशिप के तहत छात्राओं ने किया गोरहा गांव का शैक्षणिक भ्रमण

**मेदिनीनगर।** झारखंड ग्रासरूट इनोवेशन इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत योध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय, मेदिनीनगर के इतिहास (प्रतिष्ठा) विभाग की छात्राओं ने प्रो. विकास कुमार के मार्गदर्शन में गोरहा गांव का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्राओं ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गोरहा का भी दौरा कर वहां की शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन किया। विद्यालय पहुंचने पर प्रभारी प्रधानाध्यापक राकेश कुमार ने छात्राओं का स्वागत अपनी लिखित पुस्तक "क्यों है कोयल काली" भेंट कर किया। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए हस्तशिल्प की बारीकियों को समझा तथा गोरहा गांव के इतिहास, सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक महत्व से जुड़े विभिन्न तथ्यों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को कक्षा के अध्ययन के साथ-साथ ग्रामीण जीवन, स्थानीय इतिहास और नवाचारों से व्यावहारिक रूप से परिचित कराना था। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र नेता अभय वर्मा, विद्यालय के शिक्षक प्रेम प्रकाश दुबे एवं अनंत प्रकाश दुबे, वार्ड सदस्य शांति देवी सहित कई अभिभावक उपस्थित रहे।

## दृष्टिपात

### दिसंबर तक नए भवन में शिफ्ट होगा मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज, जल्द शुरू होगी ओपीडी सेवा

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल के एकमात्र मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज को दिसंबर तक नए भवन में स्थानांतरित करने की तैयारी चल रही है। प्रारंभिक चरण में नए परिसर से ओपीडी सेवा शुरू की जाएगी, जबकि अस्पताल एवं अन्य विभागों को चरणबद्ध तरीके से शिफ्ट किया जाएगा। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जे. एस. राव ने बताया कि हाल ही में उपायुक्त के साथ हुई बैठक में निर्माण एजेंसी ने दिसंबर तक भवन का कार्य पूरा करने का आश्वासन दिया है। कॉलेज प्रबंधन जल्द ही उन भवनों का निरीक्षण करेगा, जहां से ओपीडी सेवा संचालित की जानी है। प्राचार्य ने बताया कि एमबीबीएस की वर्तमान 100 सीटों को भविष्य में 150 करने की योजना को देखते हुए 120 सीट क्षमता वाले लेक्चर थिएटर को भी 150 सीट का बनाया जाएगा। इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि कॉलेज ने स्नातकोत्तर (पीजी) की 20 सीटों की स्वीकृति के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) को प्रस्ताव भेजा है और जल्द सकारात्मक निर्णय की उम्मीद है। नीट यूजी के बाद नामांकन की तैयारियां भी पूरी कर ली गई हैं। हालांकि, नए परिसर में ओपीडी और अस्पताल शुरू करने की तैयारी के बावजूद पानी, बिजली और स्वच्छता जैसी बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था अभी पूरी तरह उपलब्ध नहीं हो सकी है। कॉलेज प्रबंधन इन व्यवस्थाओं को शीघ्र पूरा कराने के प्रयास में जुटा है।

### ड्रॉप्सी से हुई पांच मौतें, मिलावटी सरसों तेल से बचने की अपील

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पड़वा प्रखंड के सिक्का गांव में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत का कारण एपिडेमिक ड्रॉप्सी (ड्रॉप्सी) बीमारी की पुष्टि हुई है। शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि प्रभावित परिवार के घर से लिए गए सरसों तेल के नमूने की रांची स्थित राज्य खाद्य प्रयोगशाला की जांच में उसमें आर्गेमोन (सत्यानाशी) की मिलावट पाई गई है। इसी जहरीले तेल के सेवन से परिवार के सदस्य बीमार पड़े और उनकी मौत हुई। सिविल सर्जन ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने गांव के 195 घरों का सर्वे कर 1,378 लोगों की स्वास्थ्य जांच की है। 56 लोगों के रक्त नमूने भी लिए गए, जिनमें अब तक किसी अन्य व्यक्ति में ड्रॉप्सी के लक्षण नहीं मिले हैं। उन्होंने कहा कि ड्रॉप्सी संक्रामक नहीं, बल्कि विषाक्तता से होने वाली बीमारी है और यह केवल आर्गेमोन मिले सरसों तेल के सेवन से होती है। उन्होंने बताया कि इस बीमारी के प्रमुख लक्षणों में शरीर में सूजन, सांस लेने में तकलीफ, कमजोरी, उल्टी तथा हृदय संबंधी समस्याएं शामिल हैं। बीमारी की आशंका होने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। ड्रॉप्सी का कोई विशेष इलाज नहीं है, बल्कि लक्षणों के आधार पर उपचार किया जाता है। सिविल सर्जन ने लोगों से खुले या संदिग्ध सरसों तेल के उपयोग से बचने तथा केवल प्रमाणित और गुणवत्तायुक्त खाद्य तेल का ही इस्तेमाल करने की अपील की। साथ ही बताया कि खाद्य सुरक्षा विभाग संभावित स्रोतों की जांच कर रहा है और ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कहा कि वर्ष 2011 के बाद देश में एपिडेमिक ड्रॉप्सी से मौत का यह पहला मामला माना जा रहा है।

## खेत में काम कर रहे किसान पर तीन भालुओं का हमला, गंभीर घायल

- वनपाल ने दिखाई संवेदनशीलता, अस्पताल पहुंचाया और आर्थिक सहायता भी दी

**महुआडांड़ (लातेहार)।** महुआडांड़ प्रखंड की ओरसा पंचायत अंतर्गत कुकूद गांव में शुक्रवार शाम खेत में काम कर रहे एक किसान पर तीन भालुओं ने हमला कर दिया। हमले में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद वन विभाग की तत्परता से घायल को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार 30 वर्षीय किशुन नागेसिया शाम करीब चार बजे खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान जंगल की ओर से आए तीन भालुओं ने उस पर हमला कर दिया। किशुन की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिसके बाद भालू जंगल की ओर भाग गए। हमले में किसान के सिर, हाथ और पीठ पर गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही वनपाल गुरु दयाल सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, महुआडांड़ पहुंचे। उन्होंने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया और इलाज शुरू कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए लातेहार सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वनपाल ने घायल के परिजनों को इलाज में आ रही कठिनाइयों को देखते हुए निजी स्तर पर आर्थिक सहायता भी प्रदान की। उनके इस मानवीय प्रयास की ग्रामीणों ने सराहना की। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि जंगल और खेतों के आसपास अकेले न जाएं तथा सुबह-शाम विशेष सतर्कता बरतें। जंगली जानवर दिखाई देने पर तत्काल वन विभाग को सूचना दें।

## पोखराहा फोरलेन पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान, स्कूली बच्चों ने दिया सुरक्षित यातायात का संदेश

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए पोखराहा फोरलेन पर शनिवार को वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट और एम.एस.ए. स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के माध्यम से स्कूली बच्चों और ट्रस्ट के सदस्यों ने राहगीरों एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन, हेल्मेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने तथा सड़क पार करते समय सावधानी बरतने का संदेश दिया।
इस दौरान सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने हाथों में सड़क सुरक्षा संबंधी संदेश लिखी तख्तियां लेकर लोगों को जागरूक किया। अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना तथा आम नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था।
वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की सचिव शर्मिला वर्मा ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को केवल प्रशासन के भरोसे नहीं रोका जा सकता। इसके लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन करना होगा।
वहीं एम.एस.ए. स्कूल के निदेशक अफजल शफीक ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें और अपने अभिभावकों, परिवार तथा समाज को भी इसके प्रति जागरूक करें।
अभियान में सदर थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने कहा कि वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट का यह प्रयास सराहनीय है और ऐसे जनहित के कार्यों में पुलिस का हमेशा सहयोग रहेगा। कार्यक्रम में शमाल अहमद, रानू सिन्हा, अंकिता वर्मा, रीता सिन्हा, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे। अंत में सभी ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। साथ ही हाल के दिनों में पोखराहा फोरलेन पर सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## प्रदेश प्रभारी के. राजू का पलामू में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



- 'कांग्रेस के कार्यकर्ता और राहुल गांधी के सिपाही होने पर गर्व' : बिट्टू पाठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी के. राजू के पलामू आगमन पर जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस के राज्य सचिव बिट्टू पाठक के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर बिट्टू पाठक ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता होने और पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के सिपाही होने पर सभी को गर्व है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही देश के सभी वर्गों के हितों की रक्षा करते हुए उनके सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय, समानता और भाईचारे की विचारधारा को आगे बढ़ाने वाला संगठन है। पार्टी ने हमेशा किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं तथा समाज के वंचित वर्गों की आवाज बुलंद की है। बिट्टू पाठक ने कहा कि कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित और संघर्षशील कार्यकर्ता हैं। संगठन जितना मजबूत होगा, पार्टी उतनी ही प्रभावी ढंग से जनता की समस्याओं को उठाकर उनके समाधान के लिए संघर्ष कर सकेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर लोगों से संवाद स्थापित करने, उनकी समस्याओं को सुनने तथा कांग्रेस की जनहितकारी नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संगठन को और मजबूत बनाने तथा जनता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शमीम अहमद राईन, ईश्वरी प्रसाद सिंह, शैलेश चंद्रवंशी, सुरेश पाठक, अजय साहू, विद्या सिंह चेरो, देवांग शुक्ला, मिट्ठू खान, राजू सिंह, खुर्शीद आलम, सच्चिदानंद मिश्रा, जतरू उरांव, सुमन तिर्की, शंकर पांडेय, जितेंद्र पांडेय, शमीम अंसारी, उमेश यादव, अभिषेक चौधरी, शशिकांत उपाध्याय, मिंटू पांडेय, रेखा देवी, सुनीता देवी, अजिताभ दुबे, छोटू चंद्रवंशी, सोनू सिंह, रामानंद पांडेय, छोटू सिंह, बिपिन यादव, सौरव पांडेय, अकील अंसारी, उमेश चंद्रवंशी, पप्पू यादव, रंजीत सिंह, गोपाल प्रसाद, दया सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मनातु में कांग्रेस की संगठनात्मक समीक्षा बैठक संपन्न



- प्रदेश प्रभारी के. राजू ने संगठन मजबूत करने और बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने का दिया मंत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**मनातु।** मनातु प्रखंड कांग्रेस कमेटी की ओर से शनिवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) एवं संगठनात्मक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कांग्रेस के झारखंड प्रदेश प्रभारी के. राजू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, सदस्यता अभियान में तेजी लाने और आगामी चुनावी तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक को संबोधित करते हुए के. राजू ने कहा कि कांग्रेस की मजबूती बूथ स्तर के संगठन पर निर्भर करती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने, प्रत्येक बूथ पर कमेटी गठित करने तथा नए सदस्यों को पार्टी से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर कांग्रेस की नीतियों, विचारधारा और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को लोगों तक पहुंचाएं। बैठक में बूथ प्रबंधन, संगठन विस्तार, आगामी आंदोलन की रणनीति तथा पार्टी की जमीनी गतिविधियों को और प्रभावी बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। झारखंड प्रदेश कांग्रेस के संगठन समन्वयक रामदेव प्रसाद यादव ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी को मजबूत बनाने और संगठनात्मक जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करने की अपील की। बैठक के अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व मंत्री के. एन. त्रिपाठी, कांके विधायक सुरेश पाठक, दीपक कुमार, रुद्र शुक्ला, लाल सूरज रामचंद्र, प्रखंड अध्यक्ष विशुनदेव यादव, मंडल अध्यक्ष शेरू खान सहित प्रखंड, पंचायत एवं बूथ स्तर के बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जर्जर सड़कों की मरम्मत की मांग को लेकर झामुमो नेताओं ने पथ निर्माण विभाग को सौंपा ज्ञापन

- झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता सन्नी शुक्ला बोले- शहर के प्रमुख मार्गों की जल्द हो मरम्मत

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** शहर की जर्जर एवं गड्ढों से भरी सड़कों की मरम्मत की मांग को लेकर झामुमो नेता सन्नी शुक्ला और आशुतोष विनायक ने शनिवार को पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता विनय कुमार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने शहर के प्रमुख मार्गों की तत्काल मरम्मत, गड्ढों की भराई तथा दीर्घकालिक समाधान के लिए गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण कराने की मांग की। झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता सन्नी शुक्ला ने कहा कि रांची रोड, एफसीआई चौक से बैरिया चौक होते हुए गायत्री मंदिर रोड, सूदना रोड, स्टेशन रोड तथा बेलवाटिका से छहमुहान जाने वाली सड़क समेत शहर के कई प्रमुख मार्ग अत्यधिक जर्जर हो चुके हैं। इन सड़कों से प्रतिदिन हजारों लोग और भारी वाहन गुजरते हैं, लेकिन जगह-जगह बने गड्ढों के कारण आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का पता नहीं चल पाता, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। सबसे अधिक परेशानी दोपहिया वाहन चालकों, स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और पैदल चलने वाले लोगों को हो रही है। आशुतोष विनायक ने कहा कि किसी भी शहर की पहचान उसकी बेहतर सड़क व्यवस्था से होती है। जर्जर सड़कें न केवल लोगों की परेशानी बढ़ाती हैं, बल्कि शहर की छवि को भी प्रभावित करती हैं। उन्होंने कहा कि समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई तो बरसात में स्थिति और गंभीर हो सकती है। उन्होंने सभी प्रमुख सड़कों की तत्काल मरम्मत, गड्ढों की भराई तथा अत्यधिक क्षतिग्रस्त मार्गों पर नई एवं गुणवत्तापूर्ण सड़क बनाने की मांग की। साथ ही सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और नियमित निगरानी की भी मांग उठाई। ज्ञापन में शहर की बढ़ती आबादी और वाहनों के दबाव को देखते हुए प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण की आवश्यकता भी बताई गई। नेताओं ने कहा कि इससे यातायात व्यवस्था सुगम होगी और दुर्घटनाओं में कमी आएगी। इस पर कार्यपालक अभियंता विनय कुमार ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि विभाग जर्जर सड़कों की समस्या को गंभीरता से ले रहा है। उन्होंने बताया कि आवश्यक स्थानों पर जल्द गड्ढों की भराई कराई जाएगी तथा स्थायी मरम्मत के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराया जाएगा। जिन सड़कों के चौड़ीकरण की आवश्यकता है, उन पर भी विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। झामुमो नेताओं ने उम्मीद जताई कि विभाग अपने आश्वासन के अनुरूप शीघ्र कार्य शुरू करेगा, जिससे शहरवासियों को सुरक्षित, सुगम और निर्बाध आवागमन की सुविधा मिल सके तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी आए।

## ग्रासरूट इनोवेशन इंटर्नशिप के तहत जूलॉजी विभाग की छात्राओं ने किया पड़वा गांव का शैक्षणिक भ्रमण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार की ग्रासरूट इनोवेशन इंटर्नशिप स्कीम के तहत शुक्रवार को योध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय (वाईएसएनएम), मेदिनीनगर के जूलॉजी विभाग की टीम-2 ने पड़वा पंचायत के पड़वा गांव का शैक्षणिक भ्रमण किया। टीम का नेतृत्व शिखा कुमारी ने किया, जबकि टीम में नाज़िया ईशा कुमारी एवं मुनज़्ज़ाह शामिल थीं। भ्रमण का मार्गदर्शन जूलॉजी विभाग की सहायक प्राध्यापिका शालिनी मुर्मू ने किया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्राओं ने पंचायत सचिवालय का भी दौरा किया तथा स्थानीय महिलाओं से संवाद कर गांव की सामाजिक परंपराओं, रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक जीवन की जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीण परिवेश का अध्ययन करते हुए यह समझने का प्रयास किया कि सीमित संसाधनों और पारंपरिक ज्ञान के आधार पर ग्रामीण अपनी दैनिक समस्याओं का समाधान किस प्रकार करते हैं। फील्ड विजिट के दौरान छात्राओं ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनके जीवन, आजीविका और स्थानीय नवाचारों से जुड़ी जानकारियां भी जुटाईं। इस गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों को जमीनी स्तर पर नवाचार, पारंपरिक ज्ञान और ग्रामीण जीवन की वास्तविकताओं से परिचित कराना है।
**पोर्टल पर अपलोड होगी ग्राम भ्रमण रिपोर्ट :** इस फील्ड वर्क के आधार पर छात्राओं को विस्तृत विलेज विजिट रिपोर्ट तैयार कर निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। योजना के तहत एकत्र किए गए नवाचारी विचारों और पारंपरिक ज्ञान का उपयोग राज्य सरकार द्वारा नवाचार एवं अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए किया जाएगा।

## कक्षा पांच तक विस्तार की तैयारी, लिलिपुट स्कूल में शिक्षकों के लिए क्षमता विकास प्रशिक्षण आयोजित

- शिक्षण में समर्पण, बाल मनोविज्ञान और एक्टिविटी आधारित लर्निंग पर दिया गया विशेष प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय लिलिपुट स्कूल परिसर में शनिवार को शिक्षकों के लिए एक दिवसीय 'कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम' (क्षमता विकास प्रशिक्षण) का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों के शिक्षण कौशल को और अधिक प्रभावी बनाना तथा बदलती शिक्षा पद्धतियों के अनुरूप उन्हें तैयार करना था। विद्यालय प्रबंधन की ओर से बताया गया कि शिक्षकों की दक्षता बढ़ाने के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं।
विद्यालय के आगामी शैक्षणिक सत्र से कक्षा पांच तक विस्तार को ध्यान में रखते हुए इस विशेष प्रशिक्षण की रूपरेखा तैयार की गई थी, ताकि प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, आधुनिक एवं गतिविधि आधारित शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके।
प्रशिक्षण के दौरान स्कूल के डिप्टी डायरेक्टर सह प्राचार्य अनुज सिंह ने कहा कि शिक्षण ऐसा पेशा है, जिसमें सबसे अधिक प्रतिबद्धता, संवेदनशीलता और समर्पण की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक की भूमिका केवल पाठ्यक्रम पूरा करने तक सीमित नहीं होती, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में भी उसकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है।



कार्यशाला में शिक्षकों को बच्चों की मानसिक स्थिति और उनकी सीखने की क्षमता के अनुरूप एक्टिविटी आधारित शिक्षण की तकनीकों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि छोटे बच्चों की रुचि बनाए रखने के लिए उन्हें खेल-खेल में पढ़ाना, उनकी मनोवैज्ञानिक आवश्यकताओं को समझना तथा सकारात्मक कक्षा प्रबंधन अपनाना आवश्यक है। साथ ही बाल मनोविज्ञान और आधुनिक क्लासरूम मैनेजमेंट के विभिन्न पहलुओं पर भी विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। विद्यालय की चेयरपर्सन रेणु गोयल ने कहा कि कक्षा पांच तक विस्तार के साथ विद्यालय की जिम्मेदारियां भी बढ़ गई हैं। ऐसे में शिक्षकों की कार्यकुशलता और पेशेवर क्षमता को लगातार विकसित करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी शिक्षकों के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा शिक्षण से जुड़े अपने अनुभव साझा करते हुए नई शिक्षण विधियों की जानकारी प्राप्त की।


**संवाददाता के रूप में बनाइए शानदार करियर**

1994 से डाल्टनगंज और 1999 से रांची से लगातार प्रकाशित दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल को दोनों संस्करणों के लिए मुख्यालय जिला और प्रखंड स्तर पर समाचारों की समझ रखने वाले जुझारू पत्रकारों और ट्रेनी युवा पत्रकारों की आवश्यकता है। पूर्ण विवरण, आधार कार्ड, अनुभव और फोटो के साथ इमेल करें। संपूर्ण पत्राचार पूर्णत: गोपनीय रहेगा। समय पर उचित सम्मानजनक पारिश्रमिक और विज्ञापनों के लिए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

**प्रधान संपादक**
hr.rnmail@gmail.com

# दृष्टिपात

## 'परिवहन कार्यालय आपके द्वार' अभियान की शुरुआत




**गढ़वा।** झारखंड सरकार के परिवहन विभाग की पहल 'परिवहन कार्यालय आपके द्वार' अभियान का शनिवार को चिनिया प्रखंड से शुभारंभ हुआ। अभियान के तहत पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर ग्रामीणों को लर्निंग और ड्राइविंग लाइसेंस की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। शिविर में सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। दस्तावेज सत्यापन से लेकर कंप्यूटर आधारित लर्निंग टेस्ट तक की पूरी प्रक्रिया मौके पर संपन्न कराई गई। जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश ने सफल 125 अभ्यर्थियों को अपने हाथों से लर्निंग लाइसेंस प्रदान किया। डीटीओ ने बताया कि इच्छुक आवेदक पहले सारथी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करें और आवेदन की प्रति, ऑनलाइन शुल्क रसीद तथा आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में पहुंचें। आवेदन शुल्क केवल ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान की शुरुआत मेराल से हुई थी और अब चिनिया के बाद जिले के अन्य प्रखंडों एवं पंचायतों में भी शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि ग्रामीणों को जिला मुख्यालय आए बिना परिवहन सेवाओं का लाभ मिल सके और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता भी बढ़े।

## कस्तूरबा विद्यालय में स्वास्थ्य विभाग का मलेरिया जागरूकता एवं जांच शिविर आयोजित

**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र के रानीचेरी स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से विशेष मलेरिया जागरूकता एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय की सभी छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें मलेरिया से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छात्राओं को मलेरिया के लक्षण, बचाव के उपाय, व्यक्तिगत स्वच्छता, समय पर जांच एवं उपचार के महत्व की जानकारी दी। साथ ही आवश्यक स्वास्थ्य जांच कर स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया गया। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि झारखंड सरकार मलेरिया उन्मूलन अभियान को गंभीरता से चला रही है। जिन क्षेत्रों में मलेरिया के मामले सामने आ रहे हैं, वहां विशेष अभियान के तहत जांच, जागरूकता और बचाव संबंधी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में चिनिया प्रखंड में भी स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव-गांव और विभिन्न संस्थानों में पहुंचकर लोगों को जागरूक करने के साथ आवश्यक जांच एवं टीकाकरण कार्य भी कर रही है। इस अवसर पर एमपीडब्ल्यू लाल मोहम्मद अंसारी ने छात्राओं को मच्छरों से बचाव, आसपास साफ-सफाई बनाए रखने तथा बुखार होने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराने की सलाह दी। कार्यक्रम में विद्यालय की वार्डन, शिक्षिकाएं, स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। स्वास्थ्य विभाग ने सभी से मलेरिया मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने की अपील की।

## एसआईआर अभियान में तेजी लाने को प्रतिनियुक्त कर्मियों का प्रशिक्षण

**केतार।** प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के प्रभावी संचालन को लेकर प्रतिनियुक्त कर्मियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में बीएलओ ऐप के माध्यम से गणना प्रपत्र भरने तथा ऑनलाइन डेटा प्रविष्टि की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने सभी बीएलओ को निर्धारित समय सीमा के भीतर घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करने और समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी प्रतिनियुक्त कर्मी बीएलओ के साथ समन्वय बनाकर अभियान को सफल बनाएं। प्रशिक्षण के दौरान कंप्यूटर ऑपरेटर दीपक कुमार ने बीएलओ ऐप के संचालन एवं ऑनलाइन डेटा प्रविष्टि का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। वहीं, बीपीआरओ मुकेश महतो ने कहा कि किसी भी अभियान की सफलता टीमवर्क और बेहतर समन्वय पर निर्भर करती है। उन्होंने सभी कर्मियों से निर्धारित अवधि के भीतर एसआईआर अभियान को सफलतापूर्वक पूरा करने का आह्वान किया।

## ताली के चंडी महायज्ञ में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़, आज होगी मां दुर्गा की प्राण-प्रतिष्ठा

**केतार।** प्रखंड के ताली गांव में आयोजित चंडी महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु यज्ञ की परिक्रमा कर यज्ञाचार्य सौरभ भारद्वाज से आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। शनिवार को मां दुर्गा की प्रतिमा का गाजे-बाजे, वैदिक मंत्रोच्चार और जयघोष के बीच पूरे गांव में भव्य भ्रमण कराया गया। महायज्ञ के दौरान प्रत्येक रात्रि रामचरितमानस कथा का आयोजन भी हो रहा है, जिसे सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। रविवार को नवनिर्मित दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा की विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। इसके बाद महाभंडारे के साथ चंडी महायज्ञ का समापन होगा। आयोजन को सफल बनाने में मुखिया मूंगा साह, अध्यक्ष गुड्डू साह, अनीश गुप्ता, इंद्रदेव गुप्ता, प्रदीप सिंह, ब्रह्मदेव गुप्ता सहित कई लोग सक्रिय रूप से जुटे हैं।

## मुखिया के निरीक्षण में मध्य विद्यालय सिंहपुर में मिली अनियमितता, 140 में सिर्फ 11 छात्र उपस्थित

**केतार।** प्रखंड के मध्य विद्यालय सिंहपुर का शनिवार को मुखिया मूंगा साह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 140 नामांकित विद्यार्थियों में केवल 11 छात्र उपस्थित मिले, जबकि उपस्थिति पंजी में लगभग 70 छात्रों की उपस्थिति दर्ज थी। इसे लेकर मुखिया ने गंभीर अनियमितता पर नाराजगी जताई। मुखिया ने मध्याह्न भोजन (एमडीएम) व्यवस्था की भी जांच की। भंडार पंजी मांगने पर प्रभारी शिक्षक ने बताया कि वह प्रधानाध्यापक के पास है। सुबह 11 बजे तक रसोइया और रसोई सहायिका के अनुपस्थित रहने पर भी उन्होंने आपत्ति जताई। मुखिया ने शिक्षकों को बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने, निर्धारित मेन्यू के अनुसार मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराने तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। प्रभारी शिक्षक राम कुमार राम ने बताया कि ताली गांव में आयोजित यज्ञ के कारण शनिवार को विद्यार्थियों की उपस्थिति कम रही। निरीक्षण के समय शिक्षक राम कुमार राम, अनुज कुमार सिंह एवं धनंजय तिवारी उपस्थित थे, जबकि प्रधानाध्यापक अवकाश पर थे।

## परसोडीह विद्यालय में 86 बच्चों के बीच स्कूल बैग, पुस्तक और कॉपी का वितरण

**केतार।** उत्क्रमित 10+2 उच्च विद्यालय, परसोडीह में शनिवार को कक्षा एक एवं दो के 86 छात्र-छात्राओं के बीच स्कूल बैग, पुस्तक और कॉपी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक वीरेन्द्र कुमार यादव, उपमुखिया प्रतिनिधि सतेन्द्र गुप्ता तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देव कुमार ठाकुर ने संयुक्त रूप से शैक्षणिक सामग्री वितरित की। प्रधानाध्यापक ने बताया कि कक्षा एक के 33 और कक्षा दो के 53 विद्यार्थियों को सामग्री उपलब्ध कराई गई। उन्होंने बच्चों से नियमित विद्यालय आने, घर पर प्रतिदिन अध्ययन करने तथा स्वच्छता का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का लाभ उठाकर छात्र मन लगाकर पढ़ाई करें और अपना भविष्य संवारें। कार्यक्रम में शिक्षक दिलीप जायसवाल, लिपिक कृष्ण कन्हैया पाठक सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक एवं कर्मी उपस्थित थे।

# एसआईआर-2026 में लापरवाही पर प्रशासन सख्त

## पर्यवेक्षक से 24 घंटे में मांगा स्पष्टीकरण

- संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर सेवा समाप्ति व एफआईआर की चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता



अनुमंडल पदाधिकारी कुमार मयंक भूषण ने रंका प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 401 से 410 के पर्यवेक्षक दिवाकर कुमार पाठक (कनीय

**गढ़वा।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) अभियान में लापरवाही और उच्चाधिकारियों के निर्देशों की अनदेखी को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी कुमार मयंक भूषण ने रंका प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 401 से 410 के पर्यवेक्षक दिवाकर कुमार पाठक (कनीय अभियंता, मनरेगा) से 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। प्रशासन के अनुसार संबंधित पर्यवेक्षक को सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन में रुचि नहीं लेने तथा बार-बार निर्देश दिए जाने के बावजूद कार्यशैली में सुधार नहीं होने के कारण पूर्व में भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। हालांकि उनका जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। प्रशासन का कहना है कि लापरवाही के कारण एसआईआर-2026 जैसे महत्वपूर्ण एवं समयबद्ध अभियान की प्रगति प्रभावित हुई है। एसडीओ ने इसे सरकारी दायित्वों के प्रति उदासीनता और उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना माना है। निर्देश दिया गया है कि संबंधित पर्यवेक्षक 24 घंटे के भीतर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर सेवा समाप्ति की अनुशंसा के साथ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा-32 के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा सकती है।

## छात्रा से जुड़े गंभीर आरोपों पर प्रभारी प्रधानाध्यापक निलंबित

- उपायुक्त के निर्देश पर जांच के बाद विभागीय कार्रवाई शुरू

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** केतार प्रखंड स्थित राजकीय मध्य विद्यालय ताली की पूर्व छात्रा से जुड़े कथित अनैतिक कृत्य के मामले में जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुनील कुमार पांडेय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी पशुपति नाथ मिश्रा के निर्देश पर जिला शिक्षा अधीक्षक ने मामले की जांच कराई थी। जांच प्रतिवेदन और स्पष्टीकरण के आधार पर प्रधानाध्यापक के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई प्रारंभ करने का भी निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि विद्यालयों में बच्चों की सुरक्षा, सम्मान और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनुचित आचरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने लोगों से मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए अफवाहों से बचने तथा जांच में सहयोग करने की अपील की है।

## कृष्ण कन्हैया पाठक ने लिपिक का प्रभार संभाला

**केतार।** प्रखंड के उत्क्रमित 10+2 उच्च विद्यालय, परसोडीह में कृष्ण कन्हैया पाठक ने लिपिक पद पर योगदान देने के बाद शनिवार को विधिवत प्रभार ग्रहण किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक वीरेन्द्र कुमार यादव ने उन्हें कार्यालय का प्रभार सौंपते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

## खरौंधी के विद्यालयों में शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी आयोजित

**खरौंधी।** शिक्षा विभाग के निर्देश पर शनिवार को खरौंधी प्रखंड के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी (पीटीएम) आयोजित की गई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, अभिभावकों, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां, पिपरी, कोसलिबार, सुंडी, कूपा, नव प्राथमिक विद्यालय चिरैयाटांड़, मेलवान तथा प्लस-टू उच्च विद्यालय राजी सहित अन्य विद्यालयों में बच्चों की नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सर्वांगीण विकास पर चर्चा हुई। शिक्षकों ने अभिभावकों से बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने, पढ़ाई, गृहकार्य और अनुशासन पर नियमित निगरानी रखने की अपील की।

## अवैध गांजा खेती पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 118 किलो हरे पौधे जब्त




नवीन मेल संवाददाता

**रमना।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रमना थाना पुलिस और अंचल प्रशासन की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को बुल्का पंचायत के गिजीनिया टोला में अवैध गांजा की खेती के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान करीब 300 वर्गमीटर क्षेत्र में लगी गांजा की फसल नष्ट करते हुए 118 किलोग्राम हरे गांजा के पौधे जब्त किए गए। थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि सूचना के आधार पर अंचलाधिकारी विकास पांडेय के नेतृत्व में गठित टीम ने संजय यादव के निर्माणाधीन मकान के पीछे छापेमारी की। मौके पर वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी कर गांजा के पौधे जब्त किए गए। मामले में संजय यादव के विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम की धारा 20 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। अभियान में पुलिस एवं अंचल कार्यालय के कई अधिकारी और कर्मी शामिल थे।

### उपायुक्त ने तकनीकी अधिकारियों के साथ की समीक्षा

## रंका मोड़ से नवादा मोड़ तक एक सप्ताह में पूरा होगा सड़क निर्माण

- संवेदक को कार्रवाई की चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा शहर के रंका मोड़ से नवादा मोड़ तक निर्माणाधीन सड़क को लेकर उपायुक्त पशुपति नाथ मिश्रा ने संबंधित तकनीकी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधूरे निर्माण कार्य को एक सप्ताह के भीतर पूरा करने का निर्देश देते हुए चेतावनी दी कि समयसीमा का पालन नहीं होने पर संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बताया गया कि सड़क के बीच में मौजूद विद्युत पोल और तारों को नए पोल लगाकर शिफ्ट किया जा चुका है तथा शेष पुराने पोल हटाने का कार्य जारी है। इसके बाद दूसरे लेन का निर्माण कार्य तेजी से पूरा कराया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि सड़क का एक हिस्सा बनने और दूसरा अधूरा रहने से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है तथा दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। इसलिए सभी संबंधित विभाग समन्वय स्थापित कर निर्धारित समय के भीतर कार्य पूर्ण कराएं।

## रंका कस्तूरबा विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर, छात्राओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

नवीन मेल संवाददाता



**रंका।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय रंका में शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें स्वच्छता और मौसमी बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। चिकित्सकों ने छात्राओं की सामान्य स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। डॉ. प्रीति सिंह तिवारी एवं डॉ. इश्तियाक ने डेंगू, मलेरिया सहित अन्य संक्रामक रोगों से बचाव, व्यक्तिगत स्वच्छता, शुद्ध पेयजल और संतुलित आहार के महत्व पर जानकारी दी। उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी किसी भी समस्या होने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लेने की अपील की। शिविर में डॉ. नितीश सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम, विद्यालय की वार्डन, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्राएं मौजूद रहीं। विद्यालय प्रबंधन ने इस पहल की सराहना करते हुए ऐसे शिविर नियमित आयोजित करने की आवश्यकता बताई।

## 15 जुलाई को रंका टाउन हॉल में होगा राजकुमारी विशाखा सिंह स्मृति प्रतिभा सम्मान समारोह

रंका। आगामी 15 जुलाई को रंका टाउन हॉल में आयोजित होने वाले राजकुमारी विशाखा सिंह स्मृति प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियां तेज हो गई हैं। शनिवार को आयोजन समिति के सदस्यों ने विभिन्न विद्यालयों और गणमान्य लोगों के बीच पहुंचकर आमंत्रण पत्र वितरित किए। समिति ने जी.सी. झा उच्च विद्यालय, तमगे विद्यालय, रामकंडा विद्यालय, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, गोदरमाना विद्यालय सहित अन्य शिक्षण संस्थानों का दौरा कर कार्यक्रम की जानकारी दी। बताया गया कि समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षा, समाजसेवा और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र, मेडल और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया जाएगा। आयोजन समिति ने सभी शिक्षकों, अभिभावकों एवं नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।


**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड, रॉंची।**

पशुपालन, निदेशालय, झारखण्ड, रॉंची द्वारा प्रायोजित केन्द्रीय योजना LHDCP अन्तर्गत गोवंशीय एवं भैंसवंशीय पशुओं में FMD टीकाकरण Round 6 (2026-27) टीकाकरण कार्यक्रम

खुरपका–मुँहपका (FMD) टीकाकरण

1. **टीका का अवधि** :– 01 जुलाई 2026 से 29 अगस्त 2026 तक
2. **टीकाकरण हेतु पशु** :– 4 माह से उपर सभी गोवंशीय एवं भैंस वंशीय पशु
3. **शुल्क** :– निःशु ल्क
4. **टीकाकर्मी** :– प्रखण्ड पशु चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा नामित टीकाकर्मी
5. **अन्य** :– सभी पशु ओं हेतु निःशु ल्क कृमिनाश क दवा का वितरण
6. **ऑनलाईन इंट्री** :– भारत पशुधन एप में ऑनलाईन इंट्री हेतु टीकाकर्मीयों द्वारा माँग किये जाने वाले जानकारी निम्नवत है:–
   - पशुपालक का नाम एवं आधार संख्या
   - पशुपालक का मोबाइल नंबर एवं मोबाईल नंबर पे जाने वाले OTP.
   - गाय एवं भैस का टैग नंबर।

नोट :–किसी प्रकार की जानकारी हेतु जिला पशुपालन कार्यालय, गढ़वा में सम्पर्क किया जा सकता है।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी, गढ़वा।

PR.NO.384095 Animal Husbandry(26-27):D



**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड सरकार**
**पशुपालन विद्यालय, गौरियाकरमा, हजारीबाग**

पशुपालक प्रशिक्षण का विषयवार प्रशिक्षण कार्यक्रम 2026–27

| क्रमांक | प्रशिक्षण सत्र/अवधि | प्रशिक्षण का विषय | जिला का नाम | प्रशिक्षणार्थियों की संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 22/06/2026 से 26/06/2026 | बकरी पालन | गढ़वा | 25 | |
| 2 | 13/07/2026 से 17/07/2026 | कुक्कुट पालन | गढ़वा | 25 | |
| 3 | 03/08/2026 से 07/08/2026 | सूकर पालन | गढ़वा | 25 | |
| 4 | 24/08/2026 से 28/08/2026 | बकरी पालन | गढ़वा | 25 | |
| 5 | 14/09/2026 से 18/09/2026 | कुक्कुट पालन | गढ़वा | 25 | |
| 6 | 05/10/2026 से 09/10/2026 | भेंड़ पालन | गढ़वा | 20 | |
| 7 | 02/11/2026 से 06/11/2026 | बकरी पालन | गढ़वा | 25 | |
| 8 | 07/12/2026 से 11/12/2026 | कुक्कुट पालन | गढ़वा | 25 | |
| 9 | 04/01/2027 से 08/01/2027 | सूकर पालन | गढ़वा | 25 | |
| 10 | 25/01/2027 से 29/01/2027 | बकरी पालन | गढ़वा | 25 | |
| 11 | 15/02/2027 से 19/02/2027 | कुक्कुट पालन | गढ़वा | 25 | |
| 12 | 08/03/2027 से 12/03/2027 | भेंड़ पालन | गढ़वा | 20 | |
| | कुल | | | 290 | |

नोट :– किसी प्रकार की जानकारी हेतु जिला पशुपालन कार्यालय, गढ़वा में सम्पर्क किया जा सकता है।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 384094 (Animal Husbandry) 26-27 (D)



**कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा।**
**प्रेस विज्ञप्ति**

सिविलसर्जन, लोहरदगा द्वारा बताया गया कि लोहरदगा जिला में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा आधारित विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या 01/2026 के द्वारा NCVBDC में Malaria Technical Supervisor (MTS) के 01 पद एवं विज्ञापन संख्या 02/2026 के द्वारा NTEPमेंAccountant / District PPM (Public Private Mix) Coordinator / Senior Tuberculosis Laboratory Supervisor (STLS) / Senior Treatment Supervisor (STS), MTC में Nutrition counselor/ Cook cum attendant NMHPमें Clinical Psychologist / Psychiatric Social Worker, NCVBDC मेंMalaria Technical Supervisor (MTS) / Financial Logistic Assistant (FLA), NHM में Refrigerator Mechanic/ Cold Chain Handler/Block Data Manager/ X-ray Technician /Staff Nurse/ ANM, RKSK में ARSH Counselor, RBSK में Pharmacist/ ANM, NUHM में Lab Technician / Pharmacist/ ANM और SNCU में Staff Nurse के कुल 59 पदों हेतु योग्यता एवं अर्हतापूर्ण करने वाले अभ्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 24.07.2026 है। विज्ञापन से संबंधित विस्तृत विवरण https://lohardaga.nic.in के वेबसाइट पर जाकर देखा जा सकता है। इसके अलावे सिविल सर्जन कार्यालय, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी कार्यालय, जिला नियोजन कार्यालय एवं उपायुक्त, लोहरदगा के कार्यालय के सूचना पट्ट पर भी इसे देखा जा सकता है। सिविल सर्जन, लोहरदगा ने योग्यता एवं अर्हता पूर्ण करने वाले अभ्यार्थियों से इन पदों पर आवेदन करने की अपील की।

PR 384022 Lohardaga(26-27)D — सिविल सर्जन लोहरदगा।



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पलामू**
**Email:- palamunrep@gmail.com**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना।**
**ई0निविदा संख्या–RDD/NREP/Palamu 02/2026-27 (Retender)**

उपायुक्त, पलामू के स्वीकृत्यादेश ज्ञापांक 261/वि0, दिनांक 16.03.2026 द्वारा प्राप्त प्रशासनिक स्वीकृति के आलोक में क्डथ्ज मद से चयनित योजना का निर्माण कराया जाना है। अतः निम्नलिखित स्वीकृत योजना में वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की शर्त–1 के अनुसार आर0ई0ओ0, पलामू में समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदकों से $F_2$ प्रपत्र पर ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पलामू।
Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि:–दिनांक 07.07.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे)
ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 07.07.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 18.07.2026 (अपराह्न 5:00 बजे तक)
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 20.07.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे)
निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पलामू।
कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आईडेन्टी फिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | चैनपुर | पूर्वडीहा | पूर्वडीहा | प्रखण्ड चैनपुर अन्तर्गत ग्राम पूर्वडीहा में विजय राम के घर से कोल्हुआ मेन रोड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 4093500 | 81870 | 5000 | 06 माह | NREP-NIT-02/2026-27/Gr-01RT |

नोट–
1. केवल ई0–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. आर0ई0ओ0, पलामू में समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

**निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्तें www.palamu.nic.in एवं कार्यालय कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।**

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, मेदिनीनगर पलामू।

PR.NO.384091 NREP(26-27):D

# महुआडांड़ की चंपा घाटी में ट्रेलर दुर्घटनाग्रस्त, चालक की मौत

## खलासी घायल

नवीन मेल संवाददता

**महुआडांड़/लातेहार।** महुआडांड़ प्रखंड की चंपा घाटी में शनिवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रेलर चालक की मौत हो गई, जबकि खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रेलर आंध्र प्रदेश से नेपाल जा रहा था। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि चालक गूगल मैप के निर्देशों का पालन करते हुए गलत मार्ग पर पहुंच गया। इसी दौरान चंपा घाटी के खतरनाक मोड़ पर ट्रेलर अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन एवं चिकित्सा टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से राहत एवं बचाव कार्य चलाया गया। घायल खलासी को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, महुआडांड़ पहुंचाया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। वहीं गंभीर रूप से घायल चालक को भी अस्पताल लाया गया, लेकिन चिकित्सक डॉ. अमित कुमार खलखो ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। चालक की मौत की सूचना मिलते ही उसके परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में वाहन के गूगल मैप के कारण गलत मार्ग पर पहुंचने की बात सामने आई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चंपा घाटी में पूर्व में भी कई सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। उन्होंने प्रशासन से इस मार्ग पर चेतावनी बोर्ड लगाने, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने तथा भारी वाहनों के लिए स्पष्ट मार्गदर्शन की व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।



## सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**चंदवा।** चंदवा-माल्हन-मैकलुस्कीगंज मार्ग पर शनिवार को माल्हन गांव के समीप एक बाइक दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए। दुर्घटना उस समय हुई जब बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे में बाइक सवार सुकरा मुंडा, उनकी बहन ललिता देवी तथा भांजा रुपेश मुंडा घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों की सहायता की। तत्परता दिखाते हुए एंबुलेंस को सूचना दी गई, जिसके बाद सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चंदवा पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों की टीम ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सकों के अनुसार तीनों की स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुकरा मुंडा अपनी बहन और भांजे को लेकर चंदवा से माल्हन पंचायत स्थित पुतरीटोला गांव जा रहे थे।

## दृष्टिपात

### जर्जर विद्यालय भवन का हिस्सा गिरा, बाल-बाल बचे छात्र



**कुंदा (चतरा)।** प्रखंड के बौधाडीह उच्च विद्यालय में शुक्रवार को पढ़ाई के दौरान जर्जर भवन का एक हिस्सा अचानक गिर गया। घटना के समय कक्षा में छात्र मौजूद थे, लेकिन संयोगवश कोई घायल नहीं हुआ। हादसे के बाद विद्यालय में अफरा-तफरी मच गई और छात्रों की छुट्टी कर दी गई। अभिभावकों एवं छात्रों का कहना है कि विद्यालय भवन काफी जर्जर हो चुका है। बारिश के दौरान छत टपकती है और अक्सर छत से गिट्टी गिरती रहती है, जिससे हमेशा हादसे का खतरा बना रहता है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि नौवीं और दसवीं तक संचालित इस विद्यालय में केवल दो शिक्षक पदस्थापित हैं, जिससे पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अभिभावकों ने भवन की तत्काल मरम्मत, पर्याप्त शिक्षकों की नियुक्ति तथा वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। वहीं स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए नए विद्यालय भवन के निर्माण की मांग की है।

### सरस्वती विद्या मंदिर में छात्राओं को सिलाई प्रशिक्षण, आत्मनिर्भर बनने की सीख



**लातेहार।** सरस्वती विद्या मंदिर, धर्मपुर में बालिका शिक्षा विभाग के तत्वावधान में छात्राओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में कौशल विकास, आत्मनिर्भरता और स्वरोजगार की भावना विकसित करना है। शनिवार को आयोजित प्रशिक्षण में कक्षा नौवीं (बी) की 35 छात्राओं को शिक्षिका नीलम कुमारी ने सिलाई मशीन के संचालन, रखरखाव और सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी। छात्राओं ने स्वयं सिलाई मशीन चलाकर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्राप्त किया तथा घरेलू उपयोग के कपड़ों की सिलाई की प्रारंभिक तकनीकें सीखीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी के मार्गदर्शन में यह प्रशिक्षण प्रत्येक सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि शैक्षणिक शिक्षा के साथ व्यावहारिक कौशल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है।

### जलमीनार खराब, दूषित पानी पीने को मजबूर हैं पिपरापानी के ग्रामीण



**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चेटर पंचायत के सुदूरवर्ती पिपरापानी गांव में स्थित जलमीनार लंबे समय से खराब पड़ा है, जिसके कारण ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। मजबूरी में ग्रामीण नदी-नालों का दूषित पानी पीने को विवश हैं, जिससे जलजनित बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। बरसात के मौसम में भी स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था नहीं होने से ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि जलमीनार की मरम्मत को लेकर कई बार संबंधित विभाग को सूचना दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई। विभागीय उदासीनता के कारण गांव के लोगों को रोजाना पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। इधर, प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया है। उन्होंने जलमीनार की अविलंब मरम्मत कर नियमित पेयजल आपूर्ति बहाल करने की मांग की है, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। वहीं ग्रामीणों ने भी जिला प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है।

### नाबालिग आदिवासी बच्ची की संदिग्ध मौत का खुलासा नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण : प्रतुल शाहदेव



**चंदवा।** भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने चंदवा थाना क्षेत्र में नाबालिग आदिवासी बच्ची की संदिग्ध मौत के मामले में अब तक खुलासा नहीं होने पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि घटना के दस दिन से अधिक समय बीत जाने के बावजूद पुलिस मामले का उद्भेदन नहीं कर सकी है, जिससे पीड़ित परिवार और स्थानीय लोगों में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि जनता निष्पक्ष एवं त्वरित जांच की मांग कर रही है। प्रतुल शाहदेव ने पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच में आधुनिक तकनीकों का उपयोग करने की मांग करते हुए कहा कि कॉल डंप, कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर), मोबाइल लोकेशन, डिजिटल एवं फॉरेंसिक साक्ष्यों के आधार पर जांच कर घटना की सच्चाई सामने लाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि जांच में किसी आपराधिक साजिश या हत्या की पुष्टि होती है तो दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही राज्य सरकार से भी मामले की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि भाजपा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए लगातार अपनी आवाज उठाती रहेगी।

## पेंशन योजना के लाभुकों से आवेदन व आवश्यक दस्तावेज जमा करने की अपील

**महुआडांड़ (लातेहार)।** प्रखंड प्रशासन ने वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन योजना के लाभुकों से आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन शीघ्र जमा करने की अपील की है। प्रखंड कार्यालय की ओर से जारी सूचना के अनुसार जिन पात्र लाभुकों को अब तक पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है, वे पंचायत के मुखिया एवं पंचायत सचिव से आवेदन का सत्यापन कराने के बाद प्रखंड कार्यालय में जमा करें। आवेदन के साथ आधार कार्ड, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) से जुड़ी बैंक पासबुक की छायाप्रति, मतदाता पहचान पत्र तथा बीपीएल राशन कार्ड संख्या देना अनिवार्य होगा। विधवा पेंशन के लिए मृत्यु प्रमाण पत्र और दिव्यांग पेंशन के लिए यूडीआईडी कार्ड संलग्न करना आवश्यक है। प्रशासन ने पहले से पेंशन प्राप्त कर रहे लाभुकों से भी अपना बीपीएल नंबर पंचायत स्तर पर जमा करने की अपील की है, ताकि पेंशन भुगतान में किसी प्रकार की बाधा न आए।

## मासिक अपराध गोष्ठी में एसपी ने लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का दिया निर्देश

- हत्या, लूट, दुष्कर्म और पॉक्सो मामलों की समीक्षा, फरार अपराधियों की गिरफ्तारी पर जोर

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की अध्यक्षता में शनिवार को पुलिस मुख्यालय सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक में जिले में बीते माह के अपराधों की समीक्षा करते हुए लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन तथा अपराध नियंत्रण को लेकर थाना प्रभारियों और पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों से लंबित मामलों की प्रगति की जानकारी ली और अनुसंधान में तेजी लाकर समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने पासपोर्ट एवं चरित्र सत्यापन, ई-डीएआर प्रविष्टि, मालखाना प्रबंधन तथा सीईआईआर पोर्टल पर किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की।

एसपी ने हत्या, लूट, दुष्कर्म, पॉक्सो सहित अन्य गंभीर मामलों में गिरफ्तारी, अनुसंधान और कांडों के उद्भेदन की प्रगति का आकलन करते हुए अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी और गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान पर विशेष जोर दिया।

उन्होंने पिछले एक वर्ष से फरार अपराधियों, दागी पंजी तथा गृहभेदन (चोरी) के मामलों की भी समीक्षा की और फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही नियमित गश्त, वारंटियों की गिरफ्तारी और आम जनता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने पर बल दिया।

बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार राम, संदीप कुमार गुप्ता, सभी अंचल पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारी तथा विभिन्न शाखाओं के प्रभारी मौजूद थे।

## मदरसों को आधुनिक और हाईटेक बनाने की दिशा में सरकार कर रही काम : ज्योति सिंह मथारु

- लातेहार दौरे पर अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष का स्वागत, छात्रावास व अस्पताल की मांग उठी

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह माथारु शनिवार को लातेहार परिसदन पहुंचे, जहां कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के उपाध्यक्ष रब्बानी हुसैन तथा अंजुमन इस्लामिया के जिला अध्यक्ष एवं कांग्रेस प्रदेश सचिव आफताब आलम ने उनका स्वागत किया।

इस दौरान आफताब आलम ने जिले में अल्पसंख्यक समुदाय के लिए छात्रावास और अस्पताल की स्थापना की मांग रखी। मीडिया से बातचीत में ज्योति सिंह मथारु ने कहा कि सरकार मदरसों को आधुनिक और हाईटेक बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है, ताकि वहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने बताया कि उनके लातेहार दौरे का उद्देश्य अल्पसंख्यक आयोग के दायरे में आने वाले सभी समुदायों से मिलकर उनकी समस्याओं को जानना तथा यह सुनिश्चित करना है कि सरकारी योजनाओं का लाभ उन्हें मिल रहा है या नहीं।

उन्होंने कहा कि जिन लोगों तक योजनाओं का लाभ नहीं पहुंच पाया है, उनकी समस्याओं को चिह्नित कर जल्द ही जनसुनवाई आयोजित की जाएगी और उनके समाधान का प्रयास किया जाएगा।

मथारु पलामू में आयोजित राज्य स्तरीय बौद्ध सम्मेलन में शामिल होने के लिए मेदिनीनगर जा रहे थे। इसी क्रम में उन्होंने लातेहार में रुककर सामाजिक एवं राजनीतिक प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस अवसर पर कांग्रेस मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, साजन कुमार, सुरेंद्र उरांव, अख्तर हुसैन, रब्बानी हुसैन, वाजिद अंसारी, पप्पू सरदार, सुनील प्रसाद, मनोज पासवान, हस्मत अंसारी, अफरोज सहित कई लोग मौजूद थे।

## टोरी में रेलवे ओवरब्रिज निर्माण की मांग को लेकर आज प्रदर्शन

**चंदवा।** वर्षों से लंबित टोरी रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) निर्माण की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। इसी कड़ी में रेलवे ओवरब्रिज निर्माण संघर्ष समिति के बैनर तले रविवार को टोरी रेलवे स्टेशन परिसर में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। समिति के सदस्य सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि टोरी रेलवे फाटक लंबे समय से जाम और सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। प्रतिदिन हजारों लोगों को घंटों जाम में फंसना पड़ता है, जिससे आमजन, छात्र, मरीज और व्यवसायी सभी प्रभावित होते हैं। उन्होंने कहा कि कई बार मांग उठाने और जनप्रतिनिधियों से आग्रह करने के बावजूद अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। समिति के सदस्य अश्विनी मिश्रा ने बताया कि यह प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण होगा। इसका उद्देश्य रेलवे और प्रशासन का ध्यान इस गंभीर जनसमस्या की ओर आकर्षित करना है, ताकि ओवरब्रिज निर्माण की दिशा में शीघ्र पहल हो सके। आंदोलन की घोषणा के बाद क्षेत्र में लोगों में उत्साह है और बड़ी संख्या में आम नागरिकों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

## नाइट ब्लड सर्वे की तैयारी पूरी, छह से 15 जुलाई तक चलेगा अभियान

**लातेहार।** फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत छह से 15 जुलाई तक चलने वाले नाइट ब्लड सर्वे की तैयारियों को लेकर शनिवार को सदर प्रखंड कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी एवं प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहरा ने संयुक्त रूप से की। बैठक में बताया गया कि सदर प्रखंड के नावागढ़, उदयपुरा और पतरातू गांवों में माइक्रो फाइलेरिया संक्रमण की पहचान के लिए रात्रिकालीन रक्त जांच अभियान चलाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग की टीम निर्धारित समय पर ग्रामीणों के रक्त के नमूने लेकर जांच करेगी। बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न विभागों के बीच समन्वय पर बल देते हुए मुखियाओं से ग्रामीणों को जागरूक कर अभियान में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कराने की अपील की गई। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग, जेएसएलपीएस, पंचायती राज विभाग, पिरामल फाउंडेशन तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## दो जिंदा सांप निगलने के बाद अस्पताल पहुंचा व्यक्ति, डॉक्टर भी रह गए हैरान



**कुंदा (चतरा)।** कुंदा थाना क्षेत्र के बरवाडीह टोला में शनिवार को एक हैरान करने वाली घटना सामने आई। 46 वर्षीय बुधन भारती ने कथित तौर पर दो जिंदा सांप निगल लिए। तीसरे सांप को भी खाने की कोशिश की, लेकिन परिजनों ने उन्हें रोक दिया। बाद में उन्होंने तीसरे सांप को लाठी से मार डाला। परिजन उन्हें तत्काल प्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। साथ में मरा हुआ सांप भी अस्पताल ले जाया गया, जिसे देखकर चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी भी आश्चर्यचकित रह गए। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कुमार संजीव ने बताया कि जांच में शरीर पर किसी प्रकार के विष का प्रभाव नहीं मिला। हालांकि व्यक्ति शराब के नशे में था। फिलहाल उसकी स्थिति सामान्य है और वह खतरे से बाहर है। चिकित्सकों ने लोगों से अपील की कि सांप काटने या किसी विषैले जीव के संपर्क में आने पर झाड़-फूंक या जोखिम भरे उपायों के बजाय तुरंत अस्पताल पहुंचकर चिकित्सकीय उपचार कराएं।

## विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के लिए जागरूकता रथ रवाना



**लातेहार।** विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए शनिवार को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी संदीप कुमार ने मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों में भ्रमण कर लोगों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन, विलोपन एवं स्थानांतरण की प्रक्रिया की जानकारी देगा। उपायुक्त ने कहा कि अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज करना तथा अपात्र एवं मृत मतदाताओं के नाम हटाकर सूची को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है। उन्होंने लोगों से समय पर अपने मतदाता संबंधी कार्य पूरा करने तथा दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, अपर समाहर्ता सलमान जफर खिजरी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी प्रभात कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, अनुमंडल पदाधिकारी दिनेश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति की बैठक में विकास कार्यों पर बनी सहमति



**लातेहार।** श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर कार्यकारिणी समिति की बैठक शनिवार को मंदिर परिसर में संरक्षक विनोद कुमार साहू की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक बैद्यनाथ राम के राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी गई। साथ ही मंदिर के विकास और आगामी दुर्गा पूजा की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। समिति ने मंदिर की ऊपरी मंजिल के आंगन एवं सीढ़ियों पर शेड निर्माण कराने तथा नीचे स्थित हॉल के मंच पर स्थायी फ्रेम लगाने का निर्णय लिया, ताकि धार्मिक आयोजनों के दौरान श्रद्धालुओं को सुविधा मिल सके। बैठक में सदस्यों से दुर्गा पूजा से पूर्व वार्षिक सहयोग राशि जमा करने की अपील की गई। साथ ही सदस्यता अभियान को गति देने पर भी चर्चा हुई। मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि मंदिर के विकास में नगरवासियों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। बैठक में मासिक दानपात्र भी खोला गया तथा आय-व्यय की समीक्षा की गई। बैठक में अभिनंदन प्रसाद, कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, आशीष टैगोर, रंजीत कुमार, राजू रंजन सिंह, दीपक विश्वकर्मा, पंकज कुमार, आकाश जायसवाल, धनेश्वर प्रसाद, परितोष ठाकुर सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र
टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च

भारतीय गणित ओलंपियाड पात्रता परीक्षा
(IOQM) 2026-27

भारतीय राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड (INMO) 2027 में भाग लेने के इच्छुक छात्रों के लिए, राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड पात्रता परीक्षा (IOQM) में शामिल होना अनिवार्य है।
**यह परीक्षा 6 सितंबर, 2026 को आयोजित की जाएगी।**
IOQM में सफल होने वाले छात्र INMO 2027 में भाग लेने के पात्र होंगे।
यह अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड (IMO) 2027 और यूरोपीय गर्ल्स गणित ओलंपियाड (EGMO) 2028 में भारतीय टीम के आधिकारिक सदस्य के रूप में भागीदारी की दिशा में पहला चरण है।

अधिक जानकारी और पंजीकरण लिंक:
https://olympiads.hbcse.tifr.res.in एवं https://www.mtai.org.in/

पंजीकरण संबंधित परीक्षा केंद्रों पर सीधे किया जा सकता है
इसके अलावा, ऑनलाइन पंजीकरण भी 29 जून 2026 से शुरू होगा
ऑनलाइन पंजीकरण के लिए वेबसाइट: https://ioqm.mtai.org.in/

पंजीकरण की अंतिम तिथि: 25 जुलाई 2026

CBC 48143/11/0004/2627

## हर पात्र पीटीजी परिवार का बने आयुष्मान कार्ड : बीडीओ

**महुआडांड़ (लातेहार)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष बैठा ने शुक्रवार को सभी पंचायतों के प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ बैठक कर राशन कार्ड ई-केवाईसी और आयुष्मान कार्ड निर्माण अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए और इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बीडीओ ने विशेष रूप से आदिम जनजाति (पीटीजी) परिवारों को प्राथमिकता देते हुए कहा कि प्रखंड का कोई भी पात्र परिवार आयुष्मान भारत योजना से वंचित नहीं रहना चाहिए।

## उपायुक्त ने गारू व सरयू प्रखंड का किया निरीक्षण

- निर्माण कार्यों में देरी पर जताई नाराजगी, योजनाओं और विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों की समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता




**लातेहार।** उपायुक्त संदीप कुमार ने शनिवार को गारू एवं सरयू प्रखंड का दौरा कर विकास योजनाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कई संस्थानों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण की शुरुआत गोइंदी आंगनबाड़ी केंद्र से हुई, जहां बच्चों की उपस्थिति, पोषण, साफ-सफाई और ग्रोथ मॉनिटरिंग की समीक्षा की गई। इसके बाद प्लस टू उच्च विद्यालय सरयू और नेताजी एससी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया गया। विद्यालय भवन का निर्माण समय पर पूरा नहीं होने पर उपायुक्त ने नाराजगी जताते हुए कार्य एजेंसी को तीन माह के भीतर निर्माण पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने सरयू प्रखंड सह अंचल कार्यालय, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, मध्य विद्यालय डोमाखाड़, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय हेटटोला तथा गारू रेफरल अस्पताल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य सेवाओं, शैक्षणिक व्यवस्था, मध्यान्ह भोजन योजना तथा विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयसीमा के भीतर सभी कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, अपर समाहर्ता सलमान जफर खिजरी, सिविल सर्जन डॉ. राजमोहन खलखो सहित कई विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/14/2026-27
1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चन्दवा के पंचायत लाधुप में उत्क्रमित मध्य विद्यालय, दुधीमाटी में 04 अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण। | 4781100 | 96000 | 5000 | 5 माह |

2. निविदा प्रकाशन की तिथि – 06.07.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 13.07.2026 से दिनांक 20.07.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –22.07.2026 अपराह्न 1:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
11. बिना कारण बताये किसी एक या सभी कार्य की निविदा को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 384017 Rural Development(26-27)#D

# दृष्टिपात

## वाहनों को हमेशा एक नियमित और नियंत्रित रफ्तार में ही चलाना चाहिए : डीटीओ

**लोहरदगा।** लोहरदगा के एमबी डीएवी विद्यालय में प्राचार्या प्रेरणा शंखधर के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करना और सड़क दुर्घटनाओं को रोकना था। जिला परिवहन विभाग के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूली छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला परिवहन पदाधिकारी जया शंखी मुर्मू ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के व्यवहारिक नियम समझाए। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में यातायात के साधन हमारी जीवनशैली का अहम हिस्सा हैं, जिसने यात्रा को सुगम तो बनाया है, लेकिन लापरवाही के कारण सड़क दुर्घटनाओं में भी भारी इजाफा हुआ है। उन्होंने छात्रों से अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने, वाहनों की रफ्तार नियंत्रित रखने और स्वयं के साथ-साथ अपने परिजनों को भी इस प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। डीटीओ ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल सरकार या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हर एक नागरिक के जीवन और सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय है। विद्यार्थियों को न केवल स्वयं नियमों का पालन करने बल्कि अपने परिवार और आस-पड़ोस के लोगों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। यह पहल युवाओं में जिम्मेदारी की भावना पैदा करने और भविष्य में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। इस मौके पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक अमृतेश्वर कुमार, कृष्ण कुमार गुप्ता (आरईए) तथा प्रमोद कुमार (असिस्टेंट, डीटीओ) ने भी विद्यार्थियों को ट्रैफिक सिग्नल और सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी।

## 26वां राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप, बेस्ट टीम परफॉर्मेंस में रांची प्रथम

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला ताएक्वोंडो एसोसिएशन (एलडीटीए) के तत्वावधान में आयोजित 26वां सब जूनियर एवं जूनियर राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप तथा 15वां राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप का शनिवार को सफल समापन हो गया। स्वर्गीय हरि किशन महतो की स्मृति को समर्पित यह प्रतियोगिता 2 से 4 जुलाई तक आयोजित की गई, जिसमें झारखंड के 14 जिलों के 700 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। तीन दिवसीय प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया। आयोजन की विशेषता कंप्यूटरीकृत स्कोरिंग सिस्टम रहा, जिससे मुकाबले अधिक पारदर्शी एवं निष्पक्ष बने और खिलाड़ियों को बेहतर प्रतिस्पर्धात्मक माहौल मिला। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लोहरदगा के उप विकास आयुक्त (डीडीसी) राज माहेश्वरम तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) दीवाकर कुमार उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन और आयोजन की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए इसे राज्य स्तरीय खेल आयोजन का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। बेस्ट टीम परफॉर्मेंस में रांची ने प्रथम, पूर्वी सिंहभूम ने द्वितीय तथा लोहरदगा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं मेजबान लोहरदगा टीम को बेस्ट डिसिप्लिन टीम का पुरस्कार भी प्रदान किया गया। समारोह में झारखंड ताइक्वांडो संघ एवं लोहरदगा जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन के पदाधिकारी संजय कुमार शर्मा, गोपाल कुमार, मिथलेश कुमार सिंह, अजय महतो, राजेश महतो, अरविंद यादव, पारस साहू, अभय महतो, बी.के. बालाजीनप्पा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## कुडू के लेखक रशीद अकेला ने नई पुस्तक एसपी को भेंट की



**कुडू।** कुडू प्रखंड के चंडू निवासी युवा लेखक तारिक रशीद उर्फ रशीद अकेला ने अपनी नवप्रकाशित पुस्तक "ख्वाब जन्नत जाने की देखते हैं" लोहरदगा के पुलिस अधीक्षक सादिक़ अनवर रिज़वी को भेंट की। पुस्तक उनके पिता अब्दुल रशीद के माध्यम से एसपी तक पहुंचाई गई। इस अवसर पर रशीद अकेला ने एक सराहनीय सामाजिक पहल की घोषणा करते हुए कहा कि पुस्तक की बिक्री से प्राप्त होने वाली संपूर्ण आय विधवा पुनर्विवाह को बढ़ावा देने तथा विधवाओं के पुनरुत्थान एवं कल्याण संबंधी कार्यों में खर्च की जाएगी। उनकी इस घोषणा की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है। रशीद अकेला साहित्य और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर अपनी सशक्त लेखनी के लिए जाने जाते हैं। अब तक उन्हें साहित्यिक योगदान के लिए विभिन्न संस्थाओं द्वारा अनेक सम्मान एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जा चुके हैं। उनकी रचनाएं समाज में सकारात्मक बदलाव और जागरूकता का संदेश देती रही हैं। लेखक ने बताया कि उनकी नई पुस्तक "ख़्वाब जन्नत जाने की देखते हैं" ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगी। पाठक इसे अमेज़न, फ्लिपकार्ट, बुक्स क्लिनिक की वेबसाइट तथा अमेज़न किंडल के माध्यम से प्राप्त कर सकेंगे। क्षेत्र के साहित्य प्रेमियों ने रशीद अकेला की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। साथ ही पुस्तक की आय को सामाजिक कल्याण के कार्यों में समर्पित करने के निर्णय को प्रेरणादायक बताया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार वृद्ध गंभीर रूप से घायल, रेफर

**भंडरा।** भंडरा-चट्टी मुख्य पथ पर नौडीहा चौक के समीप शनिवार की देर शाम एक सड़क हादसे में स्कूटी सवार वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल वृद्ध की पहचान लोहरदगा के रघु टोली निवासी दुखराज गोप के 58 वर्षीय पुत्र मनोज गोप के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार, मनोज गोप अपनी स्कूटी से भंडरा की ओर से वापस लोहरदगा लौट रहे थे। इसी दौरान नौडीहा चौक के पास विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी और अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मनोज गोप सड़क पर दूर जा गिरे और उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायल मनोज गोप को इलाज के लिए मॉडल सीएचसी भंडरा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल रिफर कर दिया गया है। वहीं घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी गई है।

## किस्को के आनंदपुर में बारिश से गिरा कच्चा मकान, बेघर हुआ परिवार

**लोहरदगा।** जिले में बारिश का कहर से एक गरीब परिवार का आशियाना धराशाई होकर गिर पड़ा। घटना लोहरदगा जिला के किस्को प्रखंड क्षेत्र के बेटहट पंचायत के आनंदपुर गांव की है। बीते रात्रि करीब 12 से 01 बजे हुई बारिश से किस्को प्रखंड के आनंदपुर निवासी छौवनी उरांव अपने परिवार वालों के साथ खाना खाने के बाद सो रही थी,इसी दौरान मध्य रात्रि अचानक हुई जोरदार बारिश से कच्चा खपड़ैल मकान गिर गया। भुक्तभोगी परिवार वालों ने बताया कि किसी तरह अपनी जान बचाकर घर से बाहर निकले और अपनी जान बचाया। पीड़ित परिवार वालों ने बताया कि घर में खाद्य सामग्री, कपड़ा व अन्य सामान था जो पूरी तरह से बर्बाद हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर वार्ड सदस्या तंगेन तिग्गा गिरे हुए घर का मुआयना किया और प्रखंड प्रशासन से मुआवजा दिलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि छौवनी उरांव का परिवार काफी गरीब हैं, ऐसे में सरकारी सहायता मिलने पर गिरे हुए घर की मरम्मत कार्य कराने में मदद मिलेगी और सपरिवार सुरक्षित जीवन यापन कर पाएंगे।

## सेन्हा के 201 छात्र-छात्राओं और 35 पुलिस जवानों की हुई मलेरिया जांच

**सेन्हा (लोहरदगा)।** उपायुक्त के निर्देश एवं सिविल सर्जन के मार्गदर्शन में शनिवार को सेन्हा प्रखंड के उगरा पंचायत स्थित एकलव्य आवासीय विद्यालय एवं सेन्हा थाना परिसर में मलेरिया जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजीत आनंद के निर्देशन में किया गया। शिविर में एकलव्य आवासीय विद्यालय के 201 छात्र-छात्राओं तथा सेन्हा थाना में पदस्थापित 35 पुलिस जवानों की रैपिड डायग्नोस्टिक किट (आरडीटी) के माध्यम से मलेरिया जांच की गई। जांच के बाद स्वास्थ्यकर्मियों ने छात्र-छात्राओं एवं पुलिस जवानों को मलेरिया से बचाव के लिए गर्म पानी पीने, बासी एवं दूषित भोजन से परहेज करने तथा नियमित रूप से मच्छरदानी का उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि बरसात के दिनों में घर, विद्यालय एवं आसपास के क्षेत्रों में कचरा और पानी जमा होने से मच्छरों का प्रजनन बढ़ जाता है, जिससे मलेरिया का खतरा बढ़ता है। इसलिए आसपास के वातावरण को साफ-सुथरा रखना आवश्यक है।

### झारखंड इंटक महाधिवेशन में संगठन विस्तार का संकल्प, धीरज प्रसाद साहू बोले

# मजदूरों के अधिकारों से नहीं होगा समझौता

- महाधिवेशन में संगठन की मजबूती, मजदूर हितों की रक्षा, सदस्यता विस्तार और श्रमिकों के अधिकारों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई

नवीन मेल संवाददाता




**लोहरदगा/रांची।** राजधानी रांची स्थित पुराना विधानसभा सभा भवन में शनिवार को झारखंड प्रदेश इंटक महाधिवेशन सह कार्यकारिणी बैठक का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके उपरांत इंटक के दिवंगत वरिष्ठ नेता स्वर्गीय चंद्रशेखर दुबे को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद दीप प्रज्वलित कर महाधिवेशन का विधिवत शुभारंभ किया गया। उद्घाटन सत्र के पश्चात सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। महाधिवेशन में संगठन की मजबूती, मजदूर हितों की रक्षा, सदस्यता विस्तार और श्रमिकों के अधिकारों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, इंटक के राष्ट्रीय महासचिव एनजी अरुण, मणिका विधायक रामचंद्र सिंह, कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, इंटक प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार बलमुचू, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आर एन चौबे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सच्चिदानंद चौधरी, छोटानागपुर बॉक्साइड एंड कोल वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष निशीथ जायसवाल, अरुण साहू, कुलदीप रवि सहित झारखंड इंटक के सभी पदाधिकारी, विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित रहे।

महाधिवेशन को संबोधित करते हुए इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि मजदूरों की सेवा और उनके अधिकारों की रक्षा उनके सार्वजनिक जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य रहा है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने बड़े भाई स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू के सपनों को मजदूरों के बीच रहकर आगे बढ़ाने का प्रयास किया है और अब उनका संकल्प इंटक के महान नेता स्वर्गीय चंद्रशेखर दुबे के अधूरे सपनों को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि संगठन तभी मजबूत होगा जब हर कार्यकर्ता और हर मजदूर स्वयं को इंटक परिवार का हिस्सा समझे। उन्होंने श्रमिकों से एकजुट रहने का आह्वान करते हुए कहा कि उनके अधिकारों, सम्मान और सामाजिक सुरक्षा के लिए इंटक का संघर्ष लगातार जारी रहेगा।

धीरज साहू ने बैठक की अध्यक्षता कर रहे झारखंड इंटक प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार बलमुचू की सराहना करते हुए कहा कि वे केवल उनके मित्र ही नहीं बल्कि उनके विश्वसनीय सलाहकार भी हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में झारखंड इंटक नई ऊर्जा, नई सोच और मजबूत संगठनात्मक ढांचे के साथ आगे बढ़ेगा तथा राज्य के प्रत्येक जिले में मजदूरों की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाएगा।

झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने अपने संबोधन में कहा कि मजदूर देश और राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज प्रसाद साहू हमेशा मजदूरों के हितों की लड़ाई लड़ते रहे हैं और राज्य सरकार हर उस प्रयास में उनके साथ मजबूती से खड़ी रहेगी जो श्रमिकों के कल्याण के लिए होगा। उन्होंने कहा कि मजदूरों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा सरकार की प्राथमिकता है तथा उनके हितों से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास श्रमिकों और किसानों के संघर्ष से जुड़ा रहा है। उन्होंने कहा कि इंटक को जब भी कांग्रेस के सहयोग की आवश्यकता होगी, पार्टी पूरी ताकत के साथ उसके साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि धीरज प्रसाद साहू के नेतृत्व में झारखंड इंटक संगठनात्मक रूप से और अधिक सशक्त बनेगा तथा मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई को नई दिशा मिलेगी।

बैठक के दौरान संगठन के विस्तार, सदस्यता अभियान को तेज करने, असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को संगठन से जोड़ने, श्रम कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ प्रत्येक श्रमिक तक पहुंचाने तथा औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों की समस्याओं के समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि इंटक आने वाले समय में राज्य के प्रत्येक जिले में संगठन को मजबूत करते हुए मजदूरों की आवाज को और बुलंद करेगा। महाधिवेशन के अंत में सभी नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने तथा श्रमिकों के अधिकार, सम्मान और हितों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन संगठन की एकजुटता, मजदूर हितों के प्रति प्रतिबद्धता और झारखंड में इंटक को और अधिक मजबूत बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

## 'शिक्षक-अभिभावक बैठक सह प्रतिभा सम्मान समारोह' का भव्य आयोजन



- मेधावी छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को मेडल व मोमेंटो देकर किया गया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** राजकीयकृत +2 चुन्नीलाल उच्च विद्यालय, लोहरदगा के सभागार में शनिवार को 'शिक्षक-अभिभावक बैठक सह प्रतिभा सम्मान समारोह' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष अनिल उरांव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी सीमा लकड़ा उपस्थित थीं। इसके अलावा वार्ड पार्षद संगीता कुमारी, विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष निर्मला देवी, उपाध्यक्ष दिलीप कुमार महतो और समाजसेवी दीपक सराफ ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद 11वीं एवं 12वीं विज्ञान की छात्राओं ने मधुर स्वागत गान प्रस्तुत किया। प्रभारी प्रधानाध्यापक श्री मुकेश कुमार ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और छात्र-छात्राओं का स्वागत किया। उन्होंने बैठक के दौरान छात्र उपस्थिति, रेल टेस्ट, मोबाइल के संतुलित उपयोग, नशा मुक्ति और छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय में दोपहिया वाहन न लाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। नगर परिषद अध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा कि बच्चे अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार पढ़ाई करें और जीवन में एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें। समारोह में विद्यालय के 10वीं और 12वीं के उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को मोमेंटो और मेडल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही नौवीं और 11वीं (कला, विज्ञान व वाणिज्य) के टॉप तीन सफल छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को भी मेडल प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सरकार की महत्वपूर्ण योजना 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत सभी अभिभावकों को एक-एक पौधा वितरित कर पौधारोपण के लिए प्रेरित किया गया। अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी सीमा लकड़ा ने कहा कि 12वीं के बाद का समय अधिक मेहनत की मांग करता है। अगर कभी असफलता मिले तो घबराएं नहीं, बल्कि उसे एक चुनौती के रूप में स्वीकार कर लगातार प्रयास करते रहें। इस अवसर पर 'हर्ष जोहार' की प्रतिनिधि सपना सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं लक्ष्मी नारायण तिवारी, नीलिमा तिर्की, रितु लकड़ा, अंजना रानी, आनंद ठाकुर, गुलाम रब्बानी, बिंदी बृजबाला, शंकर देवगन, रितु लकड़ा व अन्य उपस्थित थे।

### एसआईआर अभियान में कांग्रेस की सक्रिय भागीदारी, बोले सुखैर भगत

## अनमैप्ड मतदाताओं के घर-घर पहुंचकर किया सत्यापन

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सुखैर भगत के नेतृत्व में भंडरा प्रखंड के बूथ संख्या 300, 301, 306 एवं 307 का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अनमैप्ड मतदाताओं की सूची के सत्यापन एवं मैपिंग कार्य का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाध्यक्ष सुखैर भगत के साथ प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, जिला सोशल मीडिया प्रभारी प्रकाश उरांव एवं भंडरा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष जुगल भगत ने संबंधित बूथों पर पहुंचकर बीएलओ एवं बीएलए-2 के साथ अनमैप्ड मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदाता मैपिंग कार्य में सहयोग किया। साथ ही बीएलओ एवं बीएलए-2 से बातचीत कर कार्य के दौरान आ रही समस्याओं की जानकारी ली गई, ताकि उनके समाधान के लिए आवश्यक पहल की जा सके। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि एसआईआर लोकतंत्र को मजबूत बनाने की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। कांग्रेस पार्टी का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र मतदाता तकनीकी त्रुटि, जानकारी के अभाव या अन्य किसी कारण से मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के बीएलए-2 एवं कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ घर-घर जाकर अनमैप्ड मतदाताओं का सत्यापन कर रहे हैं तथा उन्हें आवश्यक दस्तावेजों एवं प्रक्रिया की जानकारी भी दे रहे हैं। पार्टी लगातार इस अभियान की निगरानी कर रही है, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सही ढंग से दर्ज हो सके। श्री भगत ने कहा कि कांग्रेस लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। यदि किसी स्तर पर बीएलओ, बीएलए-2 अथवा आम मतदाताओं को किसी प्रकार की कठिनाई आती है तो उसे संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठाकर समाधान कराने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

### जिला आधार निगरानी समिति की बैठक में डीसी ने दिए कई निर्देश

# आधार सेवा केंद्र का संचालन शीघ्र प्रारंभ हो

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त संदीप कुमार मीना की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला आधार निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित आधार सेवा केंद्रों की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा करते हुए आधार सेवाओं को अधिक सुलभ एवं प्रभावी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सीएससी मैनेजर को निर्देश दिया कि कुडू प्रखंड कार्यालय परिसर में आधार सेवा केंद्र का संचालन शीघ्र प्रारंभ कराया जाए। साथ ही डीपीओ (यूआईडी) को आवश्यक औपचारिकताएं तत्काल पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने जिला मुख्यालय में पूर्व से संचालित आधार सेवा केंद्र को पुराने समाहरणालय भवन में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर वहां आधार सेवा केंद्र का संचालन प्रारंभ कराने का भी निर्देश दिया। बैठक में संकुल संसाधन केंद्रों में आधार सेवाओं के विस्तार पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने संबंधित आधार सेवा प्रदाता एजेंसी को सेन्हा संकुल संसाधन केंद्र में आधार सेवा केंद्र को क्रियाशील करने का निर्देश दिया। बैठक में बच्चों के आधार इनरोलमेंट को प्राथमिकता देते हुए उपायुक्त ने बाल विकास परियोजना कार्यालय में आधार इनरोलमेंट कार्य के लिए महिला पर्यवेक्षिकाओं की परीक्षा आयोजित कर राज्य स्तर की आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को डाक विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर विशेष शिविर आयोजित करने तथा 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का शत-प्रतिशत आधार नामांकन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त राज महेश्वरम, सिविल सर्जन डॉ. राजू कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आलोका कुमारी चौधरी, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी सुशील कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, डीपीओ (यूआईडी) देव प्रकाश विक्की, डाक विभाग एवं एलडीएम के प्रतिनिधि, सीएससी मैनेजर सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।



### जिला संचार मीनार समिति की बैठक आयोजित

**लोहरदगा।** उपायुक्त की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला संचार मीनार समिति (डिस्ट्रिक्ट मोबाइल टावर कमिटी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में मोबाइल नेटवर्क एवं इंटरनेट सेवाओं की स्थिति की समीक्षा की गई तथा संचार सुविधाओं को बेहतर बनाने पर चर्चा हुई। बैठक में नए समाहरणालय भवन में मोबाइल नेटवर्क की समस्या पर चर्चा करते हुए एयरटेल कंपनी को परिसर में मोबाइल टावर स्थापित करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया। साथ ही डीपीओ (यूआईडी) को टावर स्थापना से संबंधित आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कराने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में मोबाइल एवं इंटरनेट सेवाओं में सुधार की आवश्यकता पर बल देते हुए सभी सेवा प्रदाता कंपनियों से नेटवर्क की गुणवत्ता बेहतर करने का निदेश दिया ताकि लोगों को सुगम संचार सुविधा मिल सके। बैठक में नगर क्षेत्र में स्थापित मोबाइल टावरों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद को आवश्यक जांच कर नियमानुसार आगे की कार्रवाई करने को कहा गया।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज**
**(E-mail: eercdmedini-jhr@nic.in, eercdmedini@gmail.com)**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद द्वारा सूचित करना है कि विश्रामपुर–बेलहारा भाया पाण्डु पथ के 22वें कि0मी0 में ग्राम बेलहारा में अवस्थित पुल क्षतिग्रस्त है, जिसमें भारी वाहनों का आवागमन अगले आदेश के लिए पूर्णतः निषेध है।

निदेशानुसार
**कार्यपालक अभियंता**
पथ निर्माण विभाग
पथ प्रमण्डल, डालटनगंज

PR 384089 (District) 26-27 (D)

**कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा**

**–: अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :–**

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत् लोहरदगा जिला में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्याह्न भोजन) योजना अन्तर्गत स्कूल स्टेप डिलीवरी के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए लोहरदगा जिला के सभी प्रखण्डों में अवस्थित राज्य खाद्य निगम गोदाम से सभी संबंधित प्रखण्ड के विद्यालयों तक सरकार द्वारा निर्धारित अधिकतम रू0 42.50 (बयालीस रूपये पचास पैसे) मात्र प्रति क्विंटल की दर सीमा अंतर्गत, जो **वर्ष 2026–27 से 2028–29** के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है।

खाद्यान्न (चावल) के परिवहन–सह–हथालन कार्य करने हेतु लोहरदगा जिला के सभी प्रखण्डों के विद्यालयों के लिए **दिनांक 04.07.2026 से 09.07.2026 के 5.00 बजे अपराह्न तक** विहित प्रपत्र में सशर्त खुली निविदा आमंत्रित की जाती है तथा **दिनांक 11.07.2026 को 12.00 बजे मध्याह्न निविदा समिति** के समक्ष खोली जायेगी।

निविदा की अन्य शर्तें https://lohardaga.nic.in पर देखी जा सकती है।

जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा। उप विकास आयुक्त, लोहरदगा। उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लोहरदगा।

PR 384020 (Lohardaga)26-27*D

**झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग उद्यान निदेशालय, झारखण्ड**
**कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, लोहरदगा**

**आम सूचना**

झारखण्ड सरकार, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (उद्यान प्रभाग) के राज्यादेश संख्याः–16, दिनांक 10.06.2026 के आलोक में राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु कृषक भाईयों को सूचित किया जाता ळे कि **लोहरदगा** जिला में निम्नांकित रूप से **उद्यान विकास की योजना** अन्तर्गत उपयोजना **मधुमक्खी पालन की योजना** का कार्यान्वयन किया जाना है, जिसके लिए योजनानुसार अवयवार निर्धारित अनुदानपर योजना का लाभ प्रदान किया जाना है। इच्छुक कृषक/स्वयं सहायता समूह/कृषक उत्पादक समूह(FPO)/सहकारी समिति/सखी मण्डल, जोइस योजना का लाभ लेना चाहते हैं, वे अपना आवेदन स्थानीय माननीय जन–प्रतिनिधि से अनुसंशित कराकर दिनांक **15.07.2026** तक कार्यालय अवधि में जिला उद्यान कार्यालय, प्रखण्ड उद्यान नर्सरी परिसर, लोहरदगा में जमा कर सकते हैं।

मधुमक्खी पालन की योजना का भौतिक लक्ष्य (सं०/इकाई/हे०/एकड़ में)

| क्र.सं. | कार्यअवयव | भौतिक लक्ष्य |
|---|---|---|
| 1 | Honey Bee Colony Per Farmers 20 Units @Rs 1600/Unit | 18सं० |
| 2 | Hives Per Farmers 20 Units @Rs 1600/Unit | 18सं० |
| 3 | Equipment Including Honey Extractor (4 Frame ), Food Grade Container ( 30 kg), Net etc. Per farmers 1 unit @ Rs16000/unit | 18सं0 |
| 4 | District level Training @ Rs 1000/farmer.day for 3 Days | 18 सं0 |

नोट :– 1. जिला उद्यान पदाधिकारी, लोहरदगा के द्वारा लाभुकों/कृषकों की पात्रता को सत्यापित किया जायेगा।
2. लाभुक का चयन उपलब्ध उपलब्ध सूचि के अनुसार पंचायती राज संस्थाओं के स्थानीय प्रतिनिधियों द्वारा अनुशंसा के आधार पर किया जायेगा।
3. योजना कार्यान्वयन में SC, ST लघु एवं सीमांत कृषक, कृषक समूह, FPO, महिला स्वयं सहायता समूह को प्राथमिकता दी जायेगी।
4. जिला उद्यान कार्यालय, लोहरदगा से दिनांक **15.07.2026** तक कार्यालय अवधि में निःशुल्क आवेदन प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है।
5. आवेदन प्रपत्र दिनांक**15.07.2026** तक जमा किया जाना है, उसके बाद आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।
6. अपूर्ण आवेदन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
7. उपरोक्त योजना उद्यान निदेशालय, झारखण्ड से प्राप्त लक्ष्य के आलोक में है।
8. योजना के संदर्भ में विशेष जानकारी हेतु प्रखण्ड स्तर पर **BAO/BTM/ATM/VLW/उद्यान मित्र/ कृषक मित्र** एवं जिला स्तर पर कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, लोहरदगा से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी,
लोहरदगा।

PR. NO.384042 Lohardaga(26-27):D

**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग)**
**जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार**

**लातेहार जिला के मत्स्य पालकों के लिए आम सूचना**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग), झारखण्ड, राँची के राज्यादेश सं0 15 दिनांक 23.06.2026 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2026–27 में लातेहार जिला के मत्स्य पालकों को **फीड बेस्ड फिशरीज योजना** हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है –

तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना

| क्र0 | योजना का नाम | लघु शीर्ष 796 | लघु शीर्ष 789 | विवरणी | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 mm अथवा इससे छोटे फ्लोटिंग फीड का क्रय (टन में) | 6 | 1 | i) इस योजना अंतर्गत मत्स्य कृषकों को मछली उत्पादन हेतु 50 प्रतिशत अथवा मो0 25/– रू0 प्रति कि0ग्रा0 अधिकतम अनुदान पर कम से कम 24 प्रतिशत प्रोटीन गुणवत्ता युक्त 2 mm से बड़े 4 mm तक का फिश फीड सपलब्ध कराया जायगा। | पहले आओ पहले पाओ के आधार पर वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए मत्स्य कृषकों को फीड के क्रय पर निर्धारित अनुदान की राशि देय होगा। |
| 2 | झास्कोफिश/विभागीय फिश फीड मिल/ PMMSY अंतर्गत निर्मित फीड मिल से फ्लोटिंग फीड का क्रय (टन में) | 6 | 1 | ii) मत्स्य पालकों को 2 mm अथवा इससे छोटे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड (खुले बाजार से) के क्रय पर भी 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम मो0 25/– रू0 प्रति कि0ग्रा0 फीड की दर से देय होगा। | |
| 3 | 2 mm से बड़े 4 mm तक के फ्लोटिंग फीड का क्रय (टन में) | 6 | 1 | iii) एक लाभुक को अधिकतम कुल 700 कि0ग्रा0 2 mm अथवा इससे छोटे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के क्रय पर अधिकतम मो0 25/– रू0 प्रति कि0ग्रा0 फीड की दर से देय होगा। | |

नोट : उपर्युक्त योजना हेतु आवेदन फार्म जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार से किसी भी कार्य दिवस में निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
लातेहार

PR 384026 Fish(26-27)#D

# नगर परिषद क्षेत्र में मतदाता पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा

● गणना प्रपत्रों के शीघ्र सत्यापन व डिजिटलीकरण के दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 अभियान के तहत शनिवार को नगर परिषद कार्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता 68-गुमला (अजा) विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने की।

बैठक में नगर परिषद कर्मियों एवं बीएलओ सुपरवाइजरों के साथ सभी मतदान केंद्रों पर चल रहे पुनरीक्षण कार्यों की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने गणना प्रपत्रों के सत्यापन एवं डिजिटलीकरण का कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया।

बैठक के बाद निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने मतदान केंद्र संख्या 213, 214, 226 एवं 227 का निरीक्षण कर डिजिटलीकरण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। संबंधित बीएलओ एवं स्वयंसेवकों को अधिक से अधिक गणना प्रपत्रों का शीघ्र, त्रुटिरहित एवं गुणवत्तापूर्ण डिजिटलीकरण सुनिश्चित करने तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन करने का निर्देश दिया गया।

अधिकारियों ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए प्रत्येक गणना प्रपत्र का सही सत्यापन और समय पर डिजिटलीकरण आवश्यक है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में 30 जून से 29 जुलाई तक विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन एवं गणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण किया जा रहा है।

# एसआईआर-2026 को लेकर वॉलेंटियर्स का विशेष प्रशिक्षण

● उपायुक्त ने समयबद्ध व त्रुटिरहित सत्यापन सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो की अध्यक्षता में शनिवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय, गुमला के सभागार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) के सफल संचालन को लेकर विशेष बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) के साथ कार्यरत वॉलेंटियर्स को पुनः प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य क्षेत्रीय कार्य के दौरान आने वाली तकनीकी व प्रक्रियागत समस्याओं का समाधान कर पुनरीक्षण कार्य को त्रुटिरहित, पारदर्शी और समयबद्ध ढंग से पूरा करना था।

उपायुक्त ने कहा कि 30 जून से 29 जुलाई 2026 तक जिले में घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया जा रहा है। उन्होंने सभी बीएलओ, वॉलेंटियर्स एवं संबंधित पदाधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक में प्राप्त गणना प्रपत्रों के सत्यापन, आवश्यक दस्तावेजों की जांच, डिजिटलीकरण तथा निर्वाचक नामावली के प्रारूप प्रकाशन की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक प्रपत्र का निर्धारित समय-सीमा के भीतर सावधानीपूर्वक सत्यापन किया जाए तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि या दस्तावेजों की कमी नहीं रहनी चाहिए।

उन्होंने बताया कि अधिकांश मतदान केंद्रों पर सत्यापन के लिए अब सीमित मतदाता शेष हैं। ऐसे में बीएलओ, पर्यवेक्षक एवं स्वयंसेवकों को क्षेत्र में सक्रिय रहकर लंबित प्रपत्रों का सत्यापन शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया। साथ ही तकनीकी अथवा पोर्टल संबंधी समस्या आने पर तत्काल संबंधित अधिकारियों को सूचित करने को कहा।

बैठक में दैनिक प्रगति की नियमित निगरानी, प्रपत्रों की प्रविष्टि, सत्यापन एवं डिजिटलीकरण की समीक्षा के निर्देश भी दिए गए। स्वयंसेवकों को दस्तावेजों की जांच, सत्यापन प्रक्रिया और नागरिकों के साथ समन्वय स्थापित करने के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। उपायुक्त ने जिले के सभी पात्र मतदाताओं से अभियान में सहयोग करने और बीएलओ को आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने की अपील की।

# अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**पालकोट (गुमला)।** पालकोट थाना क्षेत्र के बंगरु गांव निवासी 35 वर्षीय बुधना केरकेट्टा की अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना शुक्रवार रात करीब नौ बजे रक्तपानी पत्राटोली के पास हुई। शनिवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

जानकारी के अनुसार, बुधना केरकेट्टा पालकोट स्थित रंजीत ईंट भट्ठा में मजदूरी करता था। शुक्रवार रात काम समाप्त होने के बाद वह साथियों के साथ बाइक से घर लौट रहा था। रास्ते में रक्तपानी पत्राटोली के पास उसने शौच के लिए सड़क किनारे रुकने की बात कहकर साथियों को आगे बढ़ जाने को कहा।

बताया जाता है कि शौच कर वापस सड़क की ओर लौटने के दौरान वह किसी अज्ञात ट्रक की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। काफी देर तक उसके नहीं पहुंचने पर साथी लौटे तो उसे सड़क किनारे खून से लथपथ पाया। इसके बाद स्थानीय लोगों और पालकोट थाना पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। मृतक परिवार का मुख्य कमाने वाला सदस्य था। उसके परिवार में पत्नी और दो छोटे बच्चे हैं। पुलिस अज्ञात ट्रक की पहचान कर मामले की जांच कर रही है।

# टोटो स्कूल में दर्द की दवा खाने के बाद छात्र बेहोश

**गुमला।** टोटो थाना क्षेत्र के डेवीडिह गांव निवासी 18 वर्षीय सोनु उरांव, जो टोटो हाई स्कूल का नौवीं कक्षा का छात्र है, शनिवार को स्कूल में दर्द की दवा खाने के कुछ देर बाद अचानक बेहोश हो गया। घटना के बाद विद्यालय में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, स्कूल के दौरान सोनु ने दर्द की दवा का सेवन किया था। दवा खाने के कुछ ही देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश होकर गिर पड़ा। सहपाठी छात्रों ने तत्परता दिखाते हुए उसे ऑटो से दोपहर करीब 1:30 बजे सदर अस्पताल, गुमला पहुंचाया। सदर अस्पताल में चिकित्सक डॉ. पी.सी. भगत ने छात्र की जांच कर उपचार शुरू किया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है। फिलहाल वह चिकित्सकों की निगरानी में भर्ती है। छात्र ने दर्द की दवा किस कारण और कितनी मात्रा में खाई थी, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

# पलायन करने वालों का हो पंजीकरण, बिचौलियों के चंगुल से बचाना जरूरी : आशा लकड़ा

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर (गुमला)।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की सदस्य आशा लकड़ा ने शनिवार को चैनपुर प्रखंड का दौरा कर ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने बिजली, पानी, सड़क, राशन, मोबाइल नेटवर्क सहित विभिन्न मूलभूत समस्याओं की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

ग्रामीणों ने भटौली-छिछवानी, जनावलपाठ, डोकापाठ, जोबलापाठ और चितरपुर कोरवा टोली तक सड़क निर्माण, जल जीवन मिशन के तहत खराब पड़े जलमीनारों की मरम्मत, नए जलमीनारों की स्थापना तथा अन्य विकास कार्यों की मांग उठाई। छतरपुर पेट्रोल पंप संचालक के दुर्व्यवहार का मामला भी उनके समक्ष रखा गया। आशा लकड़ा ने कहा कि आदिवासी बहुल क्षेत्रों में ग्रामसभा की अनुमति के बाद ही नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बालू की कमी से सरकारी योजनाएं प्रभावित नहीं होने देने के लिए प्रशासन को आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया।

मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि आयोग का उद्देश्य जनजातीय समुदाय के अधिकारों की रक्षा और उनके विकास को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की कई योजनाएं अब भी गांवों तक प्रभावी ढंग से नहीं पहुंच सकी हैं। ऐसे में उनकी समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पलायन को गंभीर मुद्दा बताते हुए कहा कि बाहर काम करने जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति का श्रम विभाग और थाना स्तर पर समुचित पंजीकरण होना चाहिए। इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि वे सुरक्षित स्थान पर पहुंचे हैं और किसी बिचौलिये के शोषण का शिकार नहीं हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर संबंधित विभागों को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा जाएगा।

इस अवसर पर डीडब्ल्यूओ आलोक रंजन, एसडीओ हरि उरांव, बीडीओ यादव बैठा, सीओ दिनेश कुमार, थाना प्रभारी अरविंद कुमार, जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा, सांसद प्रतिनिधि अल्बर्ट तिग्गा, उपप्रमुख प्रमोद खलखो सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे।

# चैनपुर में दो लोगों को जहरीले सांप ने डसा, एक महिला की हालत गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता**



**चैनपुर (गुमला)।** चैनपुर प्रखंड में सर्पदंश की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। शनिवार को अलग-अलग गांवों में दो लोगों को जहरीले सांप ने डस लिया। दोनों का इलाज कराया जा रहा है, जबकि एक महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे गुमला सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

पहली घटना में 43 वर्षीय तीजेन देवी अपने घर की बाड़ी में अदरक की गुड़ाई कर रही थीं। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे करैत सांप ने उनके बाएं पैर में डस लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गुमला रेफर कर दिया गया।

दूसरी घटना बघलतापाठ गांव की है। यहां 19 वर्षीय बिनोद मुंडा घर के पास सूख रहे कपड़े उतारने गया था। कपड़ों में छिपे सांप ने उसे काट लिया। परिजनों ने तत्काल उसे चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां सीएचओ और एएनएम की टीम ने उसका उपचार शुरू किया। चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत फिलहाल स्थिर है।

# गुनिया में जलमीनार बंद, श्रमदान कर ग्रामीणों ने साफ किया कुआं

**घाघरा (गुमला)।** प्रखंड के गुनिया गांव में पेयजल संकट गहराने के बाद ग्रामीणों ने स्वयं मोर्चा संभाल लिया। शनिवार दोपहर दो दर्जन से अधिक महिला-पुरुषों ने श्रमदान कर वर्षों पुराने कुएं की साफ-सफाई की, ताकि गांव में पीने के पानी की व्यवस्था हो सके। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं होने से लोगों को करीब एक किलोमीटर दूर स्थित कुएं से पानी लाना पड़ता है। इसका सबसे अधिक असर महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों पर पड़ रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में लगे सभी सोलर जलमीनार लंबे समय से खराब पड़े हैं, लेकिन उनकी मरम्मत नहीं कराई जा रही है। समाजसेवी करीमन उरांव ने बताया कि जल्द ही ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त से मिलकर ज्ञापन सौंपेगा। इसमें एक बड़े जलमीनार की स्थापना तथा खराब सोलर जलमीनारों की शीघ्र मरम्मत की मांग की जाएगी। ग्रामीणों ने कहा कि 15वें वित्त आयोग की राशि से नए सोलर जलमीनार लगाए जा रहे हैं, लेकिन पहले से बंद पड़ी योजनाओं की मरम्मत नहीं हो रही है। उन्होंने प्रशासन से पुरानी पेयजल योजनाओं को भी प्राथमिकता के आधार पर चालू कराने की मांग की है।

# डीडीसी ने प्रखंड कार्यालय व पंचायतों का किया निरीक्षण



● विकास योजनाओं की समीक्षा कर लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** उप विकास आयुक्त अनिमेश रंजन ने शनिवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय, गुमला का निरीक्षण कर विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी, सहायक परियोजना पदाधिकारी (मनरेगा), जिला समन्वयक ग्रामीण आवास सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मनरेगा, ग्रामीण आवास योजना, पंचायती राज एवं अन्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए मनरेगा के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। ग्रामीण आवास योजना के लंबित आवासों को शीघ्र पूरा कराने तथा प्रथम किस्त मिलने के बाद भी निर्माण शुरू नहीं करने वाले लाभुकों से समन्वय स्थापित करने को कहा। साथ ही 15वें वित्त आयोग की लंबित भुगतान प्रक्रिया नियमानुसार पूरी करने का निर्देश दिया। कार्यालय निरीक्षण के दौरान कैश बुक, वेतन भरपाई पंजी एवं आगत-निर्गत पंजी की जांच की गई, जो सुव्यवस्थित पाए गए। इसके बाद उन्होंने तेलगांव पंचायत का भ्रमण कर मनरेगा, ग्रामीण आवास एवं 15वें वित्त आयोग से संचालित योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने जलमीनार का मोटर चोरी होने से पेयजल संकट, जर्जर सामुदायिक भवन और नए आंगनबाड़ी भवन की आवश्यकता से अवगत कराया। इस पर डीडीसी ने जलमीनार के लिए नया मोटर उपलब्ध कराने, सामुदायिक भवन की मरम्मत तथा नए आंगनबाड़ी भवन का प्रस्ताव तैयार कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने लाभुक सरस्वती देवी की आम बागवानी, कूप निर्माण एवं ड्रिप सिंचाई योजना का भी निरीक्षण किया तथा बागवानी के बेहतर रखरखाव, खरपतवार की नियमित सफाई एवं इंटरक्रॉपिंग अपनाने की सलाह दी।

# प्रियंका मौत मामले में पूर्व आईजी डॉ. अरुण उरांव ने परिजनों से की मुलाकात

**भरनो (गुमला)।** कस्तूरबा विद्यालय की छात्रा प्रियंका कुमारी की संदिग्ध मौत के मामले में शनिवार को पूर्व आईजी सह भाजपा नेता डॉ. अरुण उरांव मृतका के गांव बूढ़ीपाठ तेतरटोली पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। डॉ. उरांव ने कहा कि प्रियंका की मौत अत्यंत दुखद एवं गंभीर मामला है। उन्होंने कहा कि होनहार छात्रा का छात्रावास में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाया जाना कई सवाल खड़े करता है। परिजनों ने विद्यालय प्रबंधन की लापरवाही की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। डॉ. उरांव ने बताया कि उन्होंने गुमला एसपी से फोन पर बातचीत की है। एसपी ने जानकारी दी है कि मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द ही मामले का खुलासा होने की उम्मीद है। उन्होंने यह भी कहा कि आवश्यकता पड़ने पर वे डीजीपी से भी बात करेंगे और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। इस मौके पर कई समाजसेवी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।


## झारखण्ड सरकार
### श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
### जिला नियोजनालय, लातेहार

**रिक्ति की सूचना**

**भर्ती कैम्प –सह– निबंधन कैम्प : 2026**

**दिनांकः 07/07/2026**

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में सुगमता से नियोजित करने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, लातेहार के द्वारा **दिनांकः 07.07.2026, दिन : मंगलवार** के **पूर्वाहन् 10:30 बजे से अपराहन् 04:00 बजे** तक जिला खेल स्टेडियम के सामने खुला मैदान में **एक दिवसीय भर्ती कैम्प–सह–निबंधन कैम्प : 2026** आयोजित किया जा रहा है।

**भर्ती कैम्प 2026** में निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

| S. no. | Name and add. Of the Employer | Name of the post | No. of vac. | Qualification – Essential | Qualification – Desirable | Experience | Age | Job Location | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | Premsons Bajaj, Sujata Chowk, Ranchi | Sales Excutive | 05 | 12th | **Graduate** | - | 01 YR. | Jharkhand | – |
| | | Team Leader | 01 | **Graduate** | - | - | | Jharkhand | |
| 2 | Freedom Employability Academy, Latehar, Jharkhand | Customer Advisor | 20 | **Graduate** | - | Fresher | 22+ | Jharkhand and out of Jharkhand | 17500/- |
| | | Team Leader | 02 | **Graduate** | - | - | 25+ | | |
| 3 | L.I.C. Latehar | Agent | 100 | 10th pass | - | – | 18+ | Latehar | Commission Bases |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा https://jharniyojan.jharkhand.gov.in/ पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प 2026 में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायो डाटा(2 कॉपी) एवं नियोजनालय का निबंधन कार्ड के साथ उपस्थित हों। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है।

नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तों के लिए वे उत्तरदायी हैं। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहा है एवं चयन में नियोजनालय की भूमिका नहीं है।

इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा।

**दिनांकः 07.07.2026, दिन : मंगलवार।**

**समय : पूर्वाहन् 10:30 बजे से अपराहन 04:00 बजे तक।**

**स्थान : जिला खेल स्टेडियम, लातेहार।**

**नोट :–रिक्ति की विस्तृत विवरणी जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.in पर एवं जिला नियोजन कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।**

**।। आपके उज्जवल भविष्य के शुभकामनाओं के साथ।।**

निवेदक,
जिला नियोजन पदाधिकारी, लातेहार

PR 384028 (Labour Employment and Traning) 26-27 (D)


# एल-नीनो की चुनौती के बीच ड्रम सीडर तकनीक बनी किसानों का सहारा, केवीके ने किया शाकनाशी-सहिष्णु धान का प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** अनियमित वर्षा और एल-नीनो के प्रभाव के बीच समय पर धान की बुवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), गुमला (विकास भारती, बिशुनपुर) द्वारा जिले के लुत्तोबारटोली गांव में किसानों के खेतों पर दो एकड़ क्षेत्र में सीआर धान-807 शाकनाशी-सहिष्णु किस्म का ड्रम सीडर आधारित गीले खेत में सीधी बुवाई (वेट डीएसआर) तकनीक का प्रदर्शन किया गया।

इस प्रदर्शन का उद्देश्य कम वर्षा और अनियमित मानसून की स्थिति में धान उत्पादन को अधिक टिकाऊ, किफायती और समयबद्ध बनाना है। वैज्ञानिकों ने बताया कि एल-नीनो के प्रभाव और वर्षा के असमान वितरण के कारण किसानों को धान की बुवाई में विलंब का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे समय में कम अवधि वाली धान की किस्में और यंत्रीकृत बुवाई तकनीकें किसानों के लिए प्रभावी विकल्प बन रही हैं।

कार्यक्रम के दौरान किसानों को बताया गया कि ड्रम सीडर से अंकुरित बीजों की कतारबद्ध सीधी बुवाई करने पर रोपाई की आवश्यकता समाप्त हो जाती है, जिससे श्रम की बचत होती है। इससे समय पर बुवाई, बीज की बचत, पौधों के बीच समान दूरी तथा खरपतवार प्रबंधन आसान हो जाता है। साथ ही उत्पादन लागत घटती है और यांत्रिक निराई-गुड़ाई सहित अन्य कृषि कार्य भी अधिक प्रभावी ढंग से किए जा सकते हैं।

वैज्ञानिकों ने बताया कि सीआर धान-807 शाकनाशी-सहिष्णु धान की किस्म है, जिसमें अनुशंसित शाकनाशी के प्रयोग से खरपतवारों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। इससे फसल की प्रारंभिक वृद्धि बेहतर होती है, श्रम लागत कम होती है तथा उत्पादन बढ़ने की संभावना रहती है।

केवीके गुमला के कृषि अभियंता ईनो राई ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और अनिश्चित मानसून के दौर में कम अवधि वाली धान किस्मों, जल-संरक्षण आधारित तकनीकों और कृषि यंत्रीकरण को अपनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने किसानों से वैज्ञानिक अनुशंसाओं के अनुरूप आधुनिक तकनीकों को अपनाकर जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में स्थानीय किसान कमलदीप उरांव, कार्तिक उरांव, हरी उरांव, जितेंद्र उरांव, एतवा उरांव सहित अन्य किसानों ने भाग लिया।


## कार्यालयः–उपाधीक्षक सदर अस्पताल, चतरा

**अतिअल्पकालीन निविदा/कोटेशन दर निर्धारण आंमत्रण सूचना 01/2026–2027**

सदर अस्पताल, चतरा के अंतर्गत आवश्यक (प्रसव कक्ष, आपातकालीन मेल फिमेल वार्ड, एम0एन0सी0यु0 वार्ड) औषधि व सामग्री की आपुर्ति हेतु पंजीकृत निर्माता/प्रतिष्ठानों/प्राधिकृत एजेंसी/ फर्म/ विक्रेता से निम्न शर्तो के साथ कोटेशन/ अल्पकालीन निविदा वित्त विभाग झारखंड सरकार के पत्रांक 221/वि0 दिनांक 03.02.2011 के आलोक में आमंत्रित की जाती है।

| SL | Description | UNIT | SL | Description | UNIT | SL | Description | UNIT |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | InjAtropin | Per unit | 01 | 3 Layer Face Mask | Per unit | 24 | Folly's Catheter 10,14,16 | Per unit |
| 02 | InjAVS( 500 mg) | Per unit | 02 | B.T Set | Per unit | 25 | Gouse than 90x18 | Per unit |
| 03 | Inj Calcium Gluconate | Per unit | 03 | Bandage 4" | Per unit | 26 | Surgical Gloves 6.5,7,7.5 | Per unit |
| 04 | InjDeriphylline | Per unit | 04 | Bandage 6" | Per unit | 27 | I V set | Per unit |
| 05 | Inj Dexamethasone 8 mg | Per unit | 05 | Bed Pan | Per unit | 28 | Xylonet | Per unit |
| 06 | Inj Diazepam | Per unit | 06 | Candulla No 20 | Per unit | 29 | Uro Bag | Per unit |
| 07 | InjDizepam or Lorazepam | Per unit | 07 | Candulla No 22 | Per unit | 30 | Syringe 3 ml with needle | Per unit |
| 08 | Inj Drotaverine | Per unit | 08 | Candulla No 24 | Per unit | 31 | Syringe 5 ml with needle | Per unit |
| 09 | Inj Phenytoin ( 100 mg) | Per unit | 09 | Candulla No 18 | Per unit | 32 | Suction Catheter no 6,8,& 18 | Per unit |
| 10 | InjHemaccel (600 ml) | Per unit | 10 | Catheter Bag | Per unit | 33 | Syringe 10 ml with needle | Per unit |
| 11 | InjIsolyte -P (500 ml) | Per unit | 11 | Cord Clamp | Per unit | 34 | Syringe 2 ml with Neddle | Per unit |
| 12 | Injfrusamide 10 mg | Per unit | 12 | Cotton Roll | Per unit | | | |
| 13 | InjMedazolam | Per unit | 13 | Disposable shoes cover | Per unit | | | |
| 14 | Inj Mannitol 20% (100 ml) | Per unit | 14 | Licoplast | Per unit | | | |
| 15 | Inj MVI | Per unit | 15 | Micro pore 1" | Per unit | | | |
| 16 | InjOndsetron( 4mg) | Per unit | 16 | Micro Pore 2" | Per unit | | | |
| 17 | Inj Oxytocin | Per unit | 17 | Mucous Extracter | Per unit | | | |
| 18 | InjPantroprazole 40 mg/ Ranitidine-150 mg | Per unit | 18 | Ryle's Tube No 10 | Per unit | | | |
| 19 | Syp Multivitamin | Per unit | 19 | Ryle's Tube No 14 | Per unit | | | |
| 20 | Tab Sorbitat | Per unit | 20 | Ryle's Tube No 16 | Per unit | | | |
| 21 | InjMethylcoblamin | Per unit | 21 | Sanitizer 100 ml | Per unit | | | |
| 22 | Cap-Nifedipine-5mg | Per unit | 22 | ECG Paper Roll | Per unit | | | |
| | | | 23 | Examination Gloves | Per unit | | | |

नियम एवं शर्तेः–

1. आपुर्ति आदेश निर्गत होने के 01 सप्ताह के अंदर सम्पन्न करना होगा।
2. परिवहन हेतु एवं परिवहन के दौरान टूट फुट पर कोई अतिरिक्त शुल्क देय नहीं होगा।
3. आपुर्ति के समय औषधी की Safe Life 80% होनी चाहिए।
4. आपुर्ति किए गए औषधी का निम्न स्तरीय धोषित होने की स्थिति मे नियमानुसार वसूली एवं आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।
5. आपुर्ति के समय विपत्र तीन प्रतियों में संलग्न करना होगा।
6. इच्छुक विक्रेता/फर्म 13.07.2026 अपराहन 12:00 बजे तक अपना कोटेशन हाथों–हाथ अथवा रजिस्ट्री के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय मे जमा कर सकते है।
7. कोटेशन/निविदा खोलने की तिथि 14.07.2026 अपराहन 03:00 बजे है।
8. बिना कारण बताए कोटेशन रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

उपाधीक्षक
सदर अस्पताल, चतरा।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा।

PR 384051 Health Med Edu and Family Welfare(26-27)#D

## आवरण

कविताएं महज शब्द नहीं, एक आवरण हैं,
परिधान है वो, जो ओढ़ती लेखनी है।
यह तो भावों का आचमन, एक समर्पण है,
इसे उघाड़ो मत, यह
अंतर्मन की ध्वनि है।
कलेवर लगाकर पढ़ो
इसे, बस विधा मानो,
कवि के निजी जीवन
का इसे गवाह न जानो।
उन्हें महसूस करो,
जिन्होंने इसे महसूसा है,
तभी तो यह सृजन समष्टि को समर्पित हुआ है।
माँ शारदे के आशीष से जो सुर मिला,
तभी तो कोरे पन्नों पर यह भाव खिला।
यह तूलिका महज स्याही का रूप नहीं,
यह तो बहता हुआ अस्थि-मज्जा-रक्त है।
इसी ने दामिनी की चीख को पन्नों पर उतारा,
यही किन्नर और वेश्या के दर्द का भक्त है।
कवि ने पात्र के हृदय को गहराई से जिया,
उसके दुखों को परिधान बनाकर खुद पहन लिया।
तड़प को महसूस कर जब भावों को पिरोया,
तब जाकर कहीं इन शब्दों ने आकार लिया।
समाज से ही तो शब्द और संवेदनाएं पाईं,
फिर शब्दों का आवरण पहनाकर यह मूरत बनाई।
वह खुद हर दर्द की भुक्तभोगी नहीं होती,
संवेदना और वेदना के गहरे सागर में डूबकर,
आपकी ही अनकही, अनसुनी भावनाओं को,
उसकी कलम कागज पर मुकम्मल करती है।
आप भी इसे बस एक सुंदर आवरण बना लें,
इसे ओढ़कर, इसकी रूह को महसूस कर लें।
रचना का इस तरह निर्मम पोस्टमार्टम न करें,
कवि का मन दुखता है, रूह में सिहरन होती है!


डॉ सविता सिंह 'मीरा'

## मुहावरे एवं लोकोक्तियां

मुहावरे एवं लोकोक्तियां हमारे लोक जीवन की संपदा है। सारगर्भित, अभिव्यक्ति कौशल से पूर्ण, व्यंग की पैनी धार समेटे भाषा को जीवंत बनाती है। यह लोक जीवन की आस्था से गहरे जुड़े लोक व्यवहार में गहरी अनुभूति सेअभिव्यक्ति पाती है। इसलिए भाषा को सहज रूप से आकर्षक सजीव और प्रवाह पूर्ण बनाती ही है। गंभीर अर्थ समेटे हमारे दैनंन्दिनी के अनुभव को विस्तार देती है। लोक चेतना ओर मर्म को वानी देती है। एक एक मुहावरें में एक-एक कहानियों के बीज छुपे होते है। कबीर अपनी वाणी में दोहे में कहावतों मुहावरों का प्रयोग कर और भी गांभीर्य अर्थ प्रदान किया है। भाषा की प्रौढ़ता अभिव्यक्ति को और पैना बना देती है,जैसे-पांव कुल्हड़िया मरिया मूरख अपने हाथ या बोए पेड़ बबूल का आम कहां से होय आदि।


प्रेमलता ठाकुर

कुछ मुहावरें देखें,
कभी घी घना कभी मुट्ठी भर चना
तन पर नही लत्ता पान खाये अलबत्ता
अपना रख पराया चख
पढ़े फ़ारसी बेचे तेल देखो रे विधना का खेल
जैसे वहे वयार पीठ तब वैसी कीजै
आठ कन्नौजिये नौ चूहे
गवाह चुस्त मुदई सुस्त
तेल देखो तेल की धार न देखो
दमड़ी की हांडी भी ठोक बजा कर लेना
ऐसे ही हजारो कहावतें और मुहावरे भी अन्य भाषाओं में बोले जाते है जो गहरे अनुभव से सिक्त है।

## अतिक्रमण

राम उदास बैठा सूनी-सूनी दृष्टि से पश्चिम दिशा की ओर आसमान में डूबते सूर्य को निहार रहा था। पीछे उसकी ही लंबी परछाई दिख रही थी ऐसी जैसे वह उसके जीवन के डगर को घेर कर पसर गई हो। उसके बचपन का मित्र अरुण वहाँ पहुँचकर बहुत देर तक उसे देखता रहा, परन्तु उसका ध्यान जब भंग नहीं हुआ तब उसने उसे आवाज दे दी –"राम, इस तरह शून्य में क्या देख रहे हो? शाम होने को है, चलो घर चलें।" वह चौंक कर पीछे पलट गया, मित्र को देखकर बोला –"अरुण क्या करूं, कहाँ जाऊं कुछ समझ में नहीं आता है। पापा कितने खुश हुए थे बेटा गोल्ड मेडलिस्ट है किसी न किसी अच्छे कॉलेज में व्याख्याता बन जाएगा। कितनी उम्मीदें थीं उन्हें मुझसे, सब पर पानी फिर गया।" "तू चिंता क्यों करता है, प्रारंभ से लेकर अभी तक तेरा रिजल्ट बहुत ही अच्छा रहा है। कहीं अच्छी जगह जरूर तेरी नौकरी हो जाएगी।" "कैसे हो जाएगी मित्र अब हमारे लिए लगता है कहीं कोई स्थान रिक्त नहीं है। मेरा गोल्ड मेडल मात्र दिखावा का रह गया।" "ऐसा क्यों कह रहे हो अभी कॉलेज में वैकेंसी निकला था न। तुम तो साक्षात्कार देकर आए और कह रहे थे बहुत अच्छा हुआ है, आने दो उसका रिजल्ट।" "अब उसकी भी प्रतीक्षा नहीं है मित्र। वहाँ अतिक्रमण कर लिया कम नंबर वालों ने, मैं वहां भी अयोग्य हो गया।"


निर्मला कर्ण

काव्य कोना

## विषमता

पानी में राह बन सकता है
नाव में डर लगे, तो क्या कीजिए!
धीरे-धीरे चलती हवा का मौज ले सकते हैं
सुखी पत्तियों से चोट लगे, तो क्या कीजिए!
दुश्मनों में हमदर्द मिल सकता है
अपने ही रूठने लगे, तो क्या कीजिए!
भरोसा करना बहुत आसान होता है
अगला राह बदल ले, तो क्या कीजिए!
चाहत तो पसन्द की कहानी है
प्रीत ही बदल जाये, तो क्या कीजिए!

नाग मणि

# प्रेम और करुणा की दिव्य झलक

वैसे तो मम्मी पापा की दिन भर में न जाने कितनी नोंक झोंक होती है ,पर आज की नोक झोंक कुछ अलग थी ...। आज दो दिन हो गए थे पूसी न किचेन और न ही कमरे में आई थी । दरअसल पूसी एक साल पहले हमारे घर में एक छोटी मिआंऊ में रूप में आई थी।


रीमा महाकुड़

वैसे पापा को बिल्लियां पसंद नहीं थे, पर पूसी से धीरे धीरे उनकी दोस्ती हो गई थी। वो पापा के आस पास मंडराती, पापा जब खाते तो वो चारों वक्त अपनी हाजरी देती थी। पापा पुचकारते तो वो फुले नहीं समाती। ये सब देख मम्मी को भी पूसी से प्यार हो गया,जब कभी पापा बाहर रहते तो मम्मी उसे बुलाकर उसका हिस्सा दे देती। समय ने करवट ली और पूसी अब दो बच्चे की मां बन चुकी थी। अब वो अपने बच्चों के साथ हमारे घर आती थी। पूसी तो समझदार थी पर उनके बच्चे वो अब क्या ही जाने? वो घर में खाते समय फर्श को खूब गंदा करते। ये सब अब हद से ज्यादा हो गया था। मम्मी अकेले घर काम करती तो अब वे इन चीजों से परेशान हो चुकीं थीं। वो पापा के ऊपर बरस पड़ती है "कि आप को तो कुछ करना है नहीं जिसे देखो पाल लेते हैं। पाले है तो साफ कीजिए।"

अब पापा इसका गुस्सा पूसी पर उतारते है उसे फटकारते है कि " तुम्हारे बच्चे इतना गंदा करते है ,आज दो फिर कल



चार मुझे डांट पड़ रही है। चले जाओ, अपने बच्चों को लेकर यहां दुबारा मत आना।"

और पापा काम से निकल जाते है। शाम ढली न पूसी और न ही उसके बच्चे कहीं नजर आए।

आज सुबह पापा के नाश्ते के समय भी वो कहीं नहीं दिखी। दो शाम हो चुके थे और वो आज भी न दिखी तो मम्मी को चिंता होने लगी कि ज्येष्ठ महीने के इतनी गर्मी में पूसी और उसके बच्चे न जाने भूखे प्यासे कहां होंगे? अब उनकी चिंता बढ़ने लगी।

पापा जब रात के भोजन के लिए आए तो मम्मी कहा कि पूसी दो दिन हुआ घर नहीं आई न जाने छोटे-छोटे बच्चों को लेकर कहां गई होगी? आप उसे क्यों भगाए?

पापा ने कहा "तुम ही ने मुझ से उसकी शिकायत की थी और गुस्सा दिलाई थी।" फिर मम्मी कहतीं है कि "मैने साफ करने को कहा था,भागने नहीं ।"

इस नोक झोंक के बीच ,अब पापा को भी चिंता होने लगी कि उनके डांटने से पूसी सच में कहां चली गई ।

मम्मी और पापा रात को उसे खोजने लगे कि पूसी कहां गई होगी।

पड़ोस के भाभी से पूछे - "पूसी आपके घर में है क्या ? या आपने देखा है क्या?"

जवाब न में था!

मम्मी पापा से कहती है कि वो आस पास ही होगी आप प्यार से बुलाए!

पापा ने प्यार से पूसी! पूसी..!

तीन चार बार आवाज लगाई।

पूसी आंगन में रखे लकड़ी के ढेर के पीछे से निकलते हुए धीरे से सामने बाहर निकली। और पापा के पास आकर पूंछ हिलाने लगी। पीछे पीछे उसके बच्चे भी आए और सबने मिलकर साथ खाना खाया।

मम्मी और पापा के आंखों में एक चमक आ गई। वे पूसी का नाराजगी देख चकित थे।

और मैं वहां मौजूद ये सब दृश्य देख भावुक थी। क्योंकि आज ही मैं छात्रावास से छुट्टी में घर आई थी और मुझे लगा था यह मम्मी पापा की सामान्य सी नोक झोंक है। पर नहीं आज की नोंक झोंक सामान्य से कहीं अधिक दिव्य थी। मुझे मानवीय करुणा की दिव्य झलक और जीवों में प्रेम को देखने अनुभव प्राप्त हुआ।

## आद्रा-आम, खीर और दाल पूड़ी का स्वाद

पूरे उत्तर भारत में वर्षा ऋतु के आने पर आद्रा एक त्योहार के जैसे मनाया जाता है। भारत में कई त्योहार मूलतः ग्रह नक्षत्रों की दशा और मौसम से जुड़े होते हैं । सूर्य ऊर्जा, प्रकाश और आरोग्य के कारक हैं अतः भारतीय संस्कृति में सूर्य के राशि और नक्षत्र बदलने का खास धार्मिक महत्व है। पूरे वर्ष सूर्य विभिन्न राशियों में प्रवेश करते हैं और इसी आधार पर ज्योतिर्विद शुभ अशुभ स्थितियों की भविष्यवाणी और आकलन भी करते हैं।


रीना सिन्हा सलोनी

जून मास के तीसरे सप्ताह में सूर्य देव का मिथुन राशि में प्रवेश होता है और तब माना जाता है कि आद्रा नक्षत्र का उदय हुआ है। आद्रा का अर्थ होता है आद्र या नमी , इसलिए इस समय मौसम में परिवर्तन होने लगता है ।उमस और नमी लिए पुरवा हवाएँ चलती हैं तथा बारिश की शुरुआत हो जाती है और लोगों को प्रचंड गरमी से राहत मिलती है। आर्द्रा नक्षत्र में सूर्य का प्रवेश खेती और फसलों के लिए बहुत शुभ माना जाता है और इस त्योहार को अच्छी बारिश और बीज बोने का संकेत के तौर पर भी देखा जा

हमारे शास्त्रों और ख़ासकर वामन पुराण में यह कहा गया की आद्रा नक्षत्र का भगवान विष्णु के केशों में निवास है और इसे बर्षा के कारक होने के कारण जीवनदायनी भी माना गया है।

सूर्य के आद्रा नक्षत्र में आने को उत्तर भारत ख़ास कर बिहार, झारखंड और उत्तरप्रदेश में अत्यंत शुभ माना जाता है और इस दिन दाल भरी पूड़ी, चावल की खीर और आम खाने की परम्परा है। इसे प्रकृति के प्रति आभार, अच्छी



वर्षा की कामना और मौसम के बदलाव का जश्न मनाने के लिए एक पारंपरिक 'उत्सवी भोजन' के रूप में खाया जाता है। ऐसा माना जाता है की आद्रा की बारिश में नहाने से गरमी से राहत तो मिलती ही है मिलती है साथ ही साथ गरमी से होने वाली घमौरिया और फोड़े फुँसी सब ठीक हो जाते हैं।

भारत में किसी भी त्योहार में विशेष प्रकार के ख़ान पान की परंपरा रही हैं।इसी प्रकार आद्रा में भी खास तरह की थाली लगाई जाती है। बिहार और झारखंड में इस दिन दाल भरकर पूड़ी, चावल की खीर और आम का भोग लगा कर प्रसाद ग्रहण किया जाता है ।

अगर पुरानी पीढ़ी के लोगों की बात कि जाए तो उन्होंने आद्रा नक्षत्र को बड़े ही श्रद्धा पूर्वक मनाया है। हम सबनें घर घर में दादी नानी को आद्रा के आते ही दाल पूड़ी और खीर के साथ आम का भोग लगाते देखा है। परंतु जानकारी और समय के अभाव के कारण आद्रा मनाने कि यह पुरानी परंपरा अब धीरे धीरे लुप्त होती जा रही है। पर अब जरूरत है नई पीढ़ी को भी अपनी व्यस्तताओं से वक्त निकालकर परंपराओं और संस्कृति से जुड़ने की। यही वो छोटी-छोटी परम्परायें हैं जो भारतीय संस्कृति को ख़ास और सबसे अलग बनाती हैं और हमें मिट्टी से जोड़े रखती हैं।

## प्रेम

दुनिया में अगर सबसे अनमोल चीज है तो वह है प्रेम बस उसे निभाने वाला चाहिए। कुसुम अपनी कॉलोनी की बहुत सुंदर और खूबसूरत बच्ची थी सबसे हंसकर बात करना उसकी आदत थी। उस कॉलोनी में और भी बच्चे बच्चियों थी। सभी एक ही स्कूल में पढ़ते थे। एक दिन सभी पार्क में खेल रहे थे सब बच्चे बच्चियों के मम्मियां भी शाम को उस पार्क मे कभी-कभी आ जाया करती थी। यूं ही मजाक मजाक में बात चली अच्छा बताओ कौन किससे शादी करेगा। उस समय बच्चियां चार-पांच साल की ही थी। कुछ बच्चे दस बारह साल के रहे होंगे। सभी बच्चे अपनी पसंद के नाम बोलने लगे लेकिन कुसुम सिर्फ अनिमेष का नाम बोलती रही। सभी बच्चियाँ उस पर हंसने लगी। कारण था कि अनिमेष बहुत ही पढ़ाकू बच्चा था चश्मा पहन कर जब वह सब के बीच खड़ा होता तो एक बुद्धिमान लड़का दिखाई देता। वह फोन चलाने का आदी नहीं था बस स्कूल स्कूल से घर यूं ही दिन बीत गए। सभी बच्चे बड़े हो गए। जब नाइंथ क्लास में कुसुम थी तो उसे किसी ने मजाक में कहा अच्छा बताओ कुसुम किस से शादी करोगी सभी बच्चियाँ चुप थी। सभी ने किसी का भी नाम नहीं लीया। लेकिन कुसुम अपनी बात पर अढी रही और शरमाते हुए उसने कहा मैं जब बड़ी हो जाउंगी तो अनिमेष से ही शादी करूगी। इस बार सभी बच्चियों हंसी नहीं बस उसे आश्चर्य से देखती रही। कुछ दिन बाद अचानक जब कुसुम स्कूल से घर लौट रही थी तो रास्ते में अनिमेष मिला और उसने बहुत शांत स्वर में कहा पहले पढ़ लिख लो अपने पैरों पर खड़ी हो जाओ फिर मुझसे शादी करना। कुसुम शर्म से लाल हो गई और दौड़ती हुई घर चली आई। कुछ दिनों बाद उसने सुना अनिमेष जो अपने माता-पिता का इकलौता लड़का था और अनाथ था। अपनी दादी को लेकर किसी दूसरे शहर चला गया है। कुसुम बहुत दुखी हुई लेकिन जीवन तो चलता रहता है वह पढ़ाई में व्यस्त हो गई और एग्जाम की तैयारी करने लगी अच्छे नंबरों से पास होकर वह शहर के कॉलेज में दाखिला ले लिया ।समय बितता रहा। कुसुम की पढ़ाई समाप्त होने पर वह अब कंपटीशन की तैयारी करने लगी। भाग्य ने साथ दिया और क्वालीफाई कर लिया ।कुछ दिनों बाद एक प्रतिष्ठित कंपनी में उसे बुलाया गया वह इंटरव्यू के लिए तैयार होकर उस कंपनी में गई। उस कंपनी का नाम था अरोड़ा कंपनी। अचानक उसके मन में अनिमेष का नाम याद आ गया। अनिमेष का सरनेम भी तो अरोड़ा था। उसे आशा बंधी लेकिन फिर अपनी बेवकूफी पर हंसी और इंटरव्यू के लिए दरवाजे को खटखटाया अंदर से गंभीर स्वर में आवाज आई। पता नहीं उस आवाज में ऐसी कशिश थी मंत्र मुग्ध सी दरवाजा को खोलकर अंदर गई। सामने बहुत सौम्य व्यक्तित्व का मालिक बैठा हुआ था। उसने अभिवादन के साथ कहा मिस कुसुम क्या आप मेरी पत्नी बनने के लिए इंटरव्यू देने के लिए आई है क्या? कुसुम चौक कर आश्चर्य से सौम्य सुंदर पुरुष को देखती रह गई। सामने अनिमेष अरोड़ा बैठा हुआ था। कहते हैं ना सच्चे मन से किसी को अगर प्रेम करो तो कभी ना कभी कहीं ना कहीं आपके सामने जरूर आ जाता है। कुसुम को फिर से अपने प्रेम पर विश्वास हो गया।


संध्या चौधुरी उर्वशी

# मनुष्य, स्मृति और उड़ान की कविताएं : डॉ माया प्रसाद का काव्य-संग्रह 'हम जहाज के पाखी'

कविता भाषा में आदमी होने की तमीज है-धूमिल की यह पंक्ति डॉ. माया प्रसाद के काव्य-संग्रह 'हम जहाज के पाखी' को पढ़ते हुए एक जीवंत अनुभव में बदल जाती है। यह संग्रह केवल शब्दों की कलात्मक सज्जा नहीं, बल्कि मनुष्य के अनुभवों, संवेदनाओं, संघर्षों और आत्ममंथन का दस्तावेज़ है। माया प्रसाद जी की कविताएँ जीवन के उन प्रश्नों से संवाद करती हैं जिनका सामना अंततः मनुष्य को स्वयं से करना पड़ता है और जिनके उत्तर भी उसे अपने भीतर तलाशने होते हैं।


चारुमित्रा

इस संग्रह की सबसे बड़ी विशेषता इसका गहरा मानवीय सरोकार है। कवयित्री निजी अनुभवों को केवल आत्मकथात्मक सीमाओं में नहीं रखतीं, बल्कि उन्हें व्यापक सामाजिक और अस्तित्वगत संदर्भ प्रदान करती हैं। स्मृति, संबंध, अकेलापन, संघर्ष और उम्मीद—ये सभी भाव उनकी कविता में एक साथ उपस्थित हैं।

'राज 'जी को समर्पित पंक्तियाँ—

"चोंच में तिनके लिए अब भी खड़ी हूँ, तुम कहाँ हो?"


—स्मृति, प्रतीक्षा और जीवन की जिजीविषा को अत्यंत मार्मिक ढंग से व्यक्त करती हैं। यह प्रश्न केवल किसी व्यक्ति की अनुपस्थिति का नहीं, बल्कि समय और अस्तित्व के साथ चलने वाले संवाद का भी प्रतीक बन जाता है।

माया प्रसाद जी की कविताओं में जीवन के प्रति गहरी आस्था दिखाई देती है। वे टूटन के बीच भी जीवन की निरंतरता तलाशती हैं। उनके यहाँ स्मृतियाँ केवल अतीत की वस्तुएँ नहीं, बल्कि वर्तमान को अर्थ देने वाली जीवित अनुभूतियाँ हैं। यही कारण है कि उनकी कविताएँ निजी अनुभवों से आगे बढ़कर सामूहिक संवेदना का रूप ग्रहण कर लेती हैं।

कविता 'ज़रूरी तो नहीं' में कवयित्री लिखती हैं—

"रेहन हों शब्द पर हम, गीत गायें ज़रूरी तो नहीं।"

यह पंक्ति उस समय की विडंबना पर भी टिप्पणी करती है जहाँ अभिव्यक्ति कई बार प्रदर्शन और शोर में बदल जाती है। माया प्रसाद शब्दों की चमक से अधिक अनुभूति की सच्चाई को महत्व देती हैं। उनकी कविता में कृत्रिम बौद्धिकता के स्थान




पर संवेदना और अनुभव की विश्वसनीयता दिखाई देती है।

"अक्सर शाम के धुंधलके में ऊँचे पेड़ों की दुनिया नाच-नाचकर बुलाती है मुझे।"यहाँ प्रकृति मनुष्य से संवाद करती हुई दिखाई देती है। वह केवल बाहरी सौंदर्य नहीं, बल्कि आत्मिक मुक्ति का माध्यम बन जाती है।

संग्रह की शीर्षक कविता 'हम जहाज के पाखी' कवयित्री के अस्तित्व-बोध को सबसे स्पष्ट रूप में सामने लाती है—

"पूछते हो मेरा ठौर-ठिकाना,
ना कोई ऊँचा-दार दरख्त,
न किसी बड़ी हवेली का सुरक्षित रोशनदान,
अरे, हम तो ठहरे जहाज के पाखी।"

यहाँ 'जहाज' आधुनिक जीवन की अस्थिरता, यात्रा और संघर्ष का प्रतीक है, जबकि 'पाखी' मनुष्य की उस जिजीविषा का बिंब है जो अनिश्चितताओं के बीच भी उड़ान की संभावना को बचाए रखती है। यह शीर्षक समकालीन मनुष्य की साझा नियति का रूपक बन जाता है—जहाँ विस्थापन भी है, असुरक्षा भी, लेकिन उम्मीद की लौ भी शेष है।

संग्रह में स्त्री-अनुभव की अभिव्यक्ति भी विशेष उल्लेखनीय है। 'औरत जो बुनती है जिंदगी' कविता में स्त्री के श्रम, धैर्य और रचनात्मक शक्ति को स्वर मिलता है—

"होश संभालते ही बुनने लगती है औरत जिंदगी का पुलोवर।"

यहाँ स्त्री केवल पारिवारिक भूमिकाओं में सीमित नहीं है, बल्कि अपने अस्तित्व, आत्मसम्मान और स्वतंत्रता की तलाश करती हुई दिखाई देती है—

प्रकृति और पर्यावरण से जुड़ी कविताएँ संग्रह को समकालीन संदर्भ प्रदान करती हैं। पेड़ों के विनाश और बढ़ती कृत्रिमता पर लिखी कविताएँ विकास की उस दृष्टि पर प्रश्न उठाती हैं जिसमें संवेदना पीछे छूट जाती है—

"दैत्याकार पोकलैंड मशीन ने
देखते ही देखते धराशायी कर दिया
सोसाला बुजुर्ग पाकड़ के पेड़ को।"

यह केवल एक पेड़ के कटने का दृश्य नहीं, बल्कि मनुष्य और प्रकृति के बीच टूटते रिश्ते का प्रतीक है। कवयित्री पर्यावरणीय संकट को केवल प्राकृतिक समस्या नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना के संकट के रूप में देखती हैं। भाषा की दृष्टि से 'हम जहाज के पाखी' की विशेषता इसकी सहजता और संप्रेषणीयता है। कवयित्री लोक-स्मृतियों, प्रतीकों और गीतात्मक लय के माध्यम से जटिल जीवन-संदर्भों को सरल और प्रभावी रूप में प्रस्तुत करती हैं। उनकी भाषा में आत्मीयता है और उनकी अभिव्यक्ति में अनुभव की गर्माहट।

माया प्रसाद की काव्य-दृष्टि का केंद्र मनुष्य और मनुष्यता है। उनकी कविताएँ स्त्रियों, श्रमिक जीवन, ग्रामीण संवेदना और प्रकृति के पक्ष में खड़ी दिखाई देती हैं। वे अपने समय की विडंबनाओं से संवाद करते हुए उन आवाज़ों को भी स्थान देती हैं जो अक्सर अनसुनी रह जाती हैं।

आज जब कविता के सामने बाज़ार, तात्कालिकता और प्रदर्शन की चुनौतियाँ हैं, 'हम जहाज के पाखी' संवेदना, स्मृति और मानवीय आस्था की ओर लौटने का आग्रह करता है। यह संग्रह पाठक को केवल भावुक नहीं बनाता, बल्कि उसे अपने समय, समाज और मनुष्य की नियति पर गंभीर विचार के लिए प्रेरित करता है। डॉ. माया प्रसाद का यह संग्रह इस विश्वास को मजबूत करता है कि जब तक जीवन है, अनुभव हैं और मनुष्य की संवेदना जीवित है—कविता अपनी नई उड़ान खोजती रहेगी। 'हम जहाज के पाखी' समकालीन हिंदी कविता में करुणा, प्रतिरोध और मानवीय जिजीविषा का एक उल्लेखनीय दस्तावेज़ है।

संयोजन : नरेश अग्रवाल

## जीने की राह

इस सृष्टि पर व्याप्त सभी जीवो में मनुष्य का स्थान अति विशिष्ट है। और अपनी इसी विशिष्टता के साथ प्रत्येक युग में उन्नति करते हुए उसने एक प्रगतिशील आधुनिक समाज का निर्माण भी किया है। अपनी बुद्धि और साहस के बल पर निरंतर आगे बढ़ते हुए मानव यह भूल गया कि इस धरा पर व्याप्त समस्त पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं तथा अन्य प्राकृतिक संपदाओं के साथ-साथ वह स्वयं भी प्रकृति का ही एक अंग है और उसे प्रकृति के साथ तालमेल बैठाते हुए ही आधुनिकता को ग्रहण करना चाहिए। वास्तव में अज्ञानता और तर्कहीनता से युक्त परंपराओं से समाज को मुक्ति दिला कर उसे एक बौद्धिक मंच प्रदान करना ही आधुनिकता है। किंतु अपनी प्रगति के मद में चूर मनुष्य ने आधुनिकता की परिभाषा ही बदल दी। उसने पारस्परिक सद्भाव और मूल्यपरक सोच का परित्याग करते हुए अपनी आवश्यकताओं और महत्वाकांक्षाओं का एक ऐसा महाजाल तैयार कर लिया जिसमें वह स्वयं तो उलझता ही चला गया साथ में प्रकृति के साथ भी जमकर खिलवाड़ किया। शहर बसते गए, जंगल उजड़ते गए और साथ ही वन्य प्राणियों का ठिकाना भी उजड़ता गया। नित नए कारखानों के निर्माण और सड़क पर गाड़ियों की भरमार से उत्पन्न गैस से हवा जहरीली बनती गई। प्रकृति के प्रतिकूल मनुष्य की जीवन शैली में स्वयं मनुष्य का ही जीवन कठिन बना दिया। किंतु आधुनिकता की अंधी दौड़ ने मनुष्य को इन बातों का एहसास ही नहीं करने दिया। हमने सीमित प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करने के बजाय जमकर उसका दुरुपयोग किया। हमारी प्रकृति ने समय-समय पर मनुष्य की चेतना को जागृत करने का प्रयास भी किया किंतु मनुष्य की चेतना ऐसी सुषुप्तावस्था में रही कि उसने सँभलने का प्रयत्न ही नहीं किया। अंततः क्रुद्ध होकर जब प्रकृति ने महातांडव मचाया तब जाकर उसकी निद्रा भंग हुई। बड़ी से बड़ी भीषण प्राकृतिक आपदाओं ने भी उसकी सजगता और चेतनता को आवश्यक सीमा तक जाग्रत नहीं किया किंतु कुछ वर्ष पूर्व आए कोरोनाकाल ने उसके सोच की दिशा अवश्य बदल दी। अपनी समस्त आधुनिक सुख सुविधाओं से दूर, अपने घर के भीतर शांति पूर्वक जीवन व्यतीत करते हुए मानव मन ने कुछ तो एहसास जरूर ही किया होगा जिससे उसे जीने की एक नई दिशा मिल गई। आधुनिकता की सही परिभाषा का उसे ज्ञान हो गया। अब इस नूतन विचारधारा में प्रकृति संरक्षण के साथ-साथ मानवता का स्थान भी सर्वोपरि है। अब पुनः शायद उस त्रासदी की स्मृतियां धूमिल होने लगी हैं और मनुष्य की जीवनशैली अपने पुराने ढंग से ही चलने लगी है। प्रदूषण अपने चरम पर पहुँचकर जिस प्रकार हमारी व्याकुलता बढ़ा रहा है अब भी अगर हम नहीं चेते तब पुनः वैसी ही कोई त्रासदी हमारी चेतना को अवश्य ही जगाने आएगी। अतः सचेत होते हुए हमें प्रकृति को अपने साथ लेकर प्रगति के पथ पर अग्रसर होने की कला सीखनी ही होगी। और यही है नव युग के मानव के लिए आधुनिकता और प्रगतिवाद के साथ जीने की नई राह।


रुणा रश्मि 'दीप्त'

## प्रिय जीवनसंगिनी

मैं ठीक हूँ। आशा करता हूँ, तुमने भी अब धीरे-धीरे स्वयं को सँभालना सीख लिया होगा। तुम्हें देखकर अच्छा लगता है कि अब तुम मेरे बिना भी शाम की चाय पी लेती हो। हाँ, यह बात अलग है कि कभी-कभी आदतन आज भी रसोई की स्लैब पर दो प्याले निकाल लेती हो। समय के साथ एक प्याला निकालने की आदत भी पड़ जाएगी, जैसे बाकी सब आदतें पड़ जाती हैं।


ऋषिका मिश्रा

तुम्हारी बहुत याद आती है। और मुझे मालूम है, मैं भी तुम्हें उतना ही याद आता होऊँगा। आज हमारी शादी की सालगिरह है। हर वर्ष की तरह इस बार तुम्हारे लिए गजरा भी नहीं ला पाया। मगर याद है, मैंने बगीचे में जो पीला फूल लगाया था? तुम आज भी उसे उसी प्रेम से सींचती हो, जैसे कभी मुझे सँभालती थीं। तुम्हें पीला रंग कितना प्रिय था, और मुझे तुम्हारे चेहरे पर उस रंग की मुस्कान देखना। याद है, हम दोनों को आसमान देखना कितना पसंद था? संध्या के धुँधलके में, स्याही से रंगे उस अनंत आकाश के नीचे बैठकर हम कितनी बातें किया करते थे। अब भी कभी-कभी मैं तुम्हें उसी आसमान के नीचे खोजता हूँ, जहाँ हमारी हँसी की प्रतिध्वनियाँ शायद अब भी ठहरी होंगी। मैं तुम्हें देखता हूँ। जाड़े की लंबी रातों में तुम अब भी स्वेटर बुनती हो। कल ही मैंने तुम्हारी मेज़ पर रखा एक स्वेटर देखा था—मेरे नाप से थोड़ा बड़ा। जैसे तुम्हारे मन ने अब तक यह स्वीकार ही न किया हो कि उसे पहनने वाला अब वहाँ नहीं है। मैं तुम्हें देख तो सकता हूँ, पर छू नहीं सकता। ठीक वैसे ही जैसे तुम रोज़ मेरे कपड़ों को छूकर सहेजती हो, उनकी सिलवटों में मेरी उपस्थिति तलाशती हो।

मैंने देखा है, तुमने कई रंगों से अपना नाता तोड़ लिया है। शायद मेरे जाने के साथ वे रंग भी तुम्हारी दुनिया से रूठ गए। पर विश्वास करो, मेरे दिन भी अब रंगहीन हैं। नीला आसमान मुझे अच्छा नहीं लगता, क्योंकि उसमें तुम्हारी आँखों की गहराई दिखाई देती है। पीले फूलों से नज़रें चुरा लेता हूँ, क्योंकि वे तुम्हारी मुस्कान की याद दिलाते हैं। तुम्हारी याद मेरे साथ हर पल चलती है। मन करता है, एक बार फिर तुम्हारे पास लौट आऊँ। तुम्हारे साथ बैठकर चाय पीऊँ, तुम्हारी अधूरी बातों को सुनूँ, और तुम्हारी हथेलियों की गर्माहट महसूस करूँ। मैं फिर से तुम्हारे साथ जीना चाहता हूँ, उन्हीं छोटे-छोटे सुखों में जिन्हें हम कभी साधारण समझते थे।

पर जब तक वह संभव नहीं, तुम अपना खयाल रखना। अपने हिस्से की धूप लेना, समय पर दवा खाना, और कभी-कभी मुस्कुरा भी लिया करना। क्योंकि तुम्हारी मुस्कान ही वह जगह है, जहाँ मेरा अस्तित्व अब भी जीवित है।

सदैव तुम्हारा,
संगी

## आज का दोहा

किस बिल में थे, आ गये, फिर भरते फुफकार।
लगता है फिर मिल गया, जीवन उन्हें उधार।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे, स्थानीय संपादक : डॉ राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# केंद्र सरकार ने 17 पाकिस्तानियों समेत 23 और दहशतगर्दों को घोषित किया आतंकवादी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

## मोदी सरकार का आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस अभियान



गृह मंत्रालय ने कहा कि इन आतंकवादियों को औपचारिक रूप से नामित किए जाने से उनके वित्तीय नेटवर्क, आवाजाही, भर्ती क्षमता और आतंकवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई को और मजबूती मिलेगी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आतंकवाद के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े 23 खूंखार आतंकवादियों को यूएपीए के तहत आतंकवादी घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि ये आतंकवादी भारत विरोधी गतिविधियों, आतंकी हमलों, हथियारों की तस्करी, सीमा पार घुसपैठ, आतंकवादी संगठनों की मदद, धन जुटाने और आतंकवादियों की भर्ती में शामिल रहे हैं। शाह ने कहा कि मोदी सरकार भारत और उसके नागरिकों की सुरक्षा के लिए हर आतंकी मॉड्यूल को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्रालय के अनुसार घोषित 23 आतंकवादियों में 17 पाकिस्तानी और छह भारतीय नागरिक हैं। सभी वर्तमान में पाकिस्तान अथवा पाकिस्तान के क जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओके) से भारत विरोधी आतंकी गतिविधियों का संचालन कर रहे हैं।

आतंकवाद के खिलाफ मोदी सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत गृह मंत्रालय ने 23 और दहशतगर्दों को गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम-1967 (यूएपीए) के तहत आतंकवादी घोषित किया है। इस कार्रवाई के बाद यूएपीए की चौथी अनुसूची में नामित आतंकवादियों की संख्या बढ़कर 80 हो गई है। घोषित 23 आतंकवादियों में 17 पाकिस्तानी और छह भारतीय नागरिक हैं।

पाकिस्तानी आतंकवादियों में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) से जुड़े मसूद इलियास कश्मीरी, मोहम्मद मुसादिक, मुफ्ती मोहम्मद असगर खान, खालिद, मोहम्मद याकूब, मौलाना यूसुफ ताईबी, कारी याकूब शेख, राणा इफ्तिखार और मोहम्मद शहीद फैसल लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी), जमात-उद-दावा (जेयूडी), फलाह-ए-इंसानियत फाउंडेशन (एफआईएफ), पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग (पीएमएमएल), अल-कायदा और आईएसआईएस जैसे संगठनों से जुड़े बताए गए हैं। भारतीय आतंकवादियों में फिरदौस अहमद भट, हारून रशीद गनई, बिलाल अहमद मीर, आबिद कयूम लोन, नज़ीर अहमद गुज्जर और ओवैस फारूज़ शामिल हैं। जबकि बिलाल अहमद मीर लश्कर-ए-तैयबा के साथ-साथ द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) से भी संबद्ध है। मंत्रालय के अनुसार ये सभी भारतीय नागरिक वर्तमान में पाकिस्तान या पीओके से आतंकवादी गतिविधियों का संचालन कर रहे हैं। मंत्रालय ने कहा कि इन आतंकवादियों को सूचीबद्ध करने का उद्देश्य उनके आतंकी नेटवर्क को ध्वस्त करना, भर्ती और आवाजाही की क्षमता को समाप्त करना तथा आतंकवाद के विरुद्ध भारत की कानूनी और सुरक्षा कार्रवाई प्रभावी बनाना है।



# पाठ्य पुस्तकों में अलगाववादियों का महिमामंडन अस्वीकार्य : अल्ताफ

**एजेंसी। श्रीनगर**



जम्मू-कश्मीर भाजपा के प्रवक्ता अल्ताफ ठाकुर ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत स्कूलों और पुस्तकालयों में भेजी गई अध्ययन सामग्री को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ पुस्तकों में अलगाववादी नेता मकबूल भट को 'शहीद' बताया गया है और हुर्रियत से जुड़े लोगों को 'स्वतंत्रता सेनानी' के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जो पूरी तरह अस्वीकार्य है। अल्ताफ ठाकुर ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, "समग्र शिक्षा अभियान केंद्र सरकार की वित्तपोषित योजना है, लेकिन पाठ्यक्रम तैयार करने, बच्चों को क्या पढ़ाया जाएगा और पुस्तकों में कौन-सी सामग्री शामिल होगी, इसका निर्णय केंद्र शासित प्रदेश या राज्य सरकार करती है।" उन्होंने आरोप लगाया कि जम्मू-कश्मीर के कुछ स्कूलों और पुस्तकालयों में भेजी गई अध्ययन सामग्री में भारत विरोधी विचारों को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा, "जिन लोगों ने भारत के खिलाफ हिंसक गतिविधियों में हिस्सा लिया या अलगाववाद को बढ़ावा दिया। उन्हें अध्ययन सामग्री में महिमामंडित करना बेहद गंभीर मामला है। भाजपा इस मुद्दे पर जवाबदेही तय करने की मांग करेगी।" भाजपा प्रवक्ता ने कहा, "भारत सरकार की ओर से दिए गए धन का उपयोग किसी भी स्थिति में भारत विरोधी प्रचार या आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए नहीं किया जा सकता। यदि सरकारी फंड का इस्तेमाल आतंकवादियों या प्रतिबंधित संगठनों का महिमामंडन करने में किया गया है।

### विवादित किताबों की मंजूरी पर बड़ा एक्शन, 8 अधिकारी सस्पेंड

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने स्कूलों से विवादित किताबों को हटाने का आदेश देने के बाद तेजी से कार्रवाई करते हुए शनिवार को आठ अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया और उनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए। अलगाववादियों और आतंकवादियों का महिमामंडन करने का आरोप झेल रही इन विवादित किताबों में शामिल हैं: (i) 'पर्सनैलिटीज एंड लेजेंड्स ऑफ जम्मू-कश्मीर', जिसके लेखक हिलाल अहमद और संतोष मीणा हैं और इसे ओबेरॉय बुक सर्विस, जम्मू ने प्रकाशित किया है, और (ii) 'पर्सनैलिटीज ऑफ जम्मू एंड कश्मीर', जिसके लेखक डॉ. सुशांत गिरी हैं और इसे अनुराग प्रकाशन, दिल्ली ने प्रकाशित किया है।

## ममता बनर्जी को फिर लगा जोरदार झटका, चंद्रिमा भट्टाचार्य बागी टीएमसी गुट में शामिल



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को बड़ा झटका लगा है। राज्य की पूर्व वित्त राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) चंद्रिमा भट्टाचार्य ने शनिवार को पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया और तुरंत निष्कासित विधायक ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले बागी गुट में शामिल हो गईं। पूर्व सीएम ममता बनर्जी को अपना इस्तीफा सौंपने और पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा देने की घोषणा करने के तुरंत बाद भट्टाचार्य सीधे विधानसभा गईं और ऋतब्रत और 'बागी लेकिन बहुमत वाले' गुट के अन्य विधायकों के साथ बैठक में शामिल हुईं।

विधायकों के बागी खेमे के साथ बैठक के बारे में पूछे जाने पर हाल ही में संपन्न पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में पराजित हुईं भट्टाचार्य ने कहा कि अंततः सभी को समय की आवश्यकता के अनुसार यात्रा करनी पड़ती है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने एक सनसनीखेज आरोप लगाया कि वित्त राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में पश्चिम बंगाल विधानसभा में हर साल राज्य बजट पेश करने के बावजूद, बजट तैयार करने में उनसे कभी सलाह नहीं ली गई और न ही उन्हें इसमें शामिल किया गया। भट्टाचार्य ने कहा कि बजट पेश करने से एक दिन पहले तक मुझे भी यह नहीं पता था कि बजट भाषण में क्या होगा। विधानसभा में पेश करने से कुछ घंटे पहले ही मुझे बजट की जानकारी दी गई।

### पश्चिमी एशिया युद्ध के बीच 40 देशों से ईंधन आयात कर संकट संभाला

# ऊर्जा संकट में भारत की कूटनीति बनी दुनिया के लिए मिसाल : पीएम

**एजेंसी। जयपुर**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राजस्थान के पचपदरा में भारत के पहले ग्रीनफील्ड एकीकृत रिफाइनरी-सह-पेट्रोकेमिकल परिसर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिमी एशिया युद्ध से पैदा हुए ऊर्जा संकट का जिक्र करते हुए कहा कि इसी समय में भारत की दूसरे देशों के साथ दोस्ती बहुत काम आई। प्रधानमंत्री मोदी ने पचपदरा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, "पश्चिमी एशिया में युद्ध के कारण पूरी दुनिया में हाहाकार मचा है। इस युद्ध ने 21वीं सदी के सबसे बड़े ऊर्जा संकट को जन्म दिया है। हालांकि, सही फैसले, सटीक आकलन, प्रभावी रणनीति और कूटनीतिक शक्ति का सकारात्मक इस्तेमाल करके भारत संकट से उबर पाया है।"अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि युद्ध के समय में भारत की दूसरे देशों के साथ दोस्ती बहुत काम आई। उन्होंने कहा, "जब ये संकट शुरू हुआ था, उससे पहले भारत 25-26 देशों से ईंधन का आयात करता था, लेकिन संकट के समय भारत की डिप्लोमेसी का जलवा दिख गया। दूसरे देशों के साथ हमारे अच्छे संबंध इस संकट की घड़ी में बहुत काम आए।"

उन्होंने कहा कि युद्ध के दौरान ही भारत 40 से ज्यादा देशों से ईंधन मंगाने लगा। भारत ने दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया कि हमारे लिए राष्ट्रहित और राष्ट्र के नागरिकों का हित सर्वोपरि है।

इसी बीच, प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष पर ईंधन संकट के बीच अफवाह फैलाने और राजनीतिक खेल खेलने के आरोप लगाए। विपक्ष पर इशारों-इशारों पर निशाना साधते हुए पीएम ने कहा, "बहुत अफवाएं फैलाई गई, लोगों को डराया गया, भड़काया गया, राजनीति के खेल खेले गए। लेकिन जिनके इरादे गलत थे, वो सफल नहीं हो पाए। दूर-सुदूर इलाकों में भी छोटी मोटी अड़चनों के अलावा ईंधन सप्लाई में कोई बड़ी चुनौती नहीं आई।

### 21वीं सदी के सबसे बड़े ऊर्जा संकट पर नए भारत की इच्छाशक्ति भारी पड़ी: मोदी

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राजस्थान के बालोतरा में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 21वीं सदी के सबसे बड़े ऊर्जा संकट पर 21वीं सदी के नए भारत की इच्छा शक्ति और भारत के प्रयास भारी पड़े हैं। इस दौरान, पीएम मोदी ने विरोधी दलों पर भी तीखा प्रहार किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा, "पश्चिमी एशिया में युद्ध की वजह से पूरी दुनिया में हाहाकार मचा है। इस युद्ध ने 21वीं सदी के सबसे बड़े ऊर्जा संकट को जन्म दिया है। बड़े-बड़े देश आज ईंधन की किल्लत से जूझ रहे हैं, लेकिन 21वीं सदी के सबसे बड़े ऊर्जा संकट पर 21वीं सदी के नए भारत की इच्छा शक्ति और भारत के प्रयास भारी पड़े हैं।"पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने हर स्तर पर सही फैसले लिए, संकट का समय रहते सटीक आकलन किया, प्रभावी रणनीति बनाई, भारत के संसाधनों का संतुलित प्रयोग किया, भारत की कूटनीतिक शक्ति का सकारात्मक इस्तेमाल किया और तब जाकर भारत संकट से उबर पाया है। इस दौरान, इशारों-इशारों में विपक्ष पर हमला बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा, "सार्वजनिक तौर पर कुछ ताकतें अफवाह और आशंका फैलाने में व्यस्त थीं।" उन्होंने कहा, "तब किस स्तर पर दिन-रात काम हो रहा था, किस तरह स्थिति को संभाला जा रहा था, वो मेहनत, प्रयास और धैर्य के अलावा नीतिगत व कूटनीतिक स्तर पर उठाए गए एक-एक संवेदनशील कदम कभी न कभी इतिहास लिखेंगे। ये सब अभूतपूर्व है।

### मानसून सत्र 20 जुलाई से 13 अगस्त तक चलेगा

## महंगाई-बेरोजगारी पर घेरेगा विपक्ष, सरकार लाएगी नए बिल!

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संसद के दोनों सदनों के मानसून सत्र 2026 को आहूत करने की मंजूरी दे दी है। संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरण रिजिजू ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी साझा की।

**केंद्रीय मंत्री ने की घोषणा :** केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने अपने पोस्ट में बताया कि संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई 2026 से शुरू होगा और 13 अगस्त 2026 तक चलेगा।

**सरकार पेश कर सकती है विधेयक :** मानसून सत्र के दौरान सरकार कई महत्वपूर्ण विधेयक और नीतिगत प्रस्ताव संसद में पेश कर सकती है।

**किन मुद्दों पर हंगामा कर सकता है विपक्ष? :** बीते दिनों मेडिकल की पढ़ाई से जुड़ी प्रतियोगी परीक्षा- नीट के पेपर लीक, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग, उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर का चढ़ावा चोरी विवाद जैसे कई मामले लगातार सुर्खियों में है। ऐसे में संसद सत्र के दौरान हंगामा होने की आशंका है। इन मामलों के अलावा तृणमूल के दो फाड़ होने का मुद्दा भी चर्चा में है। नजरें स्पीकर ओम बिरला के फैसले पर टिकी हैं। कांग्रेस अंडमान की ग्रेट निकोबार परियोजना पर भी लगातार हमलावर है। ऐसे में हंगामे और नारेबाजी से सत्र की कार्यवाही बाधित हो सकती है।

# 50 बांग्लादेशी घुसपैठियों को तमिलनाडु में पकड़ा गया, बंगाल में भी हुई गिरफ्तारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**




भूमिगत रास्तों, फर्जी पहचान पत्रों और अवैध नेटवर्क के सहारे भारत में घुसपैठ करने वाले बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ अब देशभर में निर्णायक कार्रवाई तेज हो गई है। केंद्र और राज्य सरकारों की संयुक्त मुहिम ने साफ संकेत दे दिया है कि अब अवैध रूप से भारत में रहने वालों के लिए कोई नरमी नहीं बरती जाएगी। तमिलनाडु से लेकर पश्चिम बंगाल और दिल्ली तक चल रहे अभियान यह साबित कर रहे हैं कि भारत की सुरक्षा, जनसंख्या संतुलन और कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। हम आपको बता दें कि ताजा घटनाक्रम में तमिलनाडु पुलिस ने 50 बांग्लादेशी नागरिकों को निर्वासित करने की प्रक्रिया शुरू करते हुए उन्हें पश्चिम बंगाल भेजा है, जहां से उन्हें बांग्लादेशी अधिकारियों को सौंपा जाएगा। इनमें 44 पुरुष और 6 महिलाएं शामिल हैं। ये सभी सेलम जिले के अत्तूर तालुक कार्यालय परिसर में बने विशेष निरुद्ध शिविर में रखे गए थे। आधिकारिक आदेश मिलने के बाद तीन वाहनों के जरिए इन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच तिरुचिरापल्ली पहुंचाया गया। वहां से इन्हें हावड़ा एक्सप्रेस के विशेष डिब्बे में पश्चिम बंगाल रवाना किया गया। पूरे अभियान की निगरानी सेलम सशस्त्र रिजर्व के उप पुलिस अधीक्षक शक्तिवेल के नेतृत्व में 40 सदस्यीय सशस्त्र पुलिस दल ने की। पुलिस अधिकारियों के अनुसार पश्चिम बंगाल के हरिदासपुर भू-सीमा पर इन घुसपैठियों को सीमा सुरक्षा बल के हवाले किया जाएगा, जिसके बाद उन्हें बांग्लादेश भेजने की अंतिम प्रक्रिया पूरी होगी। यह कार्रवाई उन सभी अवैध घुसपैठियों के लिए कड़ा संदेश है जो वर्षों से भारत की उदार व्यवस्था का दुरुपयोग करते रहे हैं।

### पोप लियो का संदेश — अमेरिकी आदर्शों पर कायम रहने, स्वागत और मानवीय मूल्यों को मजबूत करने की अपील

# प्रवासियों के समर्थन में पोप लियो का बड़ा संदेश दुनिया

- **पोप ने इटली के लाम्पेदूसा द्वीप का दौरा कर हाल ही में पहुंचे प्रवासियों से मुलाकात की**

**एजेंसी। वेटिकन सिटी**



### लाम्पेदूसा पहुंचे पोप, प्रवासियों को समर्थन

वर्ष 2026 की विदेश यात्राओं की सूची में अमेरिका शामिल नहीं है, हालांकि ट्रंप प्रशासन के कुछ अधिकारियों को उम्मीद थी कि पोप 4 जुलाई के स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल हो सकते हैं। करीब 6,000 आबादी वाला लाम्पेदूसा द्वीप दशकों से उत्तरी अफ्रीका से भूमध्य सागर पार कर आने वाले प्रवासियों का पहला प्रमुख पड़ाव रहा है। इतालवी रेड क्रॉस के आंकड़ों के अनुसार, पिछले तीन वर्षों में 1.82 लाख से अधिक प्रवासी इस द्वीप के स्वागत केंद्र से होकर गुजरे हैं।

पोप लियो ने अमेरिकी परंपरा की प्रशंसा करते हुए वर्तमान राष्ट्रपति की नीतियों पर निशाना साधा है। अपने गृह देश अमेरिका को संबोधित पहले प्रमुख संदेश में अप्रवासियों का स्वागत करने की अमेरिकी परंपरा की सराहना की और नागरिकों से संयुक्त राज्य अमेरिका की स्वतंत्रता की घोषणा में निहित आदर्शों पर कायम रहने का आह्वान किया। पोप के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर उनका बयान जारी किया गया। वेटिकन मीडिया ने बताया कि फिलाडेल्फिया स्थित नेशनल कॉन्स्टिट्यूशन सेंटर ने उन्हें लिबर्टी मेडल से सम्मानित किया। इस दौरान वेटिकन से वर्चुअली समारोह में शामिल पोप ने कहा कि दुनिया भर में "अमेरिका" स्वतंत्रता का पर्याय इसलिए बना क्योंकि उसने प्रवासियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ देश के संस्थापक सिद्धांतों एकता, न्याय और शांति पर पुनर्विचार करने का अवसर है। पोप ने कहा, "यह ऐतिहासिक वर्षगांठ हमें राष्ट्र के स्थापना सिद्धांतों पर फिर से विचार करने का अवसर देती है, ताकि अमेरिका उस सपने के प्रति सदैव सच्चा बना रहे जिसने उसे 'स्वतंत्र लोगों की भूमि' और 'साहसी लोगों का घर' का गौरव दिलाया।"अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ के अवसर पर पोप लियो ने शनिवार को दक्षिणी इटली के द्वीप लाम्पेदूसा का भी दौरा किया, जो उत्तरी अफ्रीका से समुद्री मार्ग से यूरोप पहुंचने वाले प्रवासियों का प्रमुख प्रवेश द्वार माना जाता है।

वहां उन्होंने हाल ही में पहुंचे प्रवासियों, इतालवी तटरक्षक बल के अधिकारियों और राहत संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और कहा कि पोप उनके साथ खड़ा है तथा उनका समर्थन और उत्साहवर्धन करता रहेगा। उन्होंने यूरोपीय नेताओं से अपील की कि वे प्रवासन के मुद्दे का दीर्घकालिक और व्यापक समाधान खोजें, जिसमें प्रवासियों का स्वागत, सुरक्षा, सहायता और समाज में समावेशन शामिल हो। साथ ही उन्होंने प्रवासियों के मूल देशों की परिस्थितियों में सुधार लाने की भी आवश्यकता बताई, ताकि लोगों को मजबूर होकर अपना देश न छोड़ना पड़े।

## दृष्टिपात

### काशी विश्वनाथ मंदिर में पीएसी जवान की कार्बाइन से चली गोली, 3 दुकानदार घायल



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के गेट नंबर-4 पर शनिवार को ड्यूटी के दौरान एक पीएसी जवान की लोडेड कार्बाइन हाथ से फिसलकर जमीन पर गिर गई। कार्बाइन गिरते ही उससे अचानक गोली चल गई, जिससे मंदिर परिसर के बाहर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गोली सीधे सड़क पर लगी। गोली के प्रभाव से सड़क की गिट्टियां उछलकर आसपास मौजूद दुकानदारों पर जा गिरीं, जिससे फूल-माला की दुकान लगाने वाले निक्की गुप्ता, रामबाबू और विकास यादव घायल हो गए। घायलों को मामूली चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए। तीनों घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति सामान्य बताई गई। घटना के बाद मंदिर के गेट नंबर-4 पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### श्रीनगर एयरपोर्ट, रनवे को हफ्ते में दो दिन बंद रखने का प्रस्ताव वापस

**श्रीनगर।** श्रीनगर एयरपोर्ट से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए एक राहत भरी खबर है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने स्पष्ट किया कि इस साल श्रीनगर एयरपोर्ट पर एयरफील्ड पूरी तरह से बंद नहीं रहेगा। श्रीनगर एयरपोर्ट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर जानकारी दी है कि एयरपोर्ट का कामकाज सभी दिन सुबह 08:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक जारी रहेगा। रनवे के रखरखाव के लिए रात में इसे बंद रखने का काम अक्टूबर 2026 तक जारी रहेगा।"एयरपोर्ट अधिकारी ने आगे बताया कि सोमवार और मंगलवार को रनवे पूरी तरह से बंद रखने के बारे में पहले जो नोटैम (नोटिस टू एयरमैन) जारी किया गया था, उसे वापस लिया जा रहा है। एयरलाइंस मौजूदा ऑपरेशन के समय के अनुसार अपने शेड्यूल को अपडेट करती रहेंगी। यात्रियों से अनुरोध है कि एयरपोर्ट जाने से पहले अपनी एयरलाइन से अपनी फ्लाइट का स्टेटस चेक कर लें और सही जानकारी के लिए केवल आधिकारिक चैनलों पर ही भरोसा करें। बता दें कि रनवे के जरूरी रखरखाव और मरम्मत के चलते जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट 1 अक्टूबर से 15 दिनों तक उड़ानों के लिए बंद रखने का फैसला लिया था।

### 1.07 करोड़ रुपए के ऑनलाइन शेयर फ्रॉड का हुआ पर्दाफाश, 6 आरोपी गिरफ्तार


**मुंबई।** मुंबई पुलिस की साइबर क्राइम ब्रांच ने एक संगठित साइबर धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो कथित तौर पर फर्जी ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग योजनाओं के माध्यम से निवेशकों से 1.07 करोड़ रुपए से अधिक की धोखाधड़ी करने में शामिल था। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान के तहत पुलिस ने छह ऐसे व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है जिन पर फर्जी निवेश के अवसरों का लालच देकर पीड़ितों को ठगने और धोखाधड़ी करने का आरोप है। साइबर पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने कथित तौर पर व्हाट्सएप ग्रुप, फर्जी ट्रेडिंग एप्लिकेशन और कई बैंक खातों के माध्यम से धोखाधड़ी की, जिसमें उन्होंने फर्जी शेयर ट्रेडिंग और आईपीओ निवेश योजनाओं के जरिए आकर्षक रिटर्न का वादा किया था। पुलिस ने बताया कि जांच में पता चला है कि यह गिरोह एक सुनियोजित नेटवर्क के रूप में काम करता था, जिसमें अलग-अलग सदस्यों को स्पष्ट रूप से भूमिकाएं सौंपी गई थीं। पहले चरण में उन व्यक्तियों की पहचान करना शामिल था जो अपने बैंक खातों की जानकारी देने के इच्छुक थे।

### लालू-राबड़ी को फिर मिली जेड सुरक्षा, बिहार सरकार के फैसले से बदले हालात



**पटना।** बिहार सरकार ने राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव और उनकी पत्नी, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को जेड कैटेगरी की सुरक्षा दी है। इससे पहले उनकी सुरक्षा कम कर दी गई थी। उन्हें बुलेटप्रूफ कारें भी दी गई हैं। राज्य सरकार द्वारा समीक्षा के बाद इस जोड़े की जेड+ सुरक्षा काफी कम कर दी गई थी। इस फैसले से ज़बरदस्त राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया था। सांकेतिक विरोध दर्ज कराने के लिए, उन्होंने उन सरकारी सुरक्षाकर्मियों को वापस कर दिया था जो उनकी सुरक्षा के लिए तैनात किए गए थे। आरजेडी ने आरोप लगाया था कि सुरक्षा में कटौती का मकसद विपक्षी नेताओं को निशाना बनाना था। पार्टी का दावा था कि बिहार में एनडीए सरकार, विपक्षी नेताओं की सुरक्षा कम करके उनके कद को घटाना चाहती थी। बाद में बिहार सरकार ने कहा कि ये बदलाव खतरे के आकलन के आधार पर की गई नियमित समीक्षा का हिस्सा थे। इस कदम के विरोध में लालू यादव के छोटे बेटे, पूर्व डिप्टी सीएम और बिहार विधानसभा में विपक्ष के मौजूदा नेता तेजस्वी यादव ने भी सरकार से मिली सुरक्षा लौटा दी थी। हालांकि, अधिकारियों ने साफ़ किया कि उनकी सुरक्षा व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं किया गया था।

### राम मंदिर चंदा मामले पर भागवत का 'राम-राम', दोषियों पर कार्रवाई की मांग



**अयोध्या।** अयोध्या में राम मंदिर के लिए मिले चंदे में कथित हेराफेरी को लेकर चल रहे विवाद के बीच, जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत से इस आरोप के बारे में पूछा गया कि कुछ लोग भगवान राम में लोगों की आस्था को कमज़ोर करने की कोशिश कर रहे हैं, तो उन्होंने शनिवार को इस पर संक्षिप्त लेकिन तीखी प्रतिक्रिया दी। जब नागपुर में पत्रकारों ने भागवत से उन दावों पर प्रतिक्रिया मांगी कि भगवान राम में भक्तों की आस्था को कम करने की कोशिशें की जा रही हैं, तो आरएसएस प्रमुख ने बस "राम-राम" कहा और आगे बढ़ गए। भागवत की यह संक्षिप्त टिप्पणी के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले के उस बयान के एक दिन बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि राम मंदिर के चंदे में कथित हेराफेरी ने राम भक्तों और आम समाज की आस्था को "गहरी चोट" पहुंचाई है, और मांग की थी कि दोषियों को कड़ी सज़ा दी जाए। शुक्रवार को एक बयान में होसाबले ने कहा कि आरएसएस कथित घटना से "बेहद दुखी और क्रोधित" है।

### हर्ष फायरिंग से महिला की मौत में अदालत ने भाजपा विधायक को सुनाई 4 साल की सजा



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में साल 2018 के न्यू ईयर सेलिब्रेशन के दौरान हुई हर्ष फायरिंग में महिला की मौत के मामले में दोषी ठहराए गए बिहार के भाजपा विधायक राजू कुमार सिंह की चार साल की सजा सुनाई गई है। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने विधायक राजू कुमार सिंह को 25 लाख रुपए का मुआवजा पीडित परिवार को देने का आदेश भी दिया है। कोर्ट ने विधायक राजू कुमार सिंह को आईपीसी की धारा 304 पार्ट 2 और 30 आर्म्स एक्ट में दोषी ठहराया था। 31 दिसंबर 2018 को न्यू ईयर पार्टी के दौरान बिहार के विधायक राजू सिंह के दिल्ली के बसंत कुंज स्थित फार्महाउस पर गोली चलने से एक महिला डॉक्टर अर्चना गुप्ता की मौत हो गई थी।इससे पहले राऊज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सजा की अवधि (क्वांटम ऑफ सेंटेंस) पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। यह मामला 31 दिसंबर 2018 की रात का है, जब दिल्ली के वसंत कुंज स्थित एक फार्महाउस में नए साल का जश्न मनाया जा रहा था। आरोप है कि इसी दौरान लाइसेंसी पिस्तौल से की गई हर्ष फायरिंग की एक गोली वास्तुकार डॉ. अर्चना गुप्ता को लग गई।





## शाह के संभावित 'प्रमोशन' से क्षत्रपों की घेराबंदी

# क्या गठबंधन व नागपुर के वीटो पर भारी पड़ेगी मोदी की नई बिसात?

**कृष्णमोहन सिंह**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल के आगामी फेरबदल को लेकर दिल्ली के सियासी गलियारों में चल रही सुगबुगाहट महज मंत्रियों के विभागों को बदलने की कसरत नहीं है, बल्कि यह 2024 के बाद बदली हुई परिस्थितियों में भारतीय जनता पार्टी की 'भविष्य की सल्तनत' का नया खाका है। सबसे बड़ी और गंभीर चर्चा गृह मंत्री अमित शाह को आधिकारिक तौर पर डिप्टी पीएम (उप-प्रधानमंत्री) बनाने की संभावना को लेकर है। पहली नज़र में यह एक पदोन्नति लग सकती है, लेकिन इसके राजनीतिक निहितार्थ इतने गहरे हैं कि इसकी गूंज लखनऊ से लेकर पटना, हैदराबाद और नागपुर के संघ मुख्यालय तक सुनाई दे रही है। यह दिल्ली का एक ऐसा शांत लेकिन अचूक प्रहार है, जो बिना किसी शोर के बड़े-बड़ों के वजूद को सीमित करने की क्षमता रखता है।

**उत्तराधिकार की लक्ष्मण रेखा व राजनाथ सिंह का मौन सिंड्रोम**

भाजपा में यह सर्वविदित है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद सबसे शक्तिशाली चेहरा अमित शाह ही हैं। लेकिन 'अघोषित' और 'संवैधानिक' होने में एक बड़ा मनोवैज्ञानिक फर्क होता है।यदि अमित शाह को डिप्टी पीएम का पद मिलेगा ,तो सीधे तौर पर लालकृष्ण आडवाणी के दौर की याद दिलाएगा । यह कदम देश, सरकार व पार्टी को यह साफ संदेश देने के लिए है कि मोदी के बाद कमान किसके हाथ में होगी।लेकिन यह फैसला जितना शाह का कद बढ़ाएगा, उतना ही पार्टी के सबसे वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की पारंपरिक वरिष्ठता को एक झटके में पीछे छोड़ देगा। यह एक तरह से भविष्य के उन सभी महत्वाकांक्षी चेहरों के सामने खींच दी गई लक्ष्मण रेखा है, जो खुद को इस रेस में देख रहे थे।

**क्षत्रपों की घेराबंदी: जब कद नहीं, विकल्प छोटे कर दिए जाते हैं-**

इस रणनीतिक बिसात के पीछे क्षेत्रीय और स्वतंत्र कद्दावर नेताओं को 'संतुलित' यानी नियंत्रित करने की एक मूक कला छिपी है:

- **योगी आदित्यनाथ (उप्र): अपनी स्वतंत्र छवि, कड़क प्रशासन और हिंदुत्व के सबसे बड़े पोस्टर बॉय के रूप में योगी आदित्यनाथ को मोदी का स्वाभाविक वैचारिक उत्तराधिकारी माना जाता रहा है। केंद्र में शाह को आधिकारिक नंबर-2 घोषित करके दिल्ली यह साफ कर देना चाहती है कि भविष्य का पावर स्ट्रक्चर किसके पास रहेगा। हालांकि, यूपी के हालिया घटनाक्रमों में जिस तरह योगी ने संगठन के सामने अपनी पकड़ और तेवर मजबूत रखे हैं, उसे देखते हुए यह कदम दिल्ली बनाम लखनऊ के टकराव को शांत करने के बजाय एक नई अंडरकरंट (आंतरिक संघर्ष) को जन्म दे सकता है।**
- **नितिन गडकरी व देवेंद्र फडणवीस: संघ के बेहद करीबी और अपने काम के बूते विपक्ष में भी पैठ रखने वाले नितिन गडकरी हमेशा से एक स्वतंत्र धुरी रहे हैं। शाह का आधिकारिक रूप से कद बढ़ना, गडकरी जैसे वरिष्ठ नेताओं के प्रभाव को दिल्ली के समीकरणों में एक पायदान नीचे धकेल देगा। वहीं, महाराष्ट्र की उलझी राजनीति से जूझ रहे देवेंद्र फडणवीस के लिए भी यह संदेश होगा कि राष्ट्रीय स्तर पर फैसले लेने का एकाधिकार अब केवल एक ही जोड़ी के पास सुरक्षित रहेगा।**

**बैसाखियों पर 'मास्टर स्ट्रोक': क्या मानेंगे नीतीश और नायडू?**

यहाँ सबसे बड़ा पेंच और तथ्य यह है कि यह 2019 की प्रचंड बहुमत वाली भाजपा नहीं है। यह 'एनडीए 3.0' की गठबंधन सरकार है, जहाँ सत्ता की चाबी नीतीश कुमार (जदयू) और चंद्रबाबू नायडू (टीडीपी) के हाथों में है। अमित शाह की छवि एक बेहद कड़क, आक्रामक और प्रादेशिक राजनीति में दखल देने वाले रणनीतिकार की रही है।

नीतीश कुमार खुद अतीत में कई बार डिप्टी पीएम पद की आकांक्षा रख चुके हैं। ऐसे में क्या ये क्षेत्रीय क्षत्रप अमित शाह को आधिकारिक तौर पर डिप्टी पीएम के रूप में सहजता से स्वीकार करेंगे? यदि दिल्ली यह कदम उठाती है, तो यह सहयोगियों को यह बताने की सीधी कोशिश होगी कि सरकार भले ही गठबंधन की हो, लेकिन धमक और कमान पूरी तरह भाजपा की ही रहेगी। यह एक बड़ा जुआ भी साबित हो सकता है।

**नागपुर व दिल्ली: समर्पण या 'रणनीतिक फ्री हैंड'?**

सबसे गंभीर सवाल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका को लेकर उठता है। क्या आरएसएस ने घुटने टेक दिए हैं?सच्चाई घुटने टेकने जैसी सतही नहीं है। संघ जैसी संस्था किसी व्यक्ति के सामने आत्मसमर्पण नहीं करती, लेकिन वह इस कड़वे सच को स्वीकार कर चुकी है कि चुनावी राजनीति में 'ब्रांड मोदी' और 'शाह का संगठन कौशल' ही भाजपा की सत्ता की जीवन रेखा हैं। संघ ने मोदी-शाह को 'फ्री हैंड'मजबूरी में नहीं, बल्कि अपने तीन बड़े वैचारिक एजेंडों (धारा 370, राम मंदिर और यूसीसी की सुगबुगाहट) के पूरा होने के इनाम के रूप में दिया है। हालांकि, 2024 के चुनाव परिणामों के बाद संघ के शीर्ष नेताओं (जैसे मोहन भागवत) के बयानों में जो 'अहंकार से बचने' की नसीहतें थीं, वे बताती हैं कि संघ पूरी तरह मूकदर्शक नहीं है। लेकिन यह भी कड़वा सच है कि आज का संघ, वाजपेयी के दौर जैसा वीटो पावर नहीं रखता। नागपुर अब दिल्ली को नियंत्रित नहीं कर रहा, बल्कि दिल्ली की राजनीतिक सफलताओं को देखकर व्यावहारिक रूप से मौन रहने पर सहमत है।यदि यह कैबिनेट फेरबदल अमित शाह को डिप्टी पीएम के पद तक ले जाता है, तो यह भारतीय राजनीति का वह 'चेकमेट' होगा जहां मोहरे अभी पिच पर ही होंगे, लेकिन खेल का विजेता पहले ही घोषित हो चुका होगा। देखना यह होगा कि यह 'मास्टर स्ट्रोक' पार्टी को एक नई दिशा देगा या फिर इसके अंदरूनी विरोधाभासों और दरारों को और अधिक चौड़ा कर देगा।

# भारत सेमीकंडक्टर हब बनने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा : पीएम मोदी

**एजेंसी । साणंद (गुजरात)**



**शिलान्यास से उत्पादन तक का सफर**

- 2024 में पीएम ने किया था शिलान्यास
- अगस्त 2025 में टेस्टिंग चिप का काम शुरू हुआ
- अब प्लांट का विधिवत उद्घाटन और उत्पादन शुरू

**हर साल 20 करोड़ चिप्स का लक्ष्य**

- संयंत्र से सालाना करीब 20 करोड़ चिप्स उत्पादन की उम्मीद
- कंपनी जल्द लक्ष्य हासिल करने की दिशा में काम कर रही है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के साणंद में सीजी सेमी की ओएसएटी सुविधा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह परियोजना भारत के सेमीकंडक्टर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और यह साबित करती है कि देश जिस लक्ष्य का संकल्प लेता है, उसे पूरा करके दिखाता है। प्रधानमंत्री ने कहा, "पांच वर्ष पहले भारत ने वैश्विक सेमीकंडक्टर हब बनने का संकल्प लिया था। 'डिजाइन इन इंडिया' और 'मेक इन इंडिया' के विजन के साथ देश लगातार आगे बढ़ा है और आज तीसरे सेमीकंडक्टर प्लांट में व्यावसायिक स्तर पर चिप पैकेजिंग का उत्पादन शुरू होना इस संकल्प के साकार होने का प्रमाण है। वर्ष 2024 में उन्हें इस संयंत्र का शिलान्यास करने का अवसर मिला था। इसके बाद अगस्त 2025 में यहां टेस्टिंग चिप का काम शुरू हुआ और अब इसका विधिवत उद्घाटन हो गया है। शिलान्यास से उत्पादन तक का यह सफर हजारों लोगों की मेहनत, समर्पण और तकनीकी क्षमता का परिणाम है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "सीजी सेमी का यह प्लांट भारत, जापान और थाईलैंड के औद्योगिक साझेदारों के साझा प्रयासों का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह केवल एक व्यावसायिक परियोजना नहीं, बल्कि तकनीक, विश्वास और वैश्विक साझेदारी का ऐसा मॉडल है, जो भारत की सेमीकंडक्टर यात्रा को नई गति देगा और देश को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में मजबूत स्थान दिलाएगा। उन्होंने बताया, "इस संयंत्र से हर वर्ष लगभग 20 करोड़ चिप्स का उत्पादन होने की उम्मीद है। कंपनी जल्द ही इस लक्ष्य को हासिल करेगी। 'सेमिकॉन इंडिया' कार्यक्रम अब तेज गति से आगे बढ़ रहा है और भारत चरणबद्ध तरीके से इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण के हर क्षेत्र में अपनी क्षमता मजबूत कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, "भारत में सेमीकंडक्टर उद्योग का विस्तार अचानक नहीं हुआ है, बल्कि यह पिछले एक दशक में आई इलेक्ट्रॉनिक्स क्रांति का अगला चरण है। पहले देश में इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के निर्माण पर जोर दिया गया, फिर उनके कंपोनेंट्स का उत्पादन बढ़ा और अब सेमीकंडक्टर निर्माण की दिशा में भी भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## चीन के लिए हथियारों का 'गेटवे' बना पाकिस्तान : रिपोर्ट में दावा

**वाशिंगटन ।** चीन अपने रणनीतिक हित साधने के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल एक माध्यम के रूप में कर रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान और लीबियाई नेशनल आर्मी के बीच 16 जेएफ-17 लड़ाकू विमानों, प्रशिक्षण विमानों और अन्य सैन्य उपकरणों से जुड़ा 4 अरब डॉलर से अधिक का रक्षा सौदा इसी रणनीति का उदाहरण है। अमेरिका स्थित थिंक टैंक 'मिडिल ईस्ट फोरम' की एक रिपोर्ट में चीन को लेकर ये खुलासा किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस सौदे से लीबिया पर संयुक्त राष्ट्र के हथियार प्रतिबंध कमजोर पड़ सकते हैं, देश के आंतरिक संघर्ष का सैन्य संतुलन बदल सकता है और क्षेत्रीय भू-राजनीतिक तनाव बढ़ सकता है।

## दमन की बरसी पर चीन में ऑनलाइन सख्ती इमोजी और संवेदनशील पोस्ट हुए प्रतिबंधित

**एजेंसी । कम्पाला**

चीन में तियानमेन स्क्वायर दमन की 37वीं बरसी के दौरान डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर सेंसरशिप और सख्त कर दी गई। रिपोर्ट्स के अनुसार, चीनी अधिकारियों ने केवल राजनीतिक सामग्री ही नहीं, बल्कि उन प्रतीकों और संकेतों पर भी निगरानी बढ़ा दी जो स्मरण और विरोध के रूप में इस्तेमाल किए जाते हैं। इन प्रतीकों में नंबर, मोमबत्तियां, चित्र और इमोजी शामिल हैं, जिसका ऑनलाइन इस्तेमाल कर लोग मृतकों को श्रद्धांजलि देते हैं और अपना विरोध दर्ज कराते हैं। अफ्रीकी देश युगांडा के मीडिया आउटलेट पीएमएल डेली की रिपोर्ट के अनुसार, "4 जून को चीन में ऑनलाइन सेंसरशिप में अचानक तेजी देखी गई। कई उपयोगकर्ताओं ने बताया कि उनके खातों पर रोक लगाई गई या सोशल मीडिया के कई फीचर्स अस्थायी रूप से बंद कर दिए गए। रिपोर्ट में कहा गया कि यह सेंसरशिप केवल स्पष्ट राजनीतिक सामग्री तक सीमित नहीं थी, बल्कि सामान्य शब्दों, संख्याओं और प्रतीकों को भी निशाना बनाया गया। इसका उद्देश्य किसी भी तरह की स्मृति या प्रतीकात्मक विरोध को रोकना बताया गया है। विशेषज्ञों और पूर्व प्लेटफॉर्म कर्मचारियों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया कि चीन में एल्गोरिद्म आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम लगातार मजबूत हो रहा है, जो संदर्भ की परवाह किए बिना संभावित संवेदनशील सामग्री को ब्लॉक कर देता है।







## उपराज्यपाल ने अमरनाथ यात्रा के प्रबंधन की समीक्षा की, वैध पंजीकरण के बाद ही यात्रा करने की अपील



**श्रीनगर ।** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने अमरनाथ यात्रा के समग्र प्रबंधन और जमीनी स्थिति का आकलन करने के लिए शनिवार को एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने तीर्थयात्रियों से अपील की है कि वे वैध पंजीकरण प्राप्त करने के बाद ही यात्रा शुरू करें। उपराज्यपाल ने यात्रा के सुचारू और सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए तीर्थयात्रियों की आवाजाही, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, आवास, पंजीकरण स्थिति और अन्य तार्किक पहलुओं की समीक्षा की।

## बांग्लादेश के लिए पाकिस्तान का भाईचारे का संदेश महज दिखावा, जमीनी हकीकत अलग?



**ढाका ।** पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच हाल के दिनों में बढ़ती कूटनीतिक नजदीकियां उस मानवीय त्रासदी के बिल्कुल विपरीत दिखाई देती हैं, जो कराची की मछर कॉलोनी और मूसा कॉलोनी जैसी तंग और खुले नालों वाली झुग्गी बस्तियों में सामने आ रही है। यहां अनुमानित 30 लाख बांग्लादेशी मूल के बंगाली ऐसे हालात में रह रहे हैं, जिनकी तरफ न तो सरकार का ध्यान है और न ही नगर प्रशासन का। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तानी धरती पर पैदा होने और आधी सदी से ज्यादा समय से वहां रहने के बावजूद, सरकार उनके साथ गलत बर्ताव करती है।

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों को जबरन ईशनिंदा का आरोप लगा फंसाया जा रहा : मानवाधिकार संगठन

- **सोशल मीडिया आरोप के बाद भीड़ पुलिस कार्रवाई और सामाजिक दबाव**
- **एफआईआर में सोशल मीडिया पोस्ट फोन जब्ती और साइबर कानून का जिक्र**

**एजेंसी । ढाका**




बांग्लादेश में अल्पसंख्यक अधिकारों पर काम करने वाले एक प्रमुख संगठन ने शनिवार को चेतावनी दी कि देश में ईशनिंदा (ब्लासफेमी) के आरोपों का इस्तेमाल अल्पसंख्यकों के खिलाफ "हथियार" के रूप में किया जा रहा है। ह्यूमन राइट्स कांग्रेस फॉर बांग्लादेश माइनॉरिटीज (एचआरसीबीएम) ने कहा कि जनवरी से जून के बीच ऐसे 17 मामले दर्ज किए गए हैं, जो एक "खतरनाक पैटर्न" को दर्शाते हैं। संगठन के अनुसार, "हाल ही में सुनामगंज जिले के ताहिरपुर उपजिला में हिंदू अल्पसंख्यक युवक दीप्तो राय पर लगाए गए ईशनिंदा के आरोप ने इस प्रवृत्ति को फिर उजागर किया है। संगठन ने कहा कि सोशल मीडिया पर आरोप सामने आते ही भीड़ जुट जाती है, पुलिस कार्रवाई करती है, और डिजिटल फोरेंसिक जांच पूरी होने से पहले ही आरोपी और उसके परिवार पर भारी सामाजिक दबाव बन जाता है। एचआरसीबीएम ने पीड़ित परिवार और प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से कहा कि यह आरोप "झूठा और आधारहीन" था।

एफआईआर का हवाला देते हुए संगठन ने बताया कि मामले में सोशल मीडिया पोस्ट, पुलिस हिरासत, मोबाइल फोन जब्ती और साइबर कानून से जुड़े प्रावधान शामिल हैं, लेकिन गिरफ्तारी के समय यह स्पष्ट नहीं था कि संबंधित सामग्री वास्तव में आरोपी ने पोस्ट की थी या उसका नियंत्रण उसी के पास था। संगठन ने कहा कि इस घटना के बाद आरोपी के परिवार, उनकी आजीविका और स्थानीय धार्मिक स्थल पर भी हमले और दबाव की स्थिति बनी।

## राज्यपाल ने श्री हनुमान मंदिर में की पूजा-अर्चना

# 'श्री राम वाटिका' सामुदायिक हॉल का किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

- मंदिरों को आध्यात्मिक चेतना, सेवा और सामाजिक समरसता का केंद्र बताया।
- भगवान श्रीराम और हनुमान के सेवा, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया।



**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शनिवार को रांची के महात्मा गांधी मार्ग स्थित श्री हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने राज्य के सभी नागरिकों के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की। पूजा-अर्चना के बाद राज्यपाल ने मंदिर परिसर में नवनिर्मित वातानुकूलित सामुदायिक हॉल 'श्री राम वाटिका' का उद्घाटन भी किया।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि मंदिर केवल पूजा-अर्चना के स्थान नहीं हैं, बल्कि आध्यात्मिक चेतना, सेवा-भाव, सामाजिक समरसता और भारतीय संस्कारों के संवर्धन के महत्वपूर्ण केंद्र भी हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि 'श्री राम वाटिका' धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों के साथ-साथ जनसेवा के विविध कार्यों का एक प्रेरणादायी केंद्र बनेगी।

राज्यपाल ने कहा कि महात्मा गांधी मार्ग स्थित श्री हनुमान मंदिर वर्षों से जन-आस्था, सेवा और सामाजिक समरसता का प्रमुख केंद्र रहा है। यहां धार्मिक आयोजनों के अलावा समाजहित के अनेक कार्य लगातार संचालित होते रहे हैं। राज्यपाल ने इस जनोपयोगी सामुदायिक हॉल के निर्माण के लिए श्री हनुमान मंदिर समिति, पंजाबी हिंदू बिरादरी तथा सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान श्रीराम और प्रभु हनुमान का जीवन सेवा, समर्पण, विनम्रता और कर्तव्यनिष्ठा का आदर्श प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि शक्ति तभी सार्थक है, जब उसमें विनम्रता हो, ज्ञान तभी श्रेष्ठ है, जब उसमें सेवा का भाव हो और जीवन तभी सफल माना जाता है, जब वह लोकमंगल के लिए समर्पित हो। राज्यपाल ने गोस्वामी तुलसीदास की प्रसिद्ध पंक्तियों "परहित सरिस धरम नहि भाई, पर पीड़ा सम नहि अधमाई" का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में परोपकार और सेवा को सर्वोच्च धर्म का स्थान दिया गया है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इन आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश अपनी सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। ऐसे धार्मिक और सामाजिक केंद्र समाज में सेवा, सहयोग, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### संस्कार और सेवा से राष्ट्र निर्माण करें युवा : राज्यपाल

राज्यपाल ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने जीवन में सेवा, अनुशासन और संस्कारों को प्राथमिकता दें तथा समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि यदि युवा पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ी रहेगी, तो समाज और राष्ट्र दोनों अधिक सशक्त, जागरूक और संस्कारित बनेंगे। अपने संबोधन के अंत में राज्यपाल ने सभी श्रद्धालुओं से प्रेम, सद्भाव, सहयोग और सेवा की भावना को जीवन का हिस्सा बनाने की अपील करते हुए कहा कि यही भगवान श्रीराम और प्रभु हनुमान के जीवन का वास्तविक संदेश है।

## विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री का रांची आगमन आज

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** विप्र फाउंडेशन जॉन- 6 के प्रदेश की नवगठित कार्यकारिणी का पदभार ग्रहण समारोह एवं स्वागत तथा अभिनंदन का कार्यक्रम 5 जुलाई 2026 रविवार को दिन में 11:00 बजे हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन के द्वितीय तल के सभागार में आयोजित किया गया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय संगठन महामंत्री सीए डॉ सुनील शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में बम्बई से हमारे बीच पधार रहे है । उनकी उपस्थिति में विप्र फाउंडेशन जॉन- 6 के प्रदेश की नवगठित कार्यकारिणी का पदभार ग्रहण समारोह एवं स्वागत तथा अभिनंदन का कार्यक्रम रखा गया है इस उपलक्ष पर झारखंड, ओड़िसा, बंगाल, सहित झारखंड के कई जिलों से बिप्र फाउंडेशन के पदाधिकारीयो व सदस्यों का आगमन होगा। बिप्र फाउंडेशन जॉन - 6 के प्रदेश अध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा ने झारखंड के सभी जिलों के बिप्र बंधुओ से आयोजन में शामिल होने का आग्रह किया है। वही स्वागत और अभिनंदन समारोह समिति से जुड़े प्रमोद सारस्वत ने रांची के सभी बिप्र बंधुओ से कल दिन में 11:00 बजे मारवाड़ी भवन के द्वितीय स्थल सभागार में नवगठित कार्यकारिणी के पदभार ग्रहण समारोह में शामिल होने का आग्रह किया है।

## यौन उत्पीड़न के आरोपित को आजीवन कारावास

**रांची।** नाबालिग से यौन उत्पीड़न के आरोपित सुशील एक्का को पॉक्सो की विशेष कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उसपर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। पॉक्सो की विशेष कोर्ट ने मामले में शनिवार को आरोपित को सजा सुनाई। जेल में रहकर आरोपित सुशील एक्का ट्रायल फेस किया था। वह 06 मई 2025 से जेल में बंद है। बच्ची को घर में अकेली पाकर पीड़िता का यौन उत्पीड़न करने का आरोप है। घटना को लेकर डोरंडा थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मामले में सुनवाई के दौरान पीड़िता और उसकी मां ने घटना का समर्थन किया था। कोर्ट ने स्पीडी ट्रायल चलाते हुए आरोपित को सजा सुनाई।

## आजसू ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में की क्रांतिकारी पहल

# महिलाओं की राजनीति-सामाजिक भागीदारी सुनिश्चित करेंगे : सुदेश

- राज्यस्तरीय अधिवेशन "सशक्त महिला, समृद्ध महिला, स्वावलंबी महिला" के संकल्प के साथ संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने कहा है कि झारखंड में महिलाओं की राजनीतिक–सामाजिक भागीदारी सुनिश्चित करवाना पार्टी का लक्ष्य है। इसके लिए पार्टी में प्रदेश से बूथ स्तर तक महिला नेतृत्व खड़ा करने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि आजसू ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में क्रांतिकारी पहल करते हुए पंचायत चुनाव में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया है। लेकिन हेमंत सरकार महिला विरोधी है।

श्री महतो ने आज खेलगांव स्थित टाना भगत इनडोर स्टेडियम में पार्टी के सहयोगी संगठन अखिल झारखंड महिला संघ के राज्यस्तरीय अधिवेशन का उद्घाटन किया। अधिवेशन में राज्य के सभी पंचायतों से हजारों महिला प्रतिनिधियों ने भाग लिया। राज्यस्तरीय अधिवेशन "सशक्त महिला, समृद्ध महिला, स्वावलंबी महिला" के संकल्प के साथ संपन्न हुआ।

सुदेश महतो ने कहा कि हेमंत सरकार महिलाओं को छलने का काम कर रही है। राज्य में महिला सुरक्षा पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। मईया सम्मान के नाम पर चुनावी राजनीति की गई, लेकिन दो वर्ष में 18 वर्ष की हो चुकी महिलाओं का नाम सूची में नहीं जोड़ा जा रहा।

# नीति आयोग की रैंकिंग में झारखंड टॉप-3, कांग्रेस ने सरकार को दी बधाई

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अख्तर अली ने नीति आयोग द्वारा जारी फिस्कल हेल्थ इंडेक्स 2026 की रिपोर्ट में झारखंड को पूरे देश में शीर्ष तीन राज्यों (ओडिशा और गोवा के साथ) में शामिल होने और अचीवर का दर्जा प्राप्त करने पर गठबंधन सरकार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हार्दिक बधाई दी है। कांग्रेस प्रवक्ता अख्तर अली ने कहा कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि भाजपा के उस खोखले और प्रायोजित दुष्प्रचार का करारा जवाब है, जिसमें वे लगातार राज्य को आर्थिक रूप से विफल दिखाने की कोशिश कर रहे थे। कांग्रेस प्रवक्ता अख्तर अली ने भाजपा पर तीखा तंज कसते हुए कहा,जो भाजपा नेता कल तक झारखंड की वित्तीय स्थिति पर घड़ियाली आंसू बहा रहे थे और जनता को गुमराह कर रहे थे,आज नीति आयोग जो केंद्र सरकार के अधीन है की रिपोर्ट ने उनके मुंह पर ताला लगा दिया है। डबल इंजन की सरकार चलाने का दंभ भरने वाले गुजरात और महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्य भी इस इंडेक्स में झारखंड से पीछे छूट गए हैं।

## सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाएं हर योग्य व्यक्ति तक : के राजू



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू ने शनिवार को पलामू जिला के अपने संगठनात्मक दौरे के दौरान मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर पांकी प्रखंड के ग्राम पंचायत पकड़िया और तरहसी प्रखंड के तरिया गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ एक विस्तृत और सार्थक चर्चा की। बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, विधायक सुरेश बैठा और पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी सहित कई दिग्गज नेता मौजूद थे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी के राजू ने कांग्रेस के बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) को निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र के एक भी योग्य मतदाता का नाम वोटर लिस्ट से छूटना नहीं चाहिए। बीएलए हर घर तक पहुंचें और ग्रामीणों को फॉर्म भरने में उनका पूरा सहयोग करें, ताकि सभी के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा हो सके। उन्होंने प्रखंड और पंचायत अध्यक्षों को स्पष्ट रूप से निर्देश किया कि वे इस बात का विशेष ध्यान रखें कि सरकार की किसी भी जनकल्याणकारी योजना से क्षेत्र का कोई भी गरीब या योग्य व्यक्ति वंचित न रहे। मौके पर पलामू लोकसभा प्रभारी सह कांके विधायक सुरेश बैठा, पंचायत अध्यक्ष और भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चैंबर ने उद्योग और कानून व्यवस्था में सुधार के लिए दिए अहम सुझाव

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की एडमिनिस्ट्रेटिव रिफॉर्म उप-समिति की बैठक में उद्योग, व्यापार और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। समिति ने कहा कि इन पहलों से राज्य में निवेश को बढ़ावा मिलेगा और व्यापारिक माहौल अधिक अनुकूल बनेगा।

## पेज एक के शेष

### क्लासिक कोल कंस्ट्रक्शन...

हालांकि, मुकदमे की सुनवाई के दौरान पवन कुमार सिंह और अनिल कुमार वर्मा का निधन हो गया, जिसके कारण उनके विरुद्ध न्यायिक कार्यवाही समाप्त हो गई। घोटाले का खुलासा रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट (आरसीडी), जमशेदपुर के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता (एक्जीक्यूटिव इंजीनियर) विनोद कुमार ने किया था। उन्होंने मामले की सूचना सीबीआई को दी। इसके बाद केंद्रीय एजेंसी ने जांच शुरू की। जांच में आरोपियों की कथित संलिप्तता पाए जाने पर सीबीआई ने 16 फरवरी 2010 को प्राथमिकी दर्ज की। जांच पूरी करने के बाद एजेंसी ने 22 अप्रैल 2011 को विशेष अदालत में आरोपपत्र (चार्जशीट) दाखिल किया था। लंबी न्यायिक प्रक्रिया के बाद 5 अप्रैल 2018 को अदालत ने सभी आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए थे। करीब 16 वर्षों तक चली सुनवाई के बाद विशेष अदालत ने अब इस मामले में फैसला सुनाते हुए एक आरोपी को दोषी करार दिया, जबकि दूसरे आरोपी को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया।

### तीन करोड़ के टेंडर...

पार्षदों ने आरोप लगाया कि लगभग डेढ़ करोड़ रुपये का भुगतान हो चुका है, जबकि नगर निगम क्षेत्र के किसी भी वार्ड में कुत्ता पकड़ने वाली टीम नजर नहीं आई। उन्होंने खर्च की गई राशि का पूरा विवरण सार्वजनिक करने तथा कार्य का वीडियो एवं अन्य साक्ष्य प्रस्तुत करने की मांग की। वार्ड पार्षद अमित सिंह ने कहा कि जनप्रतिनिधियों की सहमति के बिना निर्णय लेना लोकतांत्रिक व्यवस्था के विपरीत है। वहीं पार्षद रौशन कुमार नाग ने कहा कि जब किसी वार्ड में कार्य दिखाई ही नहीं दे रहा है तो भुगतान किस आधार पर किया गया, इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उप महापौर मनोज सिंह ने कहा कि नगर निगम के प्रत्येक कार्य में पारदर्शिता आवश्यक है। यदि भुगतान हुआ है तो उसके अनुरूप कार्य का प्रमाण भी उपलब्ध कराया जाना चाहिए। महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि यदि कुत्ता पकड़ने का कार्य हुआ है तो उसका पूरा रिकॉर्ड और वीडियो पार्षदों के समक्ष रखा जाए। यदि अनियमितता हुई है तो मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। नगर आयुक्त रंजीत लाल ने कहा कि बैठक के दौरान विरोध की जानकारी उन्हें मिली है। पार्षदों द्वारा उठाए गए सभी बिंदुओं की जांच कराई जाएगी और यदि किसी स्तर पर अनियमितता पाई जाती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### राज्य में तीन दिन...

किसानों, ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों तथा खुले स्थानों पर कार्य करने वाले लोगों को खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है। राजधानी रांची में शनिवार को सुबह से आसमान में बादल छाए रहे। दोपहर बाद मौसम में उतार-चढ़ाव देखने को मिला और कभी बादल तो कभी धूप का सिलसिला जारी रहा। पिछले 24 घंटों में राज्य में सबसे अधिक 51.6 मिलीमीटर वर्षा सिमडेगा जिले के बोलबा में दर्ज की गई। वहीं, अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री सेल्सियस पाकुड़ में रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे कम तापमान 21.6 डिग्री सेल्सियस लातेहार में दर्ज किया गया। शनिवार को रांची में अधिकतम तापमान 30.6 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, मेदिनीनगर (डालटनगंज) का अधिकतम 35.0 डिग्री और न्यूनतम 26.1 डिग्री सेल्सियस, जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री और न्यूनतम 27.2 डिग्री सेल्सियस, बोकारो थर्मल का अधिकतम 33.1 डिग्री और न्यूनतम 26.1 डिग्री सेल्सियस तथा चाईबासा का अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री और न्यूनतम 25.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलने, आकाशीय बिजली के दौरान खुले मैदानों और पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचने तथा मौसम विभाग की ओर से जारी ताजा चेतावनियों का पालन करने की अपील की है।


कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग)
जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार।
सभी मत्स्य पालकों के लिए सूचना

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग), झारखण्ड, राँची के राज्यादेश सं0 15 दिनांक 23.06.2026 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2026–27 में लातेहार जिले के मत्स्य पालकों को निम्नलिखित लाभुक जनित योजनाओं हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है–

तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना

| क्र0 | योजना का नाम | लघु शीर्ष 796 | लघु शीर्ष 789 | विवरणी | आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तालाबों में मत्स्य पालन से आच्छादन हेतु मत्स्य अंगुलिकाओं के क्रय में सहायता (एकड़ में) | 80 | 20 | इस योजना अंतर्गत निजी क्षेत्र के तथा बंदोबस्त सरकारी तालाबों में मत्स्य पालन से आच्छादन हेतु सीलीय स्तर पर उत्पादित मत्स्य अंगुलिका के क्रय में 50 प्रतिशत सहायता अधिकतम मो0 1875/– रु0 प्रति एकड़ औसत जलक्षेत्र लगभग 5000 मत्स्य बीज प्रति एकड़ हेतु अनुदान। | 31.10.2026 तक |
| 2 | पुराने आर0एफ0एफ0 / ओपन एरिया फार्मिंग (यूनिट में) | 2 | – | जलाशयों में स्थापित पुराने आर0एफ0एफ0 हेतु इनपुट पर मत्स्य बीज, पूरक आहार आदि पर अधिकतम मो0 25000/– प्रति यूनिट। | 31.07.2026 तक |
| 3 | मत्स्यजीवी समितियों /सदस्यों के लिए नाव (इकाई) | 4 | 1 | जलाशय/खदान स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति / सदस्यों को एक अदद् नाव के कय पर अधिकतम मो0 36000/– रु0 मात्र अनुदान। | 25.07.2026 तक |
| 4 | मत्स्यजीवी समितियों /सदस्यों के लिए गिल नेट (संख्या में) | 25 | – | जलाशयों में मछली की शिकारमाही करने वाले मत्स्यजीवी सहयोग समिति / सदस्यों /विस्थापितों तथा कोविड–19 के प्रवासी मजदूरों के लिए प्रति लाभुक अधिकतम 5 कि0ग्रा0 गिल नेट पर 90 प्रतिशत की आर्थिक सहायता देय होगा | 25.07.2026 तक |
| 5 | समेकित मत्स्य पालन | 3 ST 2 Others | – | इस योजना अंतर्गत निजी क्षेत्र के लिए मछली–सह–बत्तख पालन हेतु अ0ज0जा0 एवं महिला कोटि के लाभुकों के लिए निर्धारित इकाई लागत मो0 1,53,350/– रु0 पर 80 प्रतिशत राज्य सरकार का अंशदान। शेष अंशदान लाभुक का होगा। अन्य सभी कोटि के लाभुकों के लिए राय सरकार का अंशदान 70 प्रतिशत होगा। शेष सभी राशि लाभुक द्वारा स्वयं वहन किया जायगा। प्राथमिकता 1 ए0 अथवा उससे बड़े जलक्षेत्र के तालाबों को दी जायगी किन्तु एक स्थल/ लाभुक पर एक यूनिट (160 ducklings) ही स्वीकृत किया जायगा। | 25.07.2026 तक |
| 6 | जलाशयों/खदानों में केज अधिष्ठापन (संख्या में) | केज बैटरी अधिष्ठापन–02 सामान्य नाव–01 लाईफ जैकेट–02 | – | जलाशय स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों से आवेदन आमंत्रित। | 25.07.2026 तक |
| 7 | बायोफ्लॉक तालाब निर्माण इनपुट सहित (यूनिट में) | 3 ST 1 Others | – | इस योजना अन्तर्गत निजी जमीन पर 0.1 हेक्टेयर (एक यूनिट) के बायोफ्लॉक तालाब निर्माण (इनपुट सहित) हेतु इकाई दर मो0 14,00,000/– (चौदह लाख) रू0 मात्र है। इस हेतु अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं महिला कोटि के लाभुकों के लिए राज्य सरकार का अंशदान 80 प्रतिशत तथा शेष अंशदान लाभुक का होगा। अन्य सभी कोटि के लाभुकों के लिए राज्य सरकार का अंशदान 70 प्रतिशत तथा शेष अंशदान लाभुक का होगा। एक लाभुक को अधिकतम एक यूनिट 0.1 हेक्टेयर का लाभ दिया जायेगा। जिन लाभुकों के घर के नजदीक प्रस्तावित जमीन है तथा पूर्व से मछली पालन के कार्य से जुड़े हैं, उन्हें प्राथमिकता दी जायेगी। | 31.07.2026 तक |

नोट : उपर्युक्त योजनाओं हेतु आवेदन फार्म जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार से किसी भी कार्य दिवस में निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। लाभुकों का चयन राज्यादेश के आलोक में गठित समिति द्वारा किया जायगा।

PR 384023 Fish(26-27)D — जिला मत्स्य पदाधिकारीलातेहार।



समाहरणालय, लोहरदगा।
(समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A.)) – 2nd Floor, Block - B
Email id- dwo.lohardaga@gmail.com, meso.lohardaga@gmail.com
शुद्धि पत्र

लोहरदगा जिलान्तर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, टाटी, कैरो, मेढ़ो सेन्हा, ओनेगढ़ा पेशरार एवं खरकी, किस्को में बाह्यश्रोत के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए सुयोग कर्मियों यथा– रसोइया, मेस हेलपर, रात्री प्रहरी एवं सफाईकर्मी– सह– झाड़ूदार को दैनिक कार्य हेतु न्युनतम मजदूरी दर पर आपूर्ति हेतु सर्विस प्रोवाईडर एजेन्सी से दिनांक 08.07.2026 को पूर्वाह्न 11:30 बजे तक अल्पकालीन निविदा जिला कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा के पदनाम से आमंत्रित की गई थी। (विज्ञापन संख्या– PR No.- 383039 Lohardaga (2026-27) #D, Dated 24.06.2026)

उक्त अल्पकालीन निविदा के शर्तों में निहित क्रम सं0– I में Bidder Shall have ISO 45001:2015 (NABCB) अंकित किया गया था। जिसके स्थान पर Bidder Shall have ISO 45001:2018 (NABCB) पढ़ा जाय।

शेष विज्ञापन की शर्तें यथावत रहेंगे।

परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0, लोहरदगा।

PR 384019 Lohardaga (26-27)D



कार्यालयः असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य–चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा।
(E-mail:- cs-chatra@jharkhandmail.gov.in)&E-mail :- dpmuchatra@gmail.com

पत्रांक : 949 — चतरा, दिनांक : 03/07/2026

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला स्वास्थ्य समिति, चतरा के अन्तर्गत एन0एच0एम के तहत संविदा पर पारा चिकित्सा एवं अन्य कर्मियों की नियुक्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के विज्ञापन संख्या 05/2025 चतरा से विज्ञापन प्रकाशित किया गया था।

उक्त के क्रम में लिखित परीक्षा का अयोजन दिनांक 10.05.2026 को दो पालियों में चतरा कॉलेज चतरा में किया गया था।

उक्त के क्रम में सभी अभ्यर्थियों के अंतिम परिणाम के लिए उनके द्वारा प्राप्त शैक्षणिक योग्यता, उच्च योग्यता, लिखित परीक्षा के प्राप्त अंक के अनुसार मेधा सूची (Merit List) तैयार करते हुए अभ्यर्थीयों का चयन किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों की संपूर्ण सूची जिले के वेबसाईट www.chatra.nic.inपर देखा जा सकता है। चयनित सभी अभ्यार्थियों का प्रमाणपत्र सत्यापन (Certificate Verification) दिनांक 09.07.2026 और 10.07.2026 को समय पू0 11:00 बजें से सिविल सर्जन, चतरा के सभागार में आयोजित होनी है। चयनित सभी अभ्यर्थियों को अपने सभी प्रमाण पत्र की मूल प्रति एवं स्वअभिप्राणित छाया प्रत्रि के साथ प्रमाणपत्र सत्यापन (Certificate Verification) हेतु उक्त तिथि एवं समय पर भाग लेना सुनिश्चित करेंगें।

नोटः– संपूर्ण जानकारी जिले के वेबसाईट www.chatra.nic.inपर देखा जा सकता है।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह– मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा।

PR 384018 (Health Med Edu and Family Welfare) 26-27 (D)



उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा।
खेल–शाखा
Email id-lohardagadso@gmail.com

विज्ञापन

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक– 15.05.2026 को आयोजित District Mineral Foundation Trust के शासी परिषद की बैठक की कार्यवाही क्रम संख्या 6(iii) तथा दिनांक– 19.05.2026 को सम्पन्न प्रबंधकीय समिति से लिये गये निर्णय के आलोक में लोहरदगा जिला में खेल को बढ़ावा देने हेतु शूटिंग रेंज में प्रशिक्षण हेतु एक प्रशिक्षक/कोच की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। जिसकी विवरणी निम्नवत हैः–

| क्र0 | खेल विद्या का नाम | प्रशिक्षक पदों की संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | शूटिंग रेंज | 01 | |

इस निमित प्रशिक्षकों की नियुक्ति किया जाना है। प्रशिक्षक की नियुक्ति हेतु निम्नवत योग्यता अनिवार्य होगीः–

| क्र0 | योग्यता | प्रशिक्षण केन्द्रो हेतु |
|---|---|---|
| 1 | शैक्षणिक योग्यता | +2 (बारहवीं) पास |
| 2 | खेल उपलब्धि | संबंधित खेल में व्यक्तिगत अथवा टीप स्पर्धा में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया हो अथवा व्यक्तिगत/टीम स्पर्धा में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता/अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में न्युनतम भागीदारी के साथ 6 (छः) सप्ताह एन0आई0एस0 सर्टिफिकेट कोर्स, एम0पी0एड0,बी0पीएड0/बी0पी0ई0 अहर्ताधारी को प्राथमिकता दी जाएगी। |
| 3 | उम्र सीमा | अभ्यर्थी का न्यूनतम आयु 22 वर्ष एवं अधिकतम 50 वर्ष होना चाहिए। उम्र की गणना 01.01.2026 से होगी। |
| 4 | प्राथमिकता | संबंधित प्रशिक्षक को झारखण्ड राज्य का निवासी होना अनिवार्य है। |
| 5 | अनुभव | कम से कम तीन (03) वर्षों का प्रशिक्षण कार्य अनुभव |

- आवासीय प्रमाण पत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
- संबधित जिले में प्रशिक्षक नहीं मिल पाने पर निकटवर्ती जिला के प्रशिक्षक को प्राथमिकता दी जाएगी।
- एक वर्ष के लिए नियुक्ति की जाएगी। समिति द्वारा प्रशिक्षक के प्रदर्शन मूल्यांकन किया जायेगा, जिसके आधार पर उनकी सेवा समाप्त या नवीनीकरण किया जा सकता है।
- प्रशिक्षक की सेवा प्रति कार्य दिवस न्यूनतम 02 घंटे व अधिकतम 03 घंटे की होगी। सप्ताह में कम से कम 01 दिन (रविवार) का अवकाश होगा।

नोटः– 1. आवेदन पत्र की साथ सभी प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 10.07.2026 को समय 12:30 बजे अपराहन तक अनिवार्य रूप से जमा करने की सुनिश्चित की जाय।
1. अधिक जानकारी हेतु समाहरणालय स्थित जिला खेल कार्यालय, लोहरदगा में सम्पर्क किया जा सकता है। संपर्क नं0 7000018628/9835709128
2. इच्छुक आवेदक दिनांक–11.07.2026 को पूर्वाहन 10:30 बजे उप विकास आयुक्त, लोहरदगा के कार्यालय कक्ष में साक्षात्कार हेतु ससमय उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगें। आने जाने का यात्रा भता देय नहीं होगा।
3. उक्त विज्ञापन में किसी तरह का संशोधन या रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

जिला खेल पदाधिकारी, लोहरदगा।

PR 384010 (Lohardaga) 26-27 (D)

## रांची जिला जूनियर वुशु प्रतियोगिता आज, सभी तैयारियां पूरी

**रांची।** 4 जुलाई 2026। रांची जिला वुशु संघ के तत्वावधान में राँची जिला जूनियर वुशु प्रतियोगिता का आयोजन 5 जुलाई 2026 को वुशु हॉल, बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोराबादी, रांची में किया जाएगा। प्रतियोगिता में राँची जिले के विभिन्न विद्यालयों, क्लबों एवं प्रशिक्षण केंद्रों से बड़ी संख्या में जूनियर बालक एवं बालिका खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता के माध्यम से उभरते खिलाड़ियों को अपनी क्षमता दिखाने तथा भविष्य की राज्य एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए चयन का अवसर प्राप्त होगा। रांची जिला वुशु संघ द्वारा प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं।

## आधार सत्यापन के पश्चात झारखंड यू-23 सीनियर कुश्ती टीम की घोषणा

**रांची।** झारखंड राज्य कुश्ती संघ के द्वारा चयनित खिलाड़ियों का आधार हिस्ट्री वेरिफिकेशन के पश्चात झारखंड U-23 सीनियर पुरुष फ्रीस्टाइल, ग्रीको-रोमन एवं महिला कुश्ती टीम 2026 की घोषणा की गई। दिनांकः 10 से 12 जुलाई 2026, तक रोहतक, हरियाणा मे यह चैंपियनशिप भारतीय कुश्ती संघ के तत्वाधान में आयोजित की जा रही है। झारखंड राज्य कुश्ती संघ के महासचिव श्री रजनीश कुमार ने चयनित सभी पहलवानों को बधाई देते हुए कहा कि "राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहे खिलाड़ी कड़ी मेहनत एवं अनुशासन के साथ तैयारी करें। हमें पूर्ण विश्वास है कि झारखंड के पहलवान इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राज्य का नाम रोशन करेंगे।

## नेमार पूरे 90 मिनट खेलने को तैयार ब्राजील के कोच का एंसेलोटी का बयान

**नई दिल्ली।** ब्राजील के हेड कोच कार्लो एंसेलोटी ने कहा है कि स्टार फॉरवर्ड नेमार पूरी तरह फिट हैं एंसेलोटी ने कहा कि अगर टीम को जरूरत पड़ी तो नेमार पूरे 90 मिनट तक मैदान पर खेलने में सक्षम हैं। काफ इंजरी से उबरने के बाद नेमार ने अब तक टूर्नामेंट में सीमित भूमिका निभाई है।

### विश्व कप, एशियाई खेलों से पहले लय में लौटी भारतीय हॉकी टीम

# दमदार प्रदर्शन से बढ़ा आत्मविश्वास

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एफआईएच प्रो लीग 2025-26 का समापन शानदार प्रदर्शन के साथ किया। टीम ने यूरोपीय चरण में मौजूदा विश्व चैंपियन जर्मनी और पेरिस ओलंपिक 2024 की स्वर्ण पदक विजेता नीदरलैंड को हराया, जबकि दुनिया की तीसरे नंबर की टीम इंग्लैंड के खिलाफ दोनों मुकाबलों में कड़ी टक्कर दी। इन प्रदर्शनों ने यह संकेत दिया कि भारतीय टीम विश्व कप और एशियाई खेलों जैसे बड़े टूर्नामेंट से पहले सही समय पर अपनी सर्वश्रेष्ठ लय हासिल कर रही है।

भारतीय टीम का यह सफर तीन अलग-अलग चरणों में आगे बढ़ा। राउरकेला में खेले गए घरेलू चरण में भारत को बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद टीम ने अपनी कमजोरियों पर काम किया और होबार्ट चरण में सुधार के स्पष्ट संकेत दिए। होबार्ट में भारत ने शुरुआत स्पेन के खिलाफ 0-2 की हार से की, लेकिन इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-2 और स्पेन के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला। हालांकि दोनों मुकाबलों के शूटआउट में भारत को हार मिली। अंतिम मुकाबले में भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1-1 की बराबरी के बाद शूटआउट 3-1 से जीतकर आत्मविश्वास हासिल किया। होबार्ट चरण में भारतीय रक्षा पंक्ति ने खासा प्रभाव छोड़ा। चार मुकाबलों में टीम ने केवल छह गोल खाए, जिनमें तीन पेनल्टी कॉर्नर और तीन फील्ड गोल शामिल थे। वहीं आक्रमण में भी सुधार देखने को मिला, जहां टीम ने दो फील्ड गोल और दो पेनल्टी कॉर्नर गोल किए। जून में यूरोप चरण शुरू होने तक भारतीय टीम का प्रदर्शन लगातार बेहतर होता गया। रॉटरडैम में भारत ने जर्मनी को 3-1 और नीदरलैंड को 3-2 से हराकर टूर्नामेंट के सबसे यादगार नतीजे दर्ज किए।



## अंकिता कोंवर ने इंग्लिश चैनल रिले स्विम में इतिहास रचा



**मुंबई।** अंकिता कोंवर ने मुश्किल हालात में इंग्लिश चैनल रिले स्विम पूरी करके इतिहास रच दिया है। वह इंग्लिश चैनल रिले स्विम पूरी करने वालीं पूर्वोत्तर भारत की पहली महिला बन गई हैं। इस उपलब्धि पर अंकिता ने अपने पति मिलिंद सोमन का समर्थन के लिए शुक्रिया अदा किया है। शनिवार को अंकिता ने इंस्टाग्राम पर इस उपलब्धि की तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में बताया कि बर्फीले पानी, तेज लहरों और अनिश्चित धाराओं का सामना करने के बाद, वह छह सदस्यों वाली इंटरनेशनल रिले टीम के हिस्से के तौर पर सफलतापूर्वक फ्रांस के तट पर पहुंचीं। अंकिता ने 'इंस्टाग्राम' पर लिखा, "कल रिले में इंग्लिश चैनल में तैराकी की। मैंने खुद से किया एक वादा पूरा किया। पिछले साल, अपने जन्मदिन पर, मैं इंग्लिश चैनल स्विमिंग की शुरुआत वाली जगह तक गई थी और खुद से कहा था कि एक दिन मैं इसमें तैरूंगी। कल मैंने ऐसा कर दिखाया। खास बात है कि ये गर्ट्रूड एडरले के चैनल पार करने का 100वां साल है। वह दुनिया की पहली महिला थीं, जिन्होंने ऐसा किया था।" अंकिता ने लिखा, "साल 2026 में, मैं रिले में इसे पार करने वाली पहली असमिया महिला बनी, साथ ही खुद से एक दिन अकेले तैरने का वादा भी किया।

### मेसी के नाम जुड़ी एक और बड़ी उपलब्धि

# डिएगो माराडोना का तोड़ा रिकॉर्ड




**एजेंसी। नई दिल्ली**

फीफा वर्ल्ड कप 2026 में लियोनेल मेसी का शानदार प्रदर्शन जारी है। मेसी हर मुकाबले के साथ नया कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। काबो वर्डे के खिलाफ खेले गए राउंड ऑफ 32 मुकाबले में भी मेसी ने एक और बड़ी उपलब्धि को अपने नाम किया।

मेसी फीफा विश्व कप के इतिहास में सबसे ज्यादा असिस्ट (गोल करने में मदद) करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने पूर्व दिग्गज खिलाड़ी डिएगो माराडोना का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मेसी वर्ल्ड कप में अब कुल 9 असिस्ट कर चुके हैं, जबकि माराडोना ने अपने करियर के दौरान विश्व कप में 8 असिस्ट किए। मेसी इसके साथ ही टूर्नामेंट के इतिहास में लगातार आठ मुकाबलों में गोल करने वाले भी पहले खिलाड़ी बने। उन्होंने काबो वर्डे के खिलाफ खेले गए रोमांचक मुकाबले में एक गोल दागते हुए अर्जेंटीना को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। अर्जेंटीना के कप्तान ने काबो वर्डे के खिलाफ मैच का पहला गोल किया। उन्होंने 29वें मिनट में लिसेंड्रो मार्टिनेज से मिले बेहतरीन पास को गोल में तब्दील किया। यह मेसी का विश्व कप में 20वां गोल रहा। फीफा वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा गोल करने का रिकॉर्ड पहले ही मेसी अपने नाम कर चुके हैं। मेसी दो विश्व कप में 7 गोल करने वाले पहले खिलाड़ी भी बन गए हैं। मेसी फीफा वर्ल्ड कप 2026 में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में टॉप पर मौजूद हैं।



*एकता और लड़ने का जज्बा मेक्सिको की सफलता का कारण:* **स्ट्राइकर राउल जिमेनेज**

## भारतीय ड्रेसेज राइडर अनुष अगरवाला ने सीडीआई1 हेगन में जीता सिल्वर

**नई दिल्ली।** भारतीय ड्रेसेज राइडर अनुष अगरवाला ने जर्मनी के हेगन में 'कैवेलिएरो ड्रेसेज डेज' में सीडीआई1 प्रिक्स सेंट जॉर्जेस इवेंट में सिल्वर मेडल जीतकर अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। 'स्ट्रेट हॉर्स फ्लोरियाना' के साथ मिलकर, अगरवाला ने 70.147 प्रतिशत स्कोर हासिल किया और 22 प्रतिद्वंद्वियों के बीच दूसरा स्थान अपने नाम किया। भारतीय राइडर ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। फ्लोरियाना के साथ उनकी जोड़ी एक बार फिर निर्णायक साबित हुई और दोनों ने 70 प्रतिशत का अहम आंकड़ा पार किया। यह यूरोपियन कैंपेन में अगरवाला के लिए एक और बड़ी उपलब्धि है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के प्रमुख ड्रेसेज राइडर्स में से एक के तौर पर उनकी पहचान को और मजबूत करती है। एशियन गेम्स में टीम ड्रेसेज गोल्ड मेडलिस्ट रहे अगरवाला ने हाल ही में इस बड़े कॉन्टिनेंटल इवेंट के लिए रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर चुने जाने के बाद चयन प्रक्रिया को चुनौती दी थी। अगरवाला ने दिल्ली हाई कोर्ट में ईएफआई की एड-हॉक कमेटी और इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन के खिलाफ रिट याचिका दायर की है।

## चौथी बार फाइनल में इंग्लैंड का ऑस्ट्रेलिया से सामना

**एजेंसी। लंदन**

विमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 का फाइनल रविवार को लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जाना है। इतिहास में ऐसा चौथी बार होगा, जब खिताबी रेस में दोनों टीमें आमने-सामने होंगी। इससे पहले वे 2012, 2014 और 2018 के फाइनल में भिड़ चुकी हैं और तीनों बार ऑस्ट्रेलिया ने जीत हासिल की है। छह बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया लगातार 6 जीत के साथ टूर्नामेंट में शानदार रिकॉर्ड बनाए रखने के बाद फाइनल में मजबूत दावेदार के तौर पर उतर रही है। मार्च में एलिसा हीली के संन्यास के बाद कप्तानी संभालने वालीं सोफी मोलिनेक्स की अगुवाई में, ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज पर 8 विकेट से रौंदकर फाइनल में जगह बनाई। शानदार टीम डेप्थ इस टीम की सबसे बड़ी ताकत रही है, जिसमें एलिस पेरी, बेथ मूनी, एशले गार्डनर और जॉर्जिया वेयरहम जैसी कई मैच-विनर शामिल हैं।






## व्यापार/लाइफ व साइंस

## रिलायंस एडीए ग्रुप बैंक धोखाधड़ी मामले में पूर्व सीएफओ गिरफ्तार

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने रिलायंस एडीए ग्रुप से जुड़े कथित बैंक धोखाधड़ी मामले की जांच में बड़ी कार्रवाई करते हुए रिलायंस कैपिटल लिमिटेड के पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) अमित बापना को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। सीबीआई के अनुसार, अमित बापना अगस्त 2014 से दिसंबर 2019 तक रिलायंस कैपिटल लिमिटेड में मुख्य वित्तीय अधिकारी रहे और कंपनी के वित्तीय मामलों के प्रमुख निर्णय लेने वालों में शामिल थे।

जांच एजेंसी का आरोप है कि बापना ने यह जानते हुए भी मध्यस्थ और फर्जी (कंड्यूट) कंपनियों को ऋण मंजूर किए और उनकी सुविधा दी, जबकि यह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दिशा-निर्देशों और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से लिए गए ऋणों की स्वीकृति शर्तों के विपरीत था। सीबीआई के मुताबिक, जांच में यह भी सामने आया है कि रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल) द्वारा बैंकों से उधार ली गई राशि को इन मध्यस्थ कंपनियों के जरिए रिलायंस एडीए समूह की विभिन्न कंपनियों, जिनमें रिलायंस कैपिटल लिमिटेड, रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और रिलायंस पावर लिमिटेड शामिल हैं, तक पहुंचाया गया। इससे ऋण देने वाले बैंकों को गलत तरीके से नुकसान हुआ, जबकि आरोपियों और संबंधित संस्थाओं को अनुचित लाभ पहुंचा। सीबीआई ने बताया कि अमित बापना पहले से ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच किए जा रहे एक अन्य मामले में न्यायिक हिरासत में थे और दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद थे। वर्तमान मामले में सीबीआई ने मुंबई की विशेष सीबीआई अदालत से प्रोडक्शन वारंट हासिल कर उन्हें अदालत में पेश किया और 4 जुलाई को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया। अदालत ने पूछताछ के लिए आरोपी को चार दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया है। सीबीआई ने अब तक रिलायंस एडीए समूह से जुड़े मामलों में रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड, रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड, रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड के खिलाफ विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की शिकायतों के आधार पर सात एफआईआर दर्ज की हैं। इन मामलों की निगरानी सुप्रीम कोर्ट कर रहा है। एजेंसी ने 29 मई को रिलायंस कम्युनिकेशंस से जुड़े मामले में कंपनी, उसके पांच वरिष्ठ अधिकारियों और 10 बैंक अधिकारियों सहित कुल 16 आरोपियों के खिलाफ पहली चार्जशीट दाखिल की थी। सीबीआई के अनुसार, अमित बापना की गिरफ्तारी के साथ ही रिलायंस एडीए ग्रुप से जुड़े मामलों में अब तक छह आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## सरकार ने प्याज खरीद मूल्य में की 13 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने प्याज किसानों को राहत देते हुए सरकारी खरीद मूल्य में 13 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। अब सरकार प्याज की खरीद 2,125 रुपए प्रति क्विंटल की दर से करेगी, जबकि पहले यह कीमत 1,875 रुपए प्रति क्विंटल थी। नई दर शनिवार से लागू हो गई है। सरकार का कहना है कि इस फैसले से प्याज किसानों को बेहतर दाम मिलेंगे और मूल्य स्थिरीकरण बफर के लिए खरीद को भी मजबूती मिलेगी।

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा कि सरकार के मूल्य स्थिरीकरण बफर के लिए एनएएफईडी और एनसीसीएफ के माध्यम से प्याज की खरीद जारी है। संशोधित खरीद मूल्य किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ बफर स्टॉक तैयार करने में भी मदद करेगा। सरकार के अनुसार, 2025-26 के लिए प्याज का उत्पादन 307.37 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) रहने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष 2024-25 के 307.67 लाख मीट्रिक टन के लगभग बराबर है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के दूसरे अग्रिम अनुमान के आधार पर सरकार का मानना है कि देश में प्याज की उपलब्धता को लेकर फिलहाल कोई चिंता की बात नहीं है।

हालांकि, सामान्य मौसमी रुझान के अनुसार कीमतों में कुछ बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। मंत्रालय ने कहा कि महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और गुजरात में प्याज का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और फिलहाल संग्रहीत प्याज की कोई कमी नहीं है। देश भर की मंडियों में प्रतिदिन 50 हजार मीट्रिक टन से अधिक प्याज की आवक हो रही है, जबकि केवल महाराष्ट्र में यह आंकड़ा 30 हजार मीट्रिक टन से अधिक है, जिसमें औसत मॉडल भाव लगभग 18 रुपए प्रति किलोग्राम बना हुआ है। सरकार का कहना है कि बेहतर गुणवत्ता वाला प्याज अभी भी भंडारण में मौजूद है और इसे मांग बढ़ने वाले समय में बाजार में उतारा जाएगा। फिलहाल देश भर में प्याज का औसत खुदरा मूल्य 31 रुपए प्रति किलोग्राम है। प्याज का निर्यात भी सामान्य स्तर पर बना हुआ है। जून के दौरान लगभग 1.50 लाख मीट्रिक टन प्याज का निर्यात किया गया।